सूर्योदय 6:38 सूर्यास्त 5:30

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.4 न्यू | 20.4 अधि |
| धर्मशाला | 13.4 न्यू | 24.0 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,459.15 |
| निफ्टी | 25,597.65 |

सोना 119916 चांदी 145800

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 5 नवंबर 2025 | 21 कार्तिक, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 308, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702







# तकनीकी संस्थानों में शीघ्र भरे जाएंगे रिक्त पद : सीएम सुक्खू

## खाली पड़े 7 भवनों को लाया जाए उपयोग में, कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान करना है, ताकि उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि आज का युग कौशल आधारित शिक्षा का है और प्रदेश सरकार बाजार की मांग के अनुरूप युवाओं को प्रशिक्षित कर रही है जिससे उनकी रोजगार क्षमता बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को तकनीकी शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली की समीक्षा की और वर्ष 2018 से 2023 के बीच 126.45 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित सात भवनों के खाली पड़े होने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकारी धन का उपयोग केवल निर्माण तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इन भवनों का जनहित में सर्वोत्तम उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने विभाग को इन भवनों के उपयोग के लिए एक ठोस कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए।



शिमला में तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू।

### संस्थानों को प्रदर्शन व नामांकन के आधार पर ग्रेड देने के दिए आदेश

मुख्यमंत्री ने तकनीकी शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों और पॉलिटेक्निक कॉलेजों का मूल्यांकन छात्रों के नामांकन, प्रदर्शन और उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार तकनीकी संस्थानों में रिक्त पदों को शीघ्र भरेगी और इन संस्थानों को मजबूत बनाने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं को उभरते रोजगार क्षेत्रों के अनुरूप प्रशिक्षित करने के लिए नए पाठ्यक्रम शुरू किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने बिलासपुर जिले के बंदला स्थित हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज में एमटेक (ईवी-टेक) पाठ्यक्रम शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह कोर्स आधुनिक तकनीक की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे विद्यार्थियों को नई ऊर्जा आधारित प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अवसर प्राप्त होंगे।

### नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के प्रयास तेज

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश में नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए 'राज्य नवाचार एवं स्टार्टअप नीति-2025' तैयार कर रही है। उन्होंने बताया कि बिलासपुर जिले के घुमारवीं में डिजिटल यूनिवर्सिटी ऑफ इनोवेशन, एंटरप्रन्योरशिप, स्किल एंड वोकेशनल स्टडीज की स्थापना पर भी विचार किया जा रहा है, जिसके लिए 258 बीघा भूमि चिन्हित की गई है।

### तकनीकी शिक्षण संस्थानों में सुधार के दिए निर्देश

**मुख्यमंत्री** ने हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम और तकनीकी शिक्षा बोर्ड के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों की कार्यप्रणाली में सुधार लाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे, ताकि प्रदेश के युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और अवसर उपलब्ध हों। बैठक में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी सहित आला अधिकारी भी मौजूद रहे।

# तपोवन में 26 नवंबर से शुरू होगा विधानसभा का शीतकालीन सत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

### न्यू ईयर पर पर्यटकों की सुविधा के लिए पहले बुलाया सत्र

शिमला हिमाचल प्रदेश विधानसभा का विंटर सेशन 26 नवंबर से शुरू होगा। धर्मशाला के तपोवन में पांच दिसंबर तक चलने वाले इस सेशन में कुल 8 बैठकें होंगी। यह आज तक का सबसे लंबा विंटर सेशन होगा। इससे पहले विंटर सेशन में चार से छह बैठकें ही होती रही हैं।

यह भी पहला मौका है जब विंटर सेशन नवंबर महीने के आखिरी सप्ताह में शुरू होगा। सामान्यत: विंटर सेशन दिसंबर महीने के अंत में ही बुलाया जाता रहा है। सरकार ने कहा है कि न्यू ईयर पर टूरिस्ट्स को परेशानी न हो इसलिए इस बार सेशन जल्दी बुलाया जा रहा है। गवर्नर की मंजूरी के बाद विधानसभा सचिवालय प्रशासन ने 4 नवंबर को विंटर सेशन की तारीख तय कर दी। इसके बाद अब सभी विधायक अपने सवाल ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से विधानसभा सचिवालय प्रशासन को दे सकेंगे। इसके बाद, विधानसभा सचिवालय इन सवालों को जवाब के लिए संबंधित विभागों को भेजेगा।



अभी तक विधानसभा का विंटर सेशन दिसंबर के तीसरे या आखिरी सप्ताह में बुलाया जाता रहा है, लेकिन इस बार टूरिस्ट सीजन को देखते हुए सेशन जल्दी बुलाने का फैसला लिया गया है। विंटर सेशन के लिए पूरी सरकार शिमला से धर्मशाला जाती है, जबकि 15 दिसंबर के बाद बड़ी संख्या में टूरिस्ट भी धर्मशाला पहुंचते हैं।

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि दिसंबर के आखिरी सप्ताह में क्रिसमस और न्यू ईयर सेलिब्रेशन होता है। इस दौरान धर्मशाला में टूरिस्ट बहुत आता है। इसे देखते हुए ही जल्दी सेशन बुलाने का फैसला लिया है। विंटर सेशन की शुरुआत 26 नवंबर को सुबह 11 बजे होगी। पहले दिन शोक प्रस्ताव वगैरह पास किए जाएंगे, जबकि चार दिसंबर को विधायक प्राइवेट बिल पेश कर सकेंगे।

### सत्र के दौरान इन मुद्दों पर होगा हंगामा

**विधानसभा** के विंटर सेशन में इस बार बारिश से हुई आपदा के मुद्दे पर हंगामा देखने को मिल सकता है। मुख्य विपक्षी दल-भाजपा बार-बार कांग्रेस सरकार पर आपदा प्रभावितों की मदद में पिक एंड चूज की नीति अपनाने और प्रभावित परिवारों को राहत नहीं देने के आरोप लगा रही है। इसके अलावा रोजगार, मार्केटिंग बोर्ड और एपीएमसी में भ्रष्टाचार, महिलाओं को 1500 रुपए देने, बिगड़ती कानून व्यवस्था और धारा 118 में बदलाव जैसे मुद्दे भी इस बार सदन में उठाए जा सकते हैं।

# अब फ्लाइट टिकट कैंसिल करने पर नहीं लगेगा चार्ज



**एजेंसी, नई दिल्ली।** हवाई यात्रियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। डीजीसीए एक नए नियम पर काम कर रहा है, जिसके तहत टिकट बुकिंग के 48 घंटे के भीतर यात्री बिना किसी चार्ज के अपना फ्लाइट टिकट कैंसिल या बदल सकेंगे। इस लुक-इन पीरियड के दौरान यदि नया टिकट महंगा हो, तो केवल किराए का अंतर भरना होगा। हालांकि, यह सुविधा उन फ्लाइट्स पर लागू नहीं होगी जिनकी यात्रा बुकिंग के 5 दिन (घरेलू) या 15 दिन (अंतरराष्ट्रीय) के भीतर हो। नए नियम से यात्रियों को भारी कैंसिलेशन शुल्क और रिफंड में देरी जैसी परेशानियों से राहत मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

### कार्यकाल बढ़ाने के मामले की अब 11 को होगी सुनवाई

# एमसी शिमला मेयर मामले में हाईकोर्ट ने सरकार से किया जवाबतलब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला नगर निगम के मेयर के कार्यकाल को अढ़ाई से पांच वर्ष करने के फैसले पर अब कानूनी पेंच फंस गया है। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने इस फैसले पर राज्य सरकार, निर्वाचन आयोग और मेयर सुरेंद्र चौहान को नोटिस जारी करते हुए जवाबतलब किया है। अदालत ने कहा कि सरकार अपने निर्णय पर स्पष्ट जवाब दे। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायमूर्ति जिया लाल भारद्वाज ने मामले की सुनवाई की और 11 नवंबर अगली तारीख तय की है। इस मामले में एडवोकेट अंजलि सोनी वर्मा ने जनहित याचिका दायर की है। याचिका में कहा है कि राज्य सरकार ने अध्यादेश लाकर मेयर का कार्यकाल बढ़ाया है, जो हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम की धारा 36 के खिलाफ है। यह फैसला तय रोस्टर के विपरीत है, जिसके अनुसार अढ़ाई साल के बाद मेयर का पद महिला पार्षद के लिए आरक्षित होना चाहिए था। ऐसे में यह कदम 21 महिला पार्षदों के अधिकारों का हनन है।

### पार्षदों ने किया विरोध, निगम बैठक में भी उठा था मुद्दा

**कैबिनेट** ने 25 अक्तूबर को मेयर के कार्यकाल को बढ़ाने का निर्णय लिया था, जिसके बाद शिमला नगर निगम की बैठक में भी इस मुद्दे पर जोरदार बहस हुई। भाजपा पार्षदों के साथ-साथ कुछ कांग्रेस पार्षदों ने भी इस फैसले का विरोध किया। उनका कहना था कि सरकार ने रोस्टर प्रणाली की अनदेखी की है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने पार्षदों से बातचीत में निर्णय का समर्थन करने की बात कही थी, लेकिन विरोध अब भी थमने का नाम नहीं ले रहा।

# 8वें वेतन आयोग की शर्तों को औपचारिक मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 8वें केंद्रीय वेतन आयोग की शर्तों को औपचारिक मंजूरी दे दी है। वित्त मंत्रालय ने 3 नवंबर को आयोग की टर्म्स ऑफ रेफरेंस और सदस्यों के नामों की गजट नोटिफिकेशन जारी की। आयोग की अध्यक्ष न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई होंगी। पंकज जैन सदस्य-सचिव और प्रोफेसर पुलक घोष पार्ट-टाइम सदस्य नियुक्त किए गए हैं। अब कमीशन अपनी सिफारिशें 18 महीने के अंदर देगा। इसके बाद एक जनवरी 2026 से नया वेतन मान लागू हो सकता है।

### एक जनवरी 2026 से होगा लागू, 50 लाख से ज्यादा कर्मचारियों की बढ़ेगी सैलरी

हालांकि, पुराने ट्रेंड को देखते हुए सिफारिशों को पूरी तरह इंप्लीमेंट होने में 2028 तक का इंतजार करना पड़ सकता है, यानी कर्मचारियों को 17-18 महीने का एरियर एकमुश्त या किस्तों में मिलेगा। इससे 50 लाख कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनर्स को फायदा होगा। (अनंत ज्ञान)

# छत्तीसगढ़ में खड़ी मालगाड़ी से टकराई पैसेंजर ट्रेन; 4 की मौत, 15 घायल

**एजेंसी, बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में मंगलवार को कोरबा पैसेंजर ट्रेन और एक मालगाड़ी के बीच जोरदार टक्कर हुई। रेलवे ने 4 लोगों की मौत की पुष्टि की है, जबकि 15 लोगों का इलाज रेलवे अस्पताल में चल रहा है। इनमें बच्चे भी शामिल हैं। हादसा गटौरा स्टेशन के लाल खदान के पास हुआ है। रेलवे और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं। रेस्क्यू टीम ने अब तक कई यात्रियों को बचा लिया है। पैसेंजर ट्रेन की बोगी को गैस कटर से काटा जा रहा है जिसमें महिलाएं और बच्चे फंसे हुए हैं, जिन्हें निकाला जाएगा। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। रेलवे प्रशासन ने हादसे के तुरंत बाद मेडिकल यूनिट और डिविजनल अफसरों को मौके पर भेजा है। फिलहाल पूरे रूट पर ट्रेनों का संचालन ठप कर दिया गया है। कई एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द या रूट डायवर्ट किया गया है। रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख और घायलों को 5 लाख मुआवजे का ऐलान किया है। (अनंत ज्ञान)

# आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में लगे भूकंप के झटके

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में मंगलवार सुबह सुबह 4:19 बजे 3.7 तीव्रता का हल्का भूकंप आया। इसके झटके विशाखापत्तनम जिले में भी महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र अक्षांश 18.02ए उत्तर और देशांतर 82.58ए पूर्व पर था। वहीं, मंगलवार सुबह 7.49 बजे कर्नाटक के विजयपुरा जिले में भी 2.9 तीव्रता का भूकंप आया।

# बिहार विस चुनाव के पहले चरण का प्रचार थमा, मतदान कल

**एजेंसी, पटना।** मंगलवार यानी 4 नवंबर को कैंपेनिंग का आखिरी दिन था और शाम के 5 बजते ही चुनावी शोर भी थम गया। अब 6 नवंबर को 18 जिलों की 121 सीटों पर वोटिंग होगी, जिसमें पांच विधानसभा क्षेत्रों सहित सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र के 56 बूथों पर मतदान सुबह सात से शाम पांच बजे तक मतदान होगा, जबकि बाकी अन्य विधानसभा क्षेत्रों में सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा।

चुनाव आयोग के अनुसार, बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के चुनाव को लेकर मतदान दिवस छह नवंबर को सवैतनिक अवकाश रहेगा। इसके तहत किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थानों पर नियोजित हरेक व्यक्ति को जो मतदान करने का अधिकार है उसके लिए सवैतनिक अवकाश मंजूर किया जाएगा। मतदान के लिए 12 दस्तावेज मान्य हैं, इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों-डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड-आयुष्मान भारत हेल्थ कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के तहत आरजीआई का स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और यूडीआइडी कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- लापरवाही से गाड़ी चलाने पर दो की मौत, 4 गंभीर घायल — पेज 2
- 180 छात्राओं को लगी सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन — -पेज 7
- रिवालसर में पिछले 15 दिनों से वार्ड नंबर 2 और 3 में पेयजल आपूर्ति ठप — -पेज 9
- बंगाणा की पंचायतों में विकास को मिलेगी नई रफ्तार — -पेज 10
- मेक्सिको में ड्रग माफिया पर एयर स्ट्राइक करेगा अमेरिका — -पेज 13





## न्यूज ब्रीफ

### एमसी परिसर में जगदेव चंद को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नगर निगम के बाहर स्थापित स्व. ठाकुर जगदेव चंद की प्रतिमा पर भाजपा शहरी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अजमेर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में माला अर्पित कर नमन किया गया। इसके बाद भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।

### शराब के नशे में उत्पात मचाने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत ग्राम छत्रैल में सोमवार रात्रि शराब के नशे में उत्पात मचाने और अशांति फैलाने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस दल को 112 हेल्पलाइन के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम छत्रैल में एक व्यक्ति शराब के नशे में हंगामा कर रहा है। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो पाया गया कि अनिल कुमार पुत्र नथू राम अपने परिजनों को गाली-गलौच कर रहा था। आरोपी ने इंटें फेंककर संपत्ति को क्षति पहुंचाई तथा आत्म-हानि का भी प्रयास किया। स्थिति को नियंत्रित करते हुए पुलिस ने आरोपी को अपराध निरोधक धारा 126/170 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत रात्रि 11:15 बजे नियमानुसार गिरफ्तार किया। चिकित्सकीय परीक्षण में आरोपी का नशे में होना प्रमाणित पाया गया। इसके पश्चात उसे भोरंज थाना हवालात में सुरक्षित रखा गया। मामले की पुष्टि एसएचओ भोरंज प्रशांत सिंह ने की है।

### भोरंज, टूह में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज विद्युत उपमंडल के अधीन आने वाले क्षेत्रों में 11 केवी भोरंज फीडर की मुरम्मत तथा पेड़ों की काट-छांट का कार्य किया जाएगा। इस कारण दिनांक 5 नवंबर को भोरंज, टूह, भ्याड़, डुंगरी, बलोर सुंगरवाड़, पीधड़ता, समलोग आदि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। सहायक अभियंता वीरेंद्र ने बताया कि यदि 5 नवंबर को मौसम खराब रहता है, तो यह कार्य अगले दिन 6 नवंबर को किया जाएगा। उन्होंने आम जनता से इस कार्य में सहयोग करने की अपील की है।

### 9 को मातृशक्ति को सम्मानित करेंगे जयराम

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिषेक राणा ने चंडीगढ़ में हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष श्री जयराम ठाकुर से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें 9 नवंबर को सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के सराहकड़ पंचायत में आयोजित 'महिला सम्मान समारोह' में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। श्री जयराम ठाकुर ने निमंत्रण सहर्ष स्वीकार किया। अभिषेक राणा ने ट्रस्ट द्वारा सामाजिक सेवा और स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी दी, जिसमें जरूरतमंदों को समय पर सहायता, गंभीर बीमारियों के मरीजों को दवा और आर्थिक मदद, तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जाँच शिविर शामिल हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने इन प्रयासों की सराहना की। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा, जो पूरी तरह 'मातृशक्ति' को समर्पित रहेगा।

### स्वयंसेवियों ने सुजानपुर में निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा की एनएसएस इकाई द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी अभियान के तहत नशा निवारण रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. विभा ठाकुर ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और छात्रों से नशे से दूर रहने व राष्ट्रीय एकता बनाए रखने का आह्वान किया। स्वयंसेवियों ने सुजानपुर बाजार में नारे लगाकर जनमानस को जागरूक किया। इसके बाद चौगान में पौधारोपण हेतु गड्ढे तैयार किए गए और स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शशि शर्मा, प्रो. निर्मला सहित 65 स्वयंसेवियों ने भाग लिया।

### प्रबंधन पर लगाया भेदभाव का आरोप

**अनंत ज्ञान, नादौन।** विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम इकाई नादौन की बैठक गगाल में अध्यक्ष राजकुमार चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष भगत राम, सचिव विधि चंद सनोरिया, कोषाध्यक्ष पृथ्वी चंद सहित अनेक पेंशनर्स ने भाग लिया। फोरम ने विद्युत बोर्ड प्रबंधन पर वित्तीय लाभों के वितरण में पिक एंड चूज नीति अपनाने और भेदभावपूर्ण रवैया बरतने का आरोप लगाया। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने कहा कि 1 जनवरी, 2016 के बाद सेवानिवृत्त पेंशनर्स को 2022 के आदेशों के अनुसार बकाया राशि की पहली किस्त व ग्रेच्युटी का 20 प्रतिशत हिस्सा अभी तक नहीं मिला है। 70 से 75 वर्ष की आयु वर्ग के पेंशनर्स को भी 30 प्रतिशत बकाया राशि नहीं दी गई। उन्होंने वित्तीय अनियमितताओं की न्यायिक जांच की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो फोरम राज्यस्तरीय संघर्ष की रूपरेखा तैयार करेगा।

### भूकंप सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी विद्यालय, विकासनगर में चल रहे एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन और प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया गया। यह सत्र एनडीआरएफ टीम के सब इंस्पेक्टर आदर्श गोटियाल के नेतृत्व में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को सीपीआर, ब्लीडिंग नियंत्रण, स्ट्रेचर निर्माण और भूकंप सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने इन गतिविधियों में प्रत्यक्ष अभ्यास किया और आपात स्थिति में त्वरित सहायता देने के गुर सीखे। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी रोहित अग्निहोत्री, हरीश शर्मा, दीपशिखा एवं मंजू ठाकुर उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य इं. नैना लखनपाल ने एनडीआरएफ टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ समाज सेवा की भावना को भी मजबूत करते हैं।

### स्वयंसेवियों से किया साहित्यिक संवाद

**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुटियारा में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के दौरान प्रसिद्ध साहित्यकार और संसाधन व्यक्ति डॉ. नीरज पखरोलवी ने स्वयंसेवियों के साथ साहित्यिक संवाद किया। उन्होंने कहा कि साहित्य हमारे विचारों को दिशा देता है, संवेदनशील बनाता है और समाज से जोड़ता है। इसलिए छात्रों को अपनी रुचि के अनुसार लेखन में प्रयास करना चाहिए, चाहे कुछ पंक्तियाँ ही क्यों न लिखी जाएं, क्योंकि लेखन आत्म-अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। इस सत्र में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार भी उपस्थित रहे और स्वयंसेवियों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

### विपुल भाटिया का स्कूल में भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के सीनियर सेकेंडरी स्कूल चोड़ू के बॉलीबाल खिलाड़ी विपुल भाटिया का राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने के बाद स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। स्कूल प्रिंसिपल सुनील कुमार शर्मा ने विपुल को विजय मंच पर बुलाकर सम्मानित किया और पीटीआई पंकज कुमार की मेहनत की भी सराहना की, जिन्होंने विपुल की प्रतिभा को निखारा। उन्होंने बताया कि विपुल भाटिया ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होकर चंबा में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्कूल का प्रतिनिधित्व किया और शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विपुल के परिवार को भी बधाई दी गई और उनके प्रयासों को स्कूल के लिए गर्व की बात बताया गया।

### मानसिक तनाव के लक्षणों की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कुठेड़ा स्कूल में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कार्यालय द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मनोचिकित्सा एवं काउंसलर शीतल वर्मा ने छात्रों को मानसिक तनाव के लक्षणों, नियंत्रण और प्रबंधन के तरीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परीक्षा और करियर चुनौतियों के समय तनाव होना सामान्य है, लेकिन इसे नियंत्रित कर जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है। बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनीता शर्मा ने सकारात्मक भाषा और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने की सलाह दी। प्रधानाचार्य राजेश चंद ने विभाग का आभार व्यक्त करते हुए नियमित ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता पर जोर दिया।

# अंतरराष्ट्रीय-राष्ट्रीय विजेता खिलाड़ियों को दिए 14.50 करोड़ के इनाम : गोमा

## मंत्री ने ब्वॉयज स्कूल में राज्यस्तरीय सांस्कृतिक व योग प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, नादौन**



राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के दौरान मंत्री यादविंद्र गोमा को सम्मानित करते हुए।

आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रदेश के चहुमुखी विकास के लिए एक बड़े विजन के साथ कार्य कर रहे हैं। लगभग पौने तीन वर्ष के कार्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में खेलों के ढांचागत विकास और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में बहुत ही सराहनीय निर्णय लिए हैं।

मंगलवार को यहां ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चार दिवसीय राज्य स्तरीय अंडर-14 सांस्कृतिक एवं योग प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए यादविंद्र गोमा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अंतरराष्ट्रीय-राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को अभी तक लगभग 14.50 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि वितरित की है। स्कूली खिलाड़ियों की डाइट मनी में दोगुणा से ज्यादा वृद्धि करके 250 रुपए की गई है। इनके लिए उच्च श्रेणी की रेल यात्रा और आवश्यकता पड़ने पर हवाई यात्रा का भी प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि नादौन में लगभग 120 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा इंडोर खेल परिसर हिमाचल में खेलों के एक बड़े केंद्र के रूप अपनी पहचान बनाएगा और इसमें खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के इन ऐतिहासिक निर्णयों से प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रेरित एवं प्रोत्साहित हो रहे हैं और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। महिला क्रिकेट विश्व कप की विजेता टीम की खिलाड़ी को भी मुख्यमंत्री ने एक करोड़ रुपये के पुरस्कार की घोषणा की है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की आयोजन समिति और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए यादविंद्र गोमा ने इस आयोजन के लिए 51 हजार रुपए की धनराशि देने की घोषणा भी की। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा उपनिदेशक कमल किशोर भारती, सहायक निदेशक (खेल) अजय पांटा और मेजबान स्कूल के प्रधानाचार्य दिले मुहम्मद पोसवाल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और प्रतियोगिता के लिए किए गए प्रबंधों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में 12 जिलों के लगभग 800 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। उदघाटन समारोह में ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कैप्टन पृथी चंद, पार्टी के अन्य पदाधिकारी, स्थानीय नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी, शिक्षा उपनिदेशक सुभाष चड्ढा, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. बृजनंदन शर्मा, अन्य अधिकारी, निर्णायक मंडल के सदस्य और टीम प्रभारी भी उपस्थित थे।

# लापरवाही से गाड़ी चलाने पर दो की मौत, 4 गंभीर घायल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

- टियाले दा घट के हनुमान मंदिर के पास पैरापिट से टकराने से हुआ हादसा
- पुलिस थाना हमीरपुर में मामला दर्ज कर शुरू की छानबीन

जिला हमीरपुर की सीमा पर टियाले दा घट जगह पर सोमवार शाम एक गाड़ी नंबर (एचपी 22डी 1187) पैरापिट से टकरा कर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इस कार में 6 लोग सवार थे जो किसी समारोह से वापस आ रहे थे। इस घटना में दो लोगों की उपचार के बाद मौत हो गई जबकि 4 घायलों को उपचार के बाद पीजीआई रेफर कर दिया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दुनी चंद पुत्र कांशीराम उम्र 89 व रघुवीर सिंह पुत्र भाग सिंह उम्र 62 वर्ष निवासी अमनेड की मौत हो गई है जबकि सुदेश कुमारी पत्नी प्यार चंद , प्यार चंद पुत्र चंदू राम, अनीता राणा पत्नी सुनील राणा गांव समैला, कार चालक अनिल कुमार पुत्र दुनी चंद निवासी अमनेड गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह व डीएसपी नितिन सहित मेडिकल कॉलेज पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि 112 हेल्पलाइन नंबर पर सूचना मिली थी कि टियाले दा घट के हनुमान मंदिर के पास एक कार दुर्घटना हो गई है। घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज हमीरपुर लाया गया इस दौरान दो लोगों को मौत हो गई और चार घायल हो गए। उन्होंने बताया कि नींद आने की वजह से और गाड़ी की स्पीड अधिक होने की वजह से यह हादसा हुआ है। पुलिस थाना हमीरपुर में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## अमित ने कार्यकर्ताओं से बूथ-स्तरीय संपर्क और जनभागीदारी बढ़ाने का किया आह्वान



हमीरपुर भाजपा की संगठनात्मक एवं परिचारक बैठक का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर की जिला स्तरीय संगठनात्मक एवं परिचारक बैठक मंगलवार को बाईपास रोड के एक निजी होटल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने की, जबकि भाजपा प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी अमित ठाकुर मुख्य अतिथि रहे। बैठक में बूथ और मंडल स्तर पर संगठन मजबूत करने तथा 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई।

अमित ठाकुर ने कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी की ताकत उनका समर्पण और अनुशासन है। उन्होंने प्रत्येक मंडल और बूथ टीम से लोगों से जुड़े रहने, कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंचाने और जन-भागीदारी बढ़ाने का आग्रह किया। बैठक में बड़सर विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, पूर्व विधायक डॉ. अनिल धीमान, कमलेश कुमारी, विजय अग्निहोत्री सहित सभी मोर्चों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का समापन बूथ गतिविधियों को तेज करने और युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ हुआ।

## तकनीकी विवि में 6 व 7 को होगा टेक फेस्ट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर का तकनीकी उत्सव (टेक फेस्ट) 6 और 7 नवंबर को होगा। दो दिवसीय टेक फेस्ट को चैतन्य-2025 नाम रखा गया है, जिसके विद्यार्थियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। पहले दिन तकनीकी विवि के टेक फेस्ट का उद्घाटन समारोह होगा, उसके बाद उद्योग पेशेवरों द्वारा कार्यशाला, डेटाथॉन (पहला दिन) कोड फोर्ज, एकीकरण प्रतियोगिता, ध्वज पर कब्जा, मानव बनाम कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैक्स गेम, ई-स्पोर्ट्स की स्पर्धाएं आयोजित की जाएगी। दूसरे दिन प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग, डेटाथॉन (अंतिम) रेट्रो थीमिंग, दो मिनट प्रबंधक, पॉलीमैथ, प्रोजेक्ट बाजार पिच उच्च, वाद-विवाद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण व समापन समारोह होगा। तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ राजेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा टेक फेस्ट किया जा रहा है। ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। साथ ही कार्यक्रमों को आयोजित करने का कौशल विकसित होता है।

# शारीरिक संबंध बनाने से इंकार करने पर नाबालिग ने महिला को किया लहूलुहान

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

- पुलिस ने घास काटने गई महिला पर किए गए हमले को सुलझाया
- नाबालिग युवक को हिरासत में लेकर की जा रही है पूछताछ

**हमीरपुर।** शहर के साथ लगी ग्राम पंचायत सासन में सोमवार शाम के समय घास काटने गई 40 वर्षीय महिला पर तेज धारदार हथियार से गले और कान पर प्रहार कर घायल कर दिया था। इस दौरान महिला के सिर पर डंडे से भी प्रहार किए गए थे। गांव के एक व्यक्ति प्रिंस ने उक्त महिला को घायल अवस्था में देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद महिला को गांव वालों की मदद से मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में पहुंचाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे पीजीआई रेफर कर दिया गया है।

सूचना मिलने के बाद सदर पुलिस थाना प्रभारी यशवंत ने मौके पर जाकर छानबीन की और साक्ष्य भी जुटाए। मंगलवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह ने बताया सासन गांव में एक महिला को तेज धारदार हथियार से घायल करने की सूचना मिली थी जिसके लिए टीम बनाकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया पुलिस ने इस मामले को सुलझा लिया है। उन्होंने बताया कि यह वारदात महिला के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने को लेकर गई है। जिसने इस वारदात का अंजाम दिया वो सरकारी स्कूल में नौवीं कक्षा का छात्र है और नाबालिग है। उन्होंने बताया कि यह मामला शारीरिक भूख मिटाने को लेकर किया गया है। उन्होंने बताया कि घायल महिला बयान देने की हालत में नहीं थी, लेकिन पुलिस ने नाबालिग को हिरासत में ले लिया है। उन्होंने बताया कि नाबालिग युवक से पूछताछ में यह कबूल किया है कि उसने महिला की दरांती से महिला को घायल किया है और सिर पर डंडे से प्रहार किए हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल युवक को हिरासत में पूछताछ की जा रही है। इस घटना का मामला महिला के जेठ मदन लाल पुत्र स्व. शंकर दास, निवासी गांव सासन की शिकायत पर दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार सोमवार को उसके छोटे भाई की पत्नी घास काटने के लिए दरांती लेकर पास के क्षेत्र गलू की ओर गई थी। करीब 3.45 बजे इनके पड़ोसी बलवीर ने सूचना दी कि गांव के ही व्यक्ति प्रिंस ने बताया है कि रजनी देवी गलू में घासनी के बीच जख्मी हालत में पेट के बल खून से लथपथ बेहोश पड़ी हुई है। उसके गले के दाहिनी ओर व दाहिने कान के पास तेजधार हथियार से वार के घाव पाए गए।

# भोरंज में हो रहे हैं 550 करोड़ के विकास कार्य : सुरेश

## कामगार कल्याण बोर्ड के कार्यक्रम में 480 कामगारों को बांटे इंडक्शन हीटर

**अनंत ज्ञान, भोरंज**



कामगार कल्याण बोर्ड के कार्यक्रम में कामगारों को इंडक्शन हीटर बांटने के बाद।

भोरंज में हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड ने मंगलवार को मिनी सचिवालय परिसर में जागरूकता शिविर और सामान वितरण समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में भोरंज के विधायक सुरेश कुमार मुख्य अतिथि रहे, जबकि बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने भी उपस्थित होकर लगभग 480 कामगारों को इंडक्शन हीटर वितरित किए। विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि क्षेत्र में 550 करोड़ से अधिक के विकास कार्य चल रहे हैं, जिनमें मुख्य सड़कों का चौड़ीकरण, 25 नई एंबुलेंस रोड का निर्माण, 47 करोड़ रुपये की पेयजल योजना और पट्टा-कड़ोहता क्षेत्र के लिए 93 करोड़ की योजना शामिल हैं। उन्होंने बताया कि भोरंज में जल्द ही कामगार कल्याण बोर्ड का कार्यालय भी खोल दिया जाएगा।

बोर्ड अध्यक्ष नरदेव कंवर ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार सभी 14 कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र कामगारों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इन योजनाओं के तहत शिक्षा, आवास, रोजगार, विवाह व अन्य वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने श्रमिकों से पंजीकरण कराकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

कार्यक्रम में श्रमिक कल्याण अधिकारी रश्मि ठाकुर ने मुख्य अतिथि, अतिथियों और सभी कामगारों का स्वागत किया और बोर्ड की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। समारोह में कई स्थानीय गणमान्य लोग, कांग्रेस और पर्यटन निगम के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों के कल्याण के साथ-साथ क्षेत्र में विकास कार्यों और योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाना भी था।

कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विजय बन्याल, खाद्य आपूर्ति निगम के बीओडी मेंबर विक्रम शर्मा, पर्यटन निगम के बीओडी मेंबर प्रवेश ठाकुर, वित्त आयोग के सदस्य दिग्विजय सिंह, आशीष ठाकुर, एसडीएम शशि पाल शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तेजनाथ डोगरा, पुरुषोत्तम कालिया, रमेश डोगरा, विजय डोगरा, तरुण बन्याल, बीडीसी सदस्य बीना देवी, कंज्याण के प्रधान संजीव चौहान, दीप चंद, विभिन्न विभागों के अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

## सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के इंटरव्यू 10 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 70 पदों पर भर्ती के लिए 10 नवंबर को सुबह 11 बजे उप रोजगार कार्यालय सुजानपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 19 वर्ष से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। दसवीं फेल या दसवीं पास अथवा इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार, जिनकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर और वजन 52 से 95 किलोग्राम के बीच हो, इन पदों के लिए पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किए जाएंगे तथा उन्हें 17,500 रुपये से लेकर 23 हजार रुपये तक मासिक वेतन एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

## 90 वर्षीय विमला देवी को दी व्हीलचेयर



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर के फरनाट गांव में चलने-फिरने में असमर्थ 90 वर्षीय विमला देवी को श्री सत्य साई समिति के प्रधान रविंद्र पाल ने व्हीलचेयर प्रदान की। इस नेक पहल की जानकारी सिटी संयोजक उतम ढटवालिया ने दी।

## अमरजीत ने धनेटा कॉलेज का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा का उच्चतर शिक्षा विभाग के निदेशक अमरजीत शर्मा ने मंगलवार को निरीक्षण किया। प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। निदेशक ने महाविद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों, छात्रों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के साथ संवाद किया और शैक्षिक वातावरण को और बेहतर बनाने के सुझाव दिए। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की और सुधारात्मक सुझाव भी दिए। निदेशक ने नए भवन निर्माण का निरीक्षण करते हुए आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने के निर्देश दिए। महाविद्यालय परिवार ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयास करने का आश्वासन दिया।

## चोरी व धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** पुलिस थाना भोरंज के तहत सुशील कुमार पुत्र भगवान दास, निवासी गांव व डाकघर भरेड़ी, तहसील भोरंज की शिकायत पर पंजीकृत किया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार उन्होंने अपने पिता जो कि विकलांग हैं, उनकी देखरेख के लिए विक्रम पुत्र उपेन्द्र मंडल, निवासी मेहमा सिंहवाला, लुधियाना (पंजाब) को केयरटेकर के रूप में रखा था। उक्त केयरटेकर ने शिकायतकर्ता के पिता के मोबाइल फोन से गूगल पे के माध्यम से लगभग 1,59,002 रुपए की धोखाधड़ी पूर्ण ऑनलाइन लेनदेन विभिन्न खातों में की तथा 45,000 रुपए नकद व एक सोने की अंगूठी भी चोरी कर ली। बाद में उसने मोबाइल फोन के चार्जिंग व सिम पोर्ट में फैवी क्विक डालकर उसे निष्क्रिय कर दिया और बिना बताए 30 अक्तूबर को फरार हो गया। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि इस धोखाधड़ी में आशा देवी नाम की महिला की भी भूमिका संदिग्ध है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चोरी और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# रैगिंग को रोकने के लिए अलर्ट रहें सभी सदस्य : अभिषेक गर्ग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर में मंगलवार को एंटी रैगिंग समिति की बैठक हमीरपुर के एडीसी एवं संस्थान के प्रभारी प्रधानाचार्य अभिषेक गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में समिति के अन्य सदस्य तहसीलदार सुभाष कुमार, नीलकांत भारद्वाज, पंकज भारतीय, संस्थान के अधिकारी, विद्यार्थी प्रतिनिधि और अभिभावक भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर एडीसी ने समिति के सभी सदस्यों से कहा कि वे संस्थान या इसके आस-पास के क्षेत्र में किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नजर रखें और अगर रैगिंग जैसी कोई घटना उनके संज्ञान में आती है तो तुरंत सूचित करें।

बैठक में सभी सदस्यों ने रैगिंग से संबंधित विभिन्न पहलुओं और इसे रोकने के लिए किए गए आवश्यक प्रबंधों पर व्यापक चर्चा की। एडीसी ने कहा कि स्थापना के बाद इस संस्थान में आज तक रैगिंग का कोई भी मामला सामने नहीं आया है। इसके बावजूद हर समय सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि रैगिंग एक ऐसी कुप्रथा है, जिससे पीड़ित विद्यार्थी पर मानसिक और शारीरिक रूप से बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है तथा इसके कारण कई विद्यार्थियों की जान भी जा चुकी है। इसको देखते हुए एंटी रैगिंग कानून में बहुत ही कड़े प्रावधान किए गए हैं। रैगिंग के दोषी विद्यार्थी को बिना वारंट गिरफ्तार किया जा सकता है और उसे तीन साल की सजा तथा जुर्माना हो सकता है।

समिति के सदस्यों को संस्थान में रैगिंग रोधी उपायों से अवगत करवाते हुए विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने बताया कि संस्थान में 12 अगस्त को एंटी रैगिंग दिवस मनाया गया, जिसमें विद्यार्थियों को रैगिंग के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा उन्हें रैगिंग न करने की शपथ दिलाई गई। इसके अतिरिक्त 12 से 18 अगस्त तक मनाए गए एंटी रैगिंग सप्ताह के दौरान भी कई जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। बैठक में अन्य सदस्यों ने भी महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

## शोषण मुक्ति मंच ने जाति आधारित हिंसा पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शोषण मुक्ति मंच का जिला अधिवेशन मंगलवार को ज्योति बसु भवन, हमीरपुर में संपन्न हुआ। अधिवेशन की अध्यक्षता विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने की। लगभग 70 प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया। अधिवेशन में प्रदेश और देश में बढ़ती जाति-आधारित हिंसा और दलित उत्पीड़न की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की गई और रोकथाम के लिए रणनीति पर मंथन किया गया। वक्ताओं ने हाल ही में रोहड़ू क्षेत्र में दलित छात्र के साथ हुई अमानवीय मारपीट का उल्लेख किया और कहा कि प्रशासन की निष्क्रियता अपराधियों को बढ़ावा दे रही है। मंच के राज्य संयोजक आशीष कुमार ने कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत पर बल दिया।

अधिवेशन में सर्वसम्मति से नवीन कुमार को जिला संयोजक, अजय कुमार और कमल को सह-संयोजक, तथा 15 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने 17 नवंबर को हमीरपुर में दलित उत्पीड़न के खिलाफ एकजुट प्रदर्शन की घोषणा की।

## टीजीटी कला संघ के राज्य चुनाव 8 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय टीजीटी कला संघ के प्रदेश कार्यकारिणी चुनाव 8 नवंबर को आयोजित होंगे। जिला हमीरपुर के टाऊन भराड़ी में इस बार भी राज्य कार्यकारिणी का चुनाव किया जाएगा जिसमें 50 पदों को मुख्य रूप से भरा जाएगा। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल और महासचिव विजय हीर ने देते हुए बताया कि 10 जिलों में संघ के चुनाव हो चुके हैं। सिरमौर और चंबा में 5 नवंबर को जिला कार्यकारिणी गठित हो जाएगी। ऐसे में सभी 12 जिलों में चुनाव से पूर्ण कार्यकारिणी गठित की गई है। संघ की मौजूदा कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और अब नई कार्यकारिणी चुनाव हेतु लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव प्रक्रिया संघ के संस्थापक सदस्यों की उपस्थिति में करवाई जाएगी। संघ ने अपना 50 सूत्रीय उपलब्धि पत्र भी तय कर दिया है और संघ ने शिक्षक हित, शिक्षा हित और शिक्षार्थी हित में अनेकों कार्य सफलतापूर्वक किए हैं। नाहन में होने जा रहे सिरमौर जिला के चुनावों में संघ के आजीवन सदस्य वीरभद्र नेगी विशेष अतिथि होंगे। सिरमौर के सभी 16 खंडों में संघ के चुनाव मौजूदा अध्यक्ष विजेश अत्री ने करवाए हैं।

## सीपीयू का 11वां दीक्षांत समारोह दिसंबर माह में

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय दिसंबर 2025 को 11वां दीक्षांत समारोह बड़े उत्साह से आयोजित करने जा रहे है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने समारोह की तैयारियां कर रहे हैं। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के 303 स्नातक, 340 स्नातकोत्तर और 37 पीएचडी. विद्यार्थियों को उपाधियाँ एवं स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में देश के प्रख्यात शिक्षाविद् एवं उद्योग जगत से जुड़े मुख्य अतिथि व विशिष्ट भाग लेगें और वे विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए आर्शीवाद प्रदान करेंगे। परीक्षा नियंत्रक डा. योगेश कुमार वालिया ने बताया कि विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में इस वर्ष विद्यार्थियों को डिग्री और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हर वर्ष की तरह मेडल प्रदान किए जाएंगे।

# कृषि में आधुनिकता जरूरी : विक्रमादित्य सिंह

## कहा–हिमाचल में प्राकृतिक खेती अभियान से जुड़े 2.22 लाख किसान, 35 हजार को मिला सीधा लाभ

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार कृषि विभाग के माध्यम से किसानों–बागवानों को आधुनिक तकनीक अपनाने, नकदी फसलें उगाने और प्राकृतिक खेती की दिशा में आगे बढ़ने के लिए निरंतर प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि है, और किसान आधुनिकता से जुड़ेंगे तो ग्रामीण समृद्धि स्वत: सुनिश्चित होगी। वह शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की अंतिम व दुर्गम पंचायत चनावग के हशकरधार में आयोजित खंड स्तरीय किसान सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।



लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह किसान सम्मेलन में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए 2018 में अभियान शुरू किया गया था और अब तक 2.22 लाख किसान इस पद्धति से अपनी आजीविका मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 5.50 करोड़ रुपये की राशि आधुनिक खेती को प्रोत्साहित करने पर खर्च की गई है जिससे लगभग 35 हजार किसानों को लाभ मिला है। जिला शिमला में 50 क्लस्टर सक्रिय हैं जिनके तहत 3734 हेक्टेयर भूमि प्राकृतिक खेती के अधीन लाई गई है। इनमें से 540 हेक्टेयर भूमि केवल शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में चनावग पंचायत के विकास के लिए लगभग 18 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। मंत्री ने ग्रामीणों को हशकरधार में बंद प्राथमिक विद्यालय को पुन: आरंभ करवाने के लिए बधाई दी और कहा कि बच्चों को घर–द्वार पर शिक्षा देना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चनावग के मैदान की सुरक्षा दीवार लगाने के लिए 20 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिसकी टेंडर प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है।

मंत्री ने कहा कि जुड से खुराना संपर्क सड़क लोक निर्माण विभाग के हवाले कर निर्माण किया जाएगा, जबकि जुडला से हशकरधार सड़क को प्राथमिकता के आधार पर बनाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र सर्वे और प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश भी दिए।

### पेयजल योजनाओं पर खर्च हो रहे 11 करोड़ से अधिक

**विक्रमादित्य** सिंह ने बताया कि क्षेत्र की पेयजल योजनाओं पर 11 करोड़ से अधिक की राशि व्यय की जा रही है। गलोग घंडल उठाऊ पेयजल योजना पर 3.20 करोड़, बसंतपुर कलवी उठाऊ पेयजल योजना पर 4.75 करोड़ और सैंज-मचराणा उठाऊ पेयजल योजना पर 3.19 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सैंज-मचराणा योजना का 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और शेष कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए अतिरिक्त बजट की व्यवस्था की जाएगी।।

### दो सड़कों और सामुदायिक भवन के लिए दिए 9 लाख

**मंत्री** ने चनावग से हरसंगधार संपर्क सड़क के लिए 5 लाख, धामरा डोरा से दुर्गापुर संपर्क सड़क के लिए 2 लाख और हशकरधार में सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 2 लाख रुपए देने की घोषणा की।

# मेले हमारी सभ्यता और संस्कृति को जीवित रखने का माध्यमः अनिरुद्ध

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**ग्रामीण** विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि मेले हमारी सभ्यता और संस्कृति को जीवित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। यह न केवल मनोरंजन का माध्यम हैं, बल्कि हमारी परंपराओं, रीति–रिवाजों और सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का जरिया भी हैं। उन्होंने कहा कि मेलों में पारंपरिक कलाएं, हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन हमारी सांस्कृतिक पहचान को सहेजता है। अनिरुद्ध सिंह आज कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भौंट के टूड गांव में आयोजित पारंपरिक पाटी मेले में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। इस अवसर पर सीनियर और जूनियर कबड्डी व ठोडा प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।


मंत्री अनिरुद्ध सिंह टूड गांव में पारंपरिक पाटी मेले के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए।

मंत्री ने कहा कि गांव तक पहुंचने वाली सड़क को शीघ्र पक्का किया जाएगा, जिसके लिए स्थानीय लोग जमीन की गिफ्ट डीड करवाएं। उन्होंने बताया कि मंदिर में रसोई घर का निर्माण करवाने हेतु एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त तीन लाख रुपए की लागत से एक मंजिला सामुदायिक भवन बनाया जाएगा। अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि इस पंचायत में नया पंचायत घर बनना प्रस्तावित है जिसकी एफआरए स्वीकृति दो हफ्तों में प्राप्त हो जाएगी। मार्च 2026 तक टेंडर प्रक्रिया पूरी कर दिसंबर 2026 तक नया पंचायत घर बनकर तैयार हो जाएगा।

**कहा- टूड गांव में बनेगा नया पंचायत घर और सामुदायिक भवन**

## न्यूज ब्रीफ

### कोटी व जुन्गा में 6 और 7 को पावर कट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** 11 केवी जोघो फीडर की आवश्यक मरम्मत के चलते कोटी और जुन्गा क्षेत्र के कई गांवों में 6 और 7 नवंबर को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल जुन्गा के सहायक अभियंता यशवंत सिंह ने बताया कि 6 नवंबर को जुन्गा फीडर के भड़ेच, डवारू, छलंडा, दयोग चंकर और जोघो कोटी फीडर के कोटीधार, जंगल नीन, शिकारग, गजयोन में बिजली बंद रहेगी, जबकि 7 नवंबर को कनेची, कोठी, ओनरी, भाड़, समोण, डोगरा पुल, ठूंड से लखोठी, धाली बागड़ा, मगलेड खड्ड, बलोग, शुनड़ा, नोहा, डुब्लु और बराग का नाला सहित आसपास के क्षेत्रों में आपूर्ति बाधित रहेगी।

### ओटीपी साझा न करने की दी सलाह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड, शाखा जुन्गा के सौजन्य से राजकीय मध्य विद्यालय शाठली में एक दिवसीय डिजिटल वित्तीय जागरूकता शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बैंक प्रबंधक विशाल शर्मा ने ग्रामीणों को डिजिटल बैंकिंग, नकदी रहित लेनदेन, नेफ्ट, आरटीजीएस, आईएमपीएस, भीम और हिमपैसा ऐप सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने राज्य सहकारी बैंक, केंद्र व राज्य सरकार और नाबार्ड की लघु बचत, किसान क्रेडिट कार्ड, मुद्रा, पीएमईजीपी, अटल पेंशन योजना जैसी योजनाओं के लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने लोगों को बैंक खाता विवरण, पिन व ओटीपी किसी से साझा न करने की सलाह दी।

### कुसुम्पटी में मौजूद भवन में लगी आग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के कुसुम्पटी क्षेत्र में मंगलवार को भवन में अचानक भयंकर आग लग गई, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही मिनटों में भवनों के ऊपरी हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई दिया और स्थानीय लोग मौके पर जमा होकर आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस और प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में हिस्सा लिया।

### छात्रों को हॉस्टल से बाहर करना अनुचित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया इकाई ने मंगलवार को डीन ऑफ स्टडीज को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि केवल एफआईआर दर्ज होने के आधार पर किसी छात्र को हॉस्टल से वंचित न किया जाए। संगठन ने कहा कि विश्वविद्यालय किसी न्यायालय की तरह दंड देने का स्थान नहीं है, बल्कि शिक्षा और विकास का केंद्र है। एसएफआई ने स्पष्ट किया कि एफआईआर दर्ज होना मात्र जांच की शुरुआत होती है, दोष सिद्धि नहीं, इसलिए इस आधार पर किसी छात्र को सजा देना कानूनी और नैतिक दोनों दृष्टि से गलत है। संगठन ने कहा कि हॉस्टल छात्रों के लिए केवल निवास स्थल नहीं बल्कि उनका दूसरा घर है। यदि केवल एफआईआर के आधार पर उन्हें बाहर किया गया तो यह उनकी पढ़ाई और मानसिक स्थिति दोनों पर असर डालेगा। एसएफआई ने आरोप लगाया कि कई बार छात्रों पर राजनीतिक कारणों या व्यक्तिगत विरोध के चलते झूठे मामले दर्ज किए जाते हैं। ऐसे में यदि विश्वविद्यालय प्रशासन ने भेदभावपूर्ण रवैया जारी रखा तो एसएफआई छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी

### हैदराबाद ने हिमाचल को 4 विकेट से हराया

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए रणजी ट्रॉफी मैच में हैदराबाद ने हिमाचल प्रदेश को चार विकेट से हराया। चौथे दिन हैदराबाद ने 344 रन के लक्ष्य को 75.3 ओवर में छह विकेट खोकर हासिल किया। हैदराबाद के बल्लेबाज अभिरथ रेड्डी ने शानदार नाबाद 175 रन बनाए और मैन ऑफ द मैच चुने गए। राहुल रादेश ने 66 व हिमा तेजा ने 33 रन जोड़े। हिमाचल की ओर से आर्यन ने तीन, जबकि वैभव अरोड़ा व मयंक डागर ने एक-एक विकेट लिया। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया ने बताया कि हैदराबाद ने शानदार प्रदर्शन कर मैच अपने नाम किया।

# बिहार में विपक्षी महागठबंधन की बनेगी सरकारः प्रतिभा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने दावा किया है कि इस बार बिहार विधानसभा चुनावों में विपक्षी महागठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में रह रहे बिहार मूल के प्रवासियों और कामगारों से अपील की है कि वे एकजुट होकर महागठबंधन का समर्थन करें और बिहार विधानसभा चुनावों में कांग्रेस महागठबंधन को वोट दें।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा कि देश अब राजनीतिक बदलाव की दिशा में आगे बढ़ रहा है और आने वाले समय में अन्य राज्यों में भी कांग्रेस महागठबंधन की सरकारों का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश के संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की है, जबकि भाजपा नेतृत्व वाली सरकार इन संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास कर रही है, जो अत्यंत चिंता का विषय है।

### गुरु नानक देव जी की जयंती पर दी बधाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों, विशेषकर सिख समुदाय को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं आज भी मानवता, समानता और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं

# सीएम सुक्खू ने 66 पेट्रोलिंग वाहनों को दिखाई हरी झंडी

## बोले, 10 जिलों में तैनात किए जाएंगे वाहन, प्रदेशभर में चिट्टे के खिलाफ चलेगा बड़ा अभियान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को शिमला के चौड़ा मैदान से 66 पेट्रोलिंग वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये सुरक्षा वाहन प्रदेश के 10 जिलों शिमला, मंडी, कांगड़ा, हमीरपुर, ऊना, बिलासपुर, कुल्लू, सिरमौर, सोलन और चंबा में पुलिस थानों में तैनात किए जाएंगे। 18.42 करोड़ रुपए की लागत से खरीदे गए इन वाहनों में 35 इलेक्ट्रिक, 14 इंटरसेप्टर, 10 रैकर और 7 डीजल डब्ल्यूडी वाहन शामिल हैं।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शिमला के चौड़ा मैदान से 66 पेट्रोलिंग वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य केवल सड़क दुर्घटनाओं को कम करना नहीं, बल्कि जनता के लिए सुरक्षित और आपदा प्रतिरोधी यातायात प्रणाली विकसित करना है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं में लगातार कमी आई है, जो पुलिस, परिवहन, लोक निर्माण, स्वास्थ्य विभाग और अन्य एजेंसियों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रैकर वाहनों की तैनाती से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को तुरंत हटाने में मदद मिलेगी और यातायात जल्दी सामान्य हो सकेगा। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि पुलिस विभाग को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है ताकि हिमाचल पुलिस को देश में नंबर एक बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग में 1200 नए कांस्टेबलों की भर्ती की गई है और आठ साल बाद बी–1 प्रमोशन टेस्ट कराया जा रहा है।

### हमीरपुर में जल्द ही 30 करोड़ की लागत से बनेगा अत्याधुनिक सड़क सुरक्षा नियंत्रण केंद्र

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि जल्द ही हमीरपुर में 30 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक सड़क सुरक्षा नियंत्रण एवं कमांड सेंटर स्थापित किया जाएगा, जो पूरे प्रदेश में लग रहे हाई-टेक कैमरों से जुड़ा होगा। यह प्रणाली ई-चालान, यातायात नियंत्रण और सड़कों पर अनुशासन सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएगी।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पर भाजपा का देशव्यापी उत्सव

# प्रत्येक स्कूल में दिनचर्या का हिस्सा बनाया जाए वंदे मातरमः विपिन परमार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक विपिन परमार ने कहा कि भारत में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने का उत्सव पूरे हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक गीत को देश और प्रदेश के प्रत्येक स्कूल की दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाया जाना चाहिए ताकि नई पीढ़ी में राष्ट्रभाव और मातृभूमि के प्रति गर्व की भावना विकसित हो। विपिन परमार ने बताया कि भाजपा 7 नवंबर को प्रात: 11 बजे देशभर के प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में वंदे मातरम् का सामूहिक गान आयोजित करेगी। हिमाचल प्रदेश में यह कार्यक्रम शिमला के अंबेडकर चौक, कांगड़ा विधानसभा, मंडी के कल्लू और हमीरपुर में आयोजित होगा।

विपिन परमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने मुस्लिम लीग को खुश करने के लिए वंदे मातरम् को पूर्ण रूप से लागू नहीं होने दिया और इसके कई अंतरों को हटा दिया। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस की असली सोच को दर्शाता है, क्योंकि अंग्रेज जो काम नहीं कर सके, वह कांग्रेस ने कर दिखाया।

**कहा- कांग्रेस ने राष्ट्रगीत के गौरव को ठेस पहुंचाई**

**भाजपा देशभर के प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में वंदे मातरम् का सामूहिक गान करेगी आयोजित**

### वंदे मातरम राष्ट्रवाद और एकता का प्रतीक

**विपिन** परमार ने कहा कि 1 अक्तूबर 2025 को केंद्र सरकार ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देशव्यापी उत्सव मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि यह गीत वर्ष 1875 में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचा गया था और 1896 में रवीन्द्रनाथ टैगोर ने इसका प्रसिद्ध वाचन किया था।

# रोहड़ू के खड्डा पानी स्कूल में पहली कक्षा के बच्चे के साथ मारपीट, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के उपमंडल रोहड़ू की ग्राम पंचायत भलूण स्थित प्राथमिक पाठशाला खड्डा पानी में पहली कक्षा के एक बच्चे से मारपीट करने का मामला सामने आया है। बच्चे के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पिता दुर्गा सिंह निवासी गांव भलूण ने आरोप लगाया कि स्कूल में एसएमसी के माध्यम से नियुक्त नितिश ठाकुर ने उसके बेटे के साथ मारपीट की, जिससे बच्चे के कान से खून निकल आया। आरोप है कि शिक्षक ने शौचालय में ले जाकर बच्चे की पेंट में बिच्छू बूटी डाल दी और उसे प्रताड़ित किया।

**बच्चे के पिता ने अध्यापक पर बिच्छू बूटी डालने व धमकाने का लगाया आरोप**

शिकायत में यह भी बताया गया कि 3 अक्तूबर को अध्यापक ने बच्चे को गाड़ी में बैठाकर जान से मारने और जलाने की धमकी दी तथा माफी नामे के तौर पर 10,500 रुपये जबरन जेब में डाल दिए। मुख्य अध्यापक देवेंद्र और कैची स्कूल के अध्यापक बाबू राम पर भी मामले को दबाने का आरोप लगाया गया है। बताया गया कि 29 अक्तूबर की रात 10 बजे ये लोग घर पहुंचे और मामले को सुलझाने के लिए दबाव बनाया। पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। डीएसपी प्रणव चौहान ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# महिलाओं की सुरक्षा पर सरकार नाकाम बढ़ रहा अपराध का साया : नैंसी अटल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश की प्रदेश मंत्री कुमारी नैंसी अटल ने प्रदेश में लगातार बढ़ रहे अपराधों और बिगड़ती कानून व्यवस्था पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि 'हिमाचल प्रदेश, जो देवभूमि के नाम से प्रसिद्ध है, आज अपराध और असुरक्षा के माहौल से घिरता जा रहा है।'

नैंसी अटल ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध, ब्लैकमेलिंग और छेड़छाड़ जैसी घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है, लेकिन सरकार इन गंभीर मामलों पर मौन साधे हुए है। उन्होंने कहा कि 'सरकार जुमलों में उलझी है, जबकि आम नागरिक खासकर महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं। विद्यार्थी परिषद ने सरकार से मांग की है कि चंबा जिले के चुराह क्षेत्र में विधायक और युवती से जुड़े विवाद की निष्पक्ष जांच करवाई जाए ताकि सत्य सामने आ सके। नैंसी अटल ने कहा कि 'ऐसे मामलों पर सरकार की चुप्पी अपराधियों का मनोबल बढ़ा रही है। देवभूमि की पवित्र छवि को धूमिल करने वाले दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद समय–समय पर प्रदेश सरकार को कानून व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर सचेत करती रही है, लेकिन सरकार के ठोस कदमों के अभाव में स्थिति दिन–प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। नैंसी अटल ने दोहराया कि अभाविप महिलाओं की सुरक्षा और न्याय के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी और सरकार की निष्क्रियता को हर मंच पर उजागर किया जाएगा।

**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल की प्रदेश मंत्री ने उठाई आवाज**

**कहा–चुराह प्रकरण की हो निष्पक्ष जांच, कानून व्यवस्था हो दुरुस्त**

# एनडीआरएफ नूरपुर ने झटका प्रथम स्थान

## सीएसएसआर प्रतियोगिता के समापन पर किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

14वीं वाहिनी, एनडीआरएफ नूरपुर द्वारा आयोजित सीएसएसआर प्रतियोगिता 2025 का समापन समारोह कमांडेंट बलजिंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने विजेता टीमों को पदक, ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान किए। प्रतियोगिता में 14वीं वाहिनी, एनडीआरएफ नूरपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कमांडेंट ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं एनडीआरएफ कर्मियों की दक्षता, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता और आपदा प्रबंधन कौशल को और अधिक सुदृढ़ बनाती हैं। इस प्रतियोगिता में 7वीं, 13वीं, 14वीं और 15वीं वाहिनी की टीमों ने भाग लिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया। पूरे आयोजन के दौरान प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसने प्रतियोगिता को अत्यंत रोमांचक बना दिया।

### दक्षता और टीम भावना को मिला प्रोत्साहन

**इस** प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य आपदा प्रबंधन अभियानों में प्रयुक्त उपकरणों के कुशल उपयोग, टीम भावना, तकनीकी दक्षता और आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता का परीक्षण एवं संवर्द्धन करना था।

# सरकार पेंशनरों की मांगों के प्रति गंभीर नहीं: संघर्ष समिति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर, महासचिव इंद्रपाल शर्मा, अतिरिक्त महासचिव भूपराम वर्मा और मीडिया प्रभारी सैन राम नेगी ने एक संयुक्त बयान में आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार पेंशनरों की मांगों के प्रति गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार जानबूझकर पेंशनरों की देनदारियों का भुगतान नहीं कर रही और वित्तीय संकट का बहाना बनाकर मामलों को टाल रही है, जबकि 6वें वेतन आयोग के अनुसार 1 जनवरी 2016 से देय करोड़ों रुपये अभी तक नहीं दिए गए हैं। समिति ने 17 अक्टूबर को प्रदेशभर में जिला मुख्यालयों पर धरना–प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को 14 मांगों का ज्ञापन सौंपा था, लेकिन सरकार की ओर से न तो कोई मांग मानी गई और न ही वार्ता के लिए आमंत्रण भेजा गया है। संयुक्त संघर्ष समिति ने 7 नवंबर को मंडी में अध्यक्ष सुरेश ठाकुर की अध्यक्षता में आपातकालीन बैठक बुलाई है, जो सुबह 10:30 बजे विश्वकर्मा सभा हाल (पुराना सुकेत पुल के पास) में आयोजित की जाएगी।



# कांगड़ा जिले में पर्यटन को रफ्तार देने की कवायद

## दिसंबर में कांगड़ा कार्निवाल और अगले वर्ष टीटीएफ की चल रही तैयारी

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** बरसात में पर्यटन सेक्टर को पहुंचे नुकसान की भरपाई के प्रयास शुरू हो गए हैं। इसी कड़ी में जिले के पर्यटन को रफ्तार देने की कवायद चल रही है। इसी का ही नतीजा है कि जहां जिले में विंटर/ कांगड़ा कार्निवाल की तैयारी चल रही है, वहीं इस दौरान राष्ट्रीय स्तर की मैराथन की भी तैयारी चल रही है।

देश-विदेश के पर्यटकों को कांगड़ा घाटी में आकर्षित करने के लिए टूरिज्म ट्रेड फेयर की भी प्लानिंग की जा रही है। इसमें देश के विभिन्न राज्यों के पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि देशभर में आने वाले विदेशी पर्यटकों को कांगड़ा घाटी लाया का सके। गौरतलब है कि अभी हाल ही में प्रदेश के बाहर आयोजित टूरिज्म ट्रेड फेयर जिला कांगड़ा सहित प्रदेशभर के होटल कारोबारियों ने भाग लिया था, अब जिला में टूरिज्म ट्रेड फेयर की तैयारी शुरू हो चुकी है।

### टीटीएफ के रूप में होगा बड़ा इवेंट : विनय

**जिला** पर्यटन अधिकारी विनय धीमान ने बताया कि कांगड़ा जिले में टूरिज्म ट्रेड फेयर की प्लानिंग चल रही है। उम्मीद है अगले वर्ष फरवरी या मार्च माह में जिला में बड़ा इवेंट किया जाएगा। जिला प्रशासन भी संभवतः दिसंबर विंटर/ कांगड़ा कार्निवाल करवाने जा रहा है। इसमें राष्ट्रीय स्तर की मैराथन भी आयोजित करने की योजना है, जिसमें पर्यटन विभाग भी पूरा सहयोग करेगा।

### इवेंट प्लानिंग में विभाग करता है सहयोग



विनय धीमान ने कहा कि होटल एसोसिएशन या पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन की कुछ प्लानिंग इवेंट के लिए रहती है तो उसमें भी पर्यटन विभाग सहयोग करता है। अभी हाल ही में जिला कांगड़ा प्रशासन के सहयोग से धर्मशाला में धर्मशाला फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया, उससे भी मैक्लोडगंज और धर्मशाला में चहल कदमी बढ़ी है, ऐसे में पर्यटन विभाग प्रयासरत है कि कुछ और इवेंट के माध्यम से जिले में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा सके।

## धारकंडी क्षेत्र के लिए वरदान बनेगी शाहपुर बोह सड़क : पठानिया

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने मंगलवार को बासा में 18 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन शाहपुर-बोह सड़क के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग की ओर से करवाए जा रहे कार्य की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्य उत्कृष्ट स्तर पर किया जा रहा है। विधायक ने बताया कि उन्होंने आज तीन स्थानों पर सड़क की गुणवत्ता की जांच की है और हर स्थान पर कार्य मानकों के अनुरूप पाया गया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने हेतु वे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आभारी हैं।

पठानिया ने कहा कि यह सड़क धारकंडी क्षेत्र की सात पंचायतों के लिए एक वरदान सिद्ध होगी। सड़क के पूर्ण होने से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा तथा पर्यटन विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग की ओर से गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाया जा रहा है, जिसके लिए विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने विभाग को कार्य इसी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के निर्देश भी दिए।

# बिना अनुमति खनन करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : डीसी

## कहा- संवेदनशील खनन स्थलों पर लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कांगड़ा** जिले में संवेदनशील खनन स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, ड्रोन सर्वेक्षण के माध्यम से निगरानी की जाएगी तथा अवैध खनन की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाएगा। यह बात डीसी हेमराज बैरवा ने मंगलवार जिला कांगड़ा में अवैध खनन की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण एवं एनजीटी के दिशा-निर्देशों के अनुपालन को लेकर धर्मशाला में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

**अधिकारी खनन स्थलों का नियमित करें निरीक्षण**

उपायुक्त ने बैठक में जिले में चल रही खनन गतिविधियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के नवीन दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी खनन कार्यों को नियंत्रित किया जाए तथा निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के खनन करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी, ताकि पर्यावरण संरक्षण और जनहित से जुड़े मानकों का उल्लंघन न हो। उपायुक्त ने सभी उपमंडल अधिकारियों एवं खनन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संवेदनशील खनन स्थलों का नियमित निरीक्षण करें, और यदि कहीं भी अवैध खनन की गतिविधि पाई जाती है तो तुरंत रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर पूर्ण नियंत्रण के लिए संयुक्त निरीक्षण दलों को सक्रिय किया जाएगा, जिसमें राजस्व, पुलिस, वन एवं खनन विभाग के अधिकारी शामिल रहेंगे। इन दलों को नियमित रूप से कार्रवाई करने और उसके परिणामों की रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। डीसी ने कहा कि अवैध खनन न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि नदियों, सड़कों और स्थानीय बुनियादी ढांचे पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। ऐसे में इस समस्या को रोकना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

## राज्यस्तरीय वॉलीबाल स्पर्धा के लिए कांगड़ा जिले की टीम के चयन को ट्रायल 8 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश वॉलीबाल संघ की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता इस बार 14 और 15 नवंबर को सोलन में आयोजित की जाएगी। वहीं, सीनियर वर्ग की प्रतियोगिताएं बद्दी के बरोटीवाला में होंगी। यह जानकारी वॉलीबाल फेडरेशन कांगड़ा के अध्यक्ष कमल शर्मा ने दी। मंगलवार को धर्मशाला प्रेसवार्ता में बताया कि जिला कांगड़ा टीम के चयन के लिए ट्रायल 8 नवंबर को बिक्रम बतरा मैदान पालमपुर में आयोजित किए जाएंगे। गर्ल्स और ब्वॉयज दोनों वर्गों के ट्रायल इसी दिन लिए जाएंगे।

चयनित खिलाड़ियों के लिए चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर भी लगाया जाएगा, जिसके बाद खिलाड़ी राज्यस्तरीय मुकाबलों में हिस्सा लेंगे। कमल शर्मा ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं के प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश की प्रतिनिधि टीम का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वॉलीबाल हिमाचल प्रदेश का राज्य स्तरीय खेल है, इसलिए इसे नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए संघ द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# जिले में प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान की समीक्षा की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो धर्मशाला**

**कांगड़ा** जिले में हुई प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान और राहत कार्यों की समीक्षा के उद्देश्य से पोस्ट डिजास्टर नीड्स असेसमेंट (पीडीएनए-2025) के तहत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की विशेषज्ञ टीम के साथ महत्वपूर्ण बैठक डीसी कार्यालय धर्मशाला के एनआईसी के सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (एडीएम) शिल्पी बेक्टा ने की।

बैठक के दौरान विभिन्न विभागाध्यक्षों ने वर्ष 2025 के मानसून के दौरान हुए नुकसानों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। एडीएम ने बताया कि मानसून के दौरान जिले में विभिन्न स्थानों पर प्राकृतिक आपदा के कारण 773 लोगों को विभिन्न स्थानों से सुरक्षित निकाला गया तथा 28 मानव जीवनों एवं 544 पशुओं की हानि दर्ज की गई है। 1,857 से अधिक मकानों व गोशालाओं को आंशिक या पूर्ण क्षति हुई है।

### सड़कों को हुए नुकसान की अनुमानित लागत 350 करोड़ रुपए से अधिक आंकी

**सड़कों** को हुए नुकसान की अनुमानित लागत 350 करोड़ से अधिक आंकी गई है, जबकि जल शक्ति विभाग द्वारा रिपोर्ट की गई कुल क्षति 261 करोड़ रुपए से अधिक रही है। उन्होंने बताया कि कृषि क्षेत्र में लगभग 863 हेक्टेयर फसलें प्रभावित हुईं, जिससे 316 लाख रुपए से अधिक की क्षति का अनुमान है। इसके अलावा बागवानी, शिक्षा और स्वास्थ्य विभागों द्वारा क्रमशः 207 लाख रुपए, 716 लाख रुपए और 591 लाख रुपए की क्षति दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-503 पर हुए नुकसान का अनुमान लगभग 15 रुपए करोड़ आंका गया है। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे वर्ष 2025 की आपदा से संबंधित सभी अद्यतन आंकड़े निर्धारित पोर्टल पर शीघ्र अपलोड करें, ताकि एक समग्र व सटीक रिपोर्ट राज्य व केंद्र सरकार को प्रस्तुत की जा सके।

## तंबाकू से जुड़ी सामग्री को बेचने वाले दुकानदारों को लाइसेंस बनाना अनिवार्य : डॉ: अनुराधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा डीआरडीए हाल में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सूद, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनुराधा ने की। कार्यशाला में जिले के सभी डीपीओ, बीडीओ ने भाग लिया।

डॉ. अनुराधा ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य कार्यशाला में भाग ले रहे अधिकारी व कर्मचारी वर्ग को तंबाकू वेंडर लाइसेंस एक्ट 2016, तंबाकू फ्री गांव, तंबाकू फ्री शिक्षण संस्थान से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा करना उन्होंने बताया कि तंबाकू से जुड़ी सामग्री को बेचने वाले दुकानदारों को लाइसेंस बनाना अनिवार्य होगा। तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के लिए जागरूकता गतिविधियों के साथ-साथ संस्थानों के आसपास व परिसरों में तंबाकू सामग्री पर पूर्णतया प्रतिबंध तथा टीओएईफाई संस्थान के लिए सभी की भूमिका के बारे भी जानकारी दी।

# होली फेथ स्कूल के स्टूडेंट्स ने नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक




होली फेथ सीनियर सेकेंडरी स्कूल पठियार की ओर से नगरोटा बगवां बस स्टैंड में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**होली** फेथ सीनियर सेकेंडरी स्कूल पठियार के द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन नगरोटा बगवां बस स्टैंड में किया गया।

नुक्कड़ नाटक में स्कूल के छात्र व छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा अपनी कलात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस नाटक का मुख्य उद्देश्य नशे के दुष्प्रभाव के बारे में लोगों को जागरूक करना था। नाटक के दौरान लोगों को जागरूक करने के लिए बच्चों के द्वारा शपथ ग्रहण, व्याख्यान, नाटक तथा पोस्टर जैसे आयोजनों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

इस अवसर पर स्कूल के कई अध्यापक उपस्थित रहे तथा शारीरिक शिक्षा के अध्यापक साहिल सूद के द्वारा कहा कि नशा और व्यसन मुक्त रहकर ही हम अपनी जीवन की हर परिस्थिति से अपने आप को सशक्त बना सकते हैं। अध्यापकों के द्वारा सभी विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई कि वे अपने जीवन में कभी भी नशा न करें और अपने स्वास्थ्य को बीमारियों से दूर रखें।

# शाहपुर कॉलेज टीम ने नगरोटा बगवां को हराया



शाहपुर में इंटर कॉलेज टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत।

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**कांगड़ा** मैदान में आयोजित इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट के प्रथम लीग मैच में राजकीय महाविद्यालय शाहपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां को कड़े संघर्ष के बाद पराजित किया।

कप्तान अजनीश के नेतृत्व में टीम ने बेहतरीन तालमेल और खेल भावना का परिचय दिया। शाहपुर के खिलाड़ी अपिल ने बल्ले और गेंद दोनों से उम्दा प्रदर्शन करते हुए सबका ध्यान आकर्षित किया। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और सटीक गेंदबाजी ने टीम को मज़बूत स्थिति में ला दिया। वहीं, स्पर्श ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए टीम के स्कोर को सशक्त आधार दिया। गेंदबाजी में आदित्य ने कमाल दिखाते हुए चार विकेट झटके और विपक्षी टीम की पारी को बिखेर दिया। मैच के बाद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने टीम की इस शानदार जीत पर खुशी जताई। टीम मैनेजर प्रो. संजीव पुरी ने खिलाड़ियों के अनुशासन, मेहनत और समर्पण की सराहना की तथा उम्मीद जताई कि यह जीत आगामी मुकाबलों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगी।

# प्रताप वर्ल्ड स्कूल बना अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट का चैंपियन

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल ने अंडर-19 जिला क्रिकेट टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। टीम ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान शानदार खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबला प्रताप वर्ल्ड स्कूल के क्रिकेट ग्राउंड में खेला गया, जहां मेजबान टीम प्रताप वर्ल्ड स्कूल ने आर्या ब्वॉयज को हराकर प्रभावशाली जीत दर्ज की।

यह टूर्नामेंट जिला शिक्षा विभाग, पठानकोट द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें जिले की कुल 16 टीमों ने भाग लिया। सात दिनों तक चले इस रोमांचक प्रतियोगिता में जिले के उभरते युवा क्रिकेटरों ने अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल में टॉस जीतकर प्रताप वर्ल्ड स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 15 ओवर में 234 रन बनाकर केवल 4 विकेट खोए। बल्लेबाजी क्रम में लक्ष्य ने 31 गेंदों में 70 रन, कप्तान अहराज ने 21 गेंदों में 53 रन की आतिशी पारी खेली, जबकि राजा वसीम ने 11 गेंदों में 22 रन जोड़ते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। जवाब में आर्या ब्वॉयज की टीम 127 रनों पर ऑलआउट हो गई। गेंदबाजी में अहराज ने 3 ओवर में 22 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि राजा वसीम ने 2 ओवर में मात्र 12 रन देकर 3 विकेट झटके। टीम का मार्गदर्शन कोच अशरफ और गुरविंदर ने किया, जिनकी रणनीति और समर्पण ने जीत में अहम भूमिका निभाई।



मेजबान टीम प्रताप वर्ल्ड स्कूल ने आर्या ब्वॉयज को हराकर ट्रॉफी की हासिल।

डायरेक्टर सनी महाजन ने कहा कि यह जीत विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। डायरेक्टर ओशिन महाजन ने टूर्नामेंट की मेजबानी और जीत को एक 'बड़ा मील का पत्थर' बताया। प्रिंसिपल शुभ्रा रानी ने खिलाड़ियों की टीम भावना की प्रशंसा की, जबकि डीएसओ अरुण कुमार और डीईओ राजेश कुमार ने स्कूल द्वारा खेल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

# योल बाजार में खुली पाइप को दबाने का काम हुआ शुरू




'अनंत ज्ञान' में खबर छपने के बाद हरकत में आया विभाग

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान, योल।** अनंत ज्ञान में खबर छपने के बाद विभाग हरकत में आ गया है। बाजार में खुली पड़ी पेयजल पाइप को दबाने का काम शुरू कर दिया है। जलशक्ति व पीडब्ल्यूडी की लापरवाही पर प्रधान की सख्ती' का असर शाम होते-होते दिखने लगा। खबर प्रकाशित होने के कुछ ही घंटों बाद संबंधित विभाग हरकत में आ गया और मौके पर ठेकेदार व मजदूरों को भेजकर खुली पड़ी पाइपों को बंद करने का कार्य शुरू कर दिया गया। विभागीय टीम के मौके पर पहुंचते ही स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। दुकानदार विशाल धवन, शनि भाटिया सहित आसपास के लोगों ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि 'अगर मीडिया इस मामले को आवाज न देता तो शायद विभाग अब भी सोया रहता।'

# बारी पंचायत की ग्राम सभा में प्लास्टिक कचरा उठाने के लिए प्रस्ताव पारित

**अनंत ज्ञान, डरोह**

**विकास** खंड भवारना के अंतर्गत ग्राम पंचायत बारी की ग्राम सभा में प्लास्टिक कचरे का प्रबंधन करने पर विचार किया गया। अध्यक्ष महोदय ने समस्त ग्राम सभा सदस्यों को बताया कि ग्राम सभा क्षेत्र से प्लास्टिक-कचरे को लेने के लिए हर सप्ताह के वीरवार को गाड़ी आएगी तथा ग्राम सभा क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में निर्धारित स्थान से प्लास्टिक-कचरा उठाकर ले जाया करेगी। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम सभा वासी प्लास्टिक कचरे को इकट्ठा करके एक थैले में जमा करें तथा ग्राम पंचायत के वार्ड में निर्धारित स्थान पर जमा करवाएं, ताकि कचरा उठाने वाली गाड़ी इस कचरे को उठाकर ले जाए। यदि कोई परिवार ग्राम सभा क्षेत्र में प्लास्टिक कचरा इधर-उधर फैंकता हुआ पाया गया तो जुर्माना लगाया जाएगा। इसके साथ ग्राम सभा क्षेत्र में स्वच्छता शुल्क लगाने बारे भी चर्चा की गई। ग्राम सभा क्षेत्र में 50 रुपए प्रति माह हर परिवार से स्वच्छता शुल्क लिया जाए पारित कि गया है। प्रस्ताव की प्रतिलिपि आगामी कार्रवाई के लिए खंड विकास अधिकारी भवारना की सेवा में प्रेषित है।

**प्लास्टिक कचरा उठाने हर वीरवार आएगी गाड़ी**

## 19.46 ग्राम चिट्टे के साथ एक गिरफ्तार

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** बैजनाथ पुलिस की विशेष टीम ने सोमवार रात गुप्त सूचना के आधार पर उम्र 36 वर्षीय सुनील कुमार उर्फ सोनू पुत्र जयराम, निवासी गांव कोटली, डाकघर गुनेहड़ को 19.46 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, विशेष टीम गश्त पर थी, उसी दौरान टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि उक्त आरोपी अपने रिहायशी क्वार्टर, सिविल अस्पताल रोड, बैजनाथ में ग्राहकों को चिट्टा बेचने का धंधा करता है तथा हाल ही में पंजाब से चिट्टा लेकर आया है।

सूचना के आधार पर जिला कांगड़ा पुलिस की विशेष टीम ने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी के ठिकाने पर छापा मारा और उसे रंगे हाथों काबू किया गया। थाना प्रभारी यादेश ठाकुर ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध पुलिस थाना बैजनाथ में धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ कर रही है।

**समारोह** विद्यार्थियों ने वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम से बांधा समां

# खैरा स्कूल में मेधावी स्टूडेंट्स नवाजे

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खैरा का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्यातिथि हिमाचल प्रदेश सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान थे। कार्यवाहक प्रधानाचार्या शर्मीला धीमान ने मुख्यातिथि व उनके साथ आए अतिथियों का स्वागत किया। मुख्यातिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रधानाचार्या ने वार्षिक रिपोर्ट रखी। उन्होंने विद्यालय की कुछ समस्याएँ भी मुख्यातिथि के समक्ष रखीं। मंच संचालन राकेश सिंह ने किया। कार्यक्रम में शैक्षणिक और खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्यातिथि संजय चौहान द्वारा स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। उन्होंने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने विद्यालय में दो नए कक्षों के निर्माण के लिए एसएमसी द्वारा प्रस्ताव भेजने की बात कही और इसे पूरा करने का आश्वासन भी दिया। चौहान ने कहा कि सुक्खू सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में अनेक आधारभूत परिवर्तन किए हैं, जिसके चलते हिमाचल प्रदेश शिक्षा में अग्रणी राज्य बन गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू और शिक्षामंत्री रोहित ठाकुर का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि सरकार अनाथ बच्चों और विधवाओं की संतान की हर संभव सहायता कर रही है। मुख्यातिथि ने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे विद्यार्थियों को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जैसे आदर्श चरित्र की शिक्षा दें और उन्हें संस्कारवान नागरिक बनाएं।



राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरा के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में संजय चौहान रहे मुख्यातिथि।

इस अवसर पर एसएमसी प्रधान राकेश राणा, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रमेश चंद, संजय कुमार, पंचायत प्रधान नीतू बारी, विक्रम गुलेरिया, और जोगिंद्रा गुलेरिया आदि उपस्थित रहे।

## भटेड़ में स्व. गंगा राम डढवाल बैडमिंटन स्मृति ट्रॉफी में 8 से

**अनंत ज्ञान डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र की पंचायत सन्हूं के भटेड़ गांव में लंज्या इको स्पोर्ट्स क्लब भटेड़ द्वारा प्रथम स्व. गंगा राम डढवाल स्मृति बैडमिंटन ट्रॉफी का आयोजन 8 और 9 नवंबर को किया जा रहा है। क्लब अध्यक्ष सुमन डढवाल ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना और युवाओं में खेल भावना, अनुशासन व भाईचारे को बढ़ावा देना है।

मुख्य आयोजक सतिंदर सिंह डढवाल (पुत्र स्व. बलबीर सिंह डढवाल सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य) अपने दादा की पुण्यतिथि पर यह प्रतियोगिता आयोजित कर रहे हैं। लंज्या इको पार्क स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भटेड़ सन्हूं में होने वाले मैचों में 70 प्लस डबल्स कैटेगरी ए के मुकाबले 8 नवंबर को होंगे, जबकि कैटेगरी बी ओपन डबल्स 9 नवंबर को खेले जाएंगे। विजेताओं को ट्रॉफी सहित 11,000 व उपविजेताओं को 7,100 रुपए का नकद इनाम मिलेगा। मैच सुबह 9 बजे से आरंभ होंगे।

# पंचरुखी बाजार में शौचालय की दीवार ढहने की कगार पर

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** पंचरुखी मुख्य बाजार के शौचालय की दीवार कई महीनों से गिरने की कगार पर है, लेकिन कोई इसकी सुध लेने वाला नहीं है। पंचरुखी बाजार में रोजाना हजारों लोग खरीददारी करने आते हैं, लेकिन महिलाओं के लिए बने सुलभ शौचालय की दीवार गिरने की कगार पर है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।


आम आदमी पार्टी विधानसभा क्षेत्र जयसिंहपुर के सचिव कालीदास ने कहा कि सरकार अपने वेतन और सुविधाएं बढ़ाने में मस्त है और जनता की कोई परवाह नहीं। कालिदास ने कहा कि कई महीनों से यह शौचालय क्षतिग्रस्त हो चुका है, लेकिन आज तक न शासन और न ही प्रशासन ने इसको बनवाने की जहमत की। हालांकि, मंत्री का घर यहां से लगभग 100 मीटर भी नहीं है, इन्होंने ने भी इस इसको अनदेखा कर दिया है। शौचालय के बाहर बहुत बड़ा चेतना बोर्ड चिपक के रखा हुआ है। जिसमें लिखा है कि महिला शौचालय की दीवार क्षतिग्रस्त है, सावधानीपूर्वक इस्तेमाल करें। उन्होंने सरकार से मांग की है की जल्द शौचालय की मरम्मत करवाइए जाए। उन्होंने कहा कि सरकार के इतने बुरे हाल हैं कि किसानों को खाद उपलब्ध नहीं करवा पा रही है।




**कभी भी हो सकता है हादसा, किसी ने नहीं ली सुध : कालिदास**

## बैकुंठ चतुर्दशी पर्व पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़, व्यवस्था रही कड़ी

# बैजनाथ शिव मंदिर में अखरोटों की बारिश




**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** विख्यात शिव मंदिर बैजनाथ में मंगलवार को बैकुंठ चतुर्दशी पर्व पर अखरोटों की बारिश की गई। बैजनाथ के ऐतिहासिक शिव मंदिर के गुंबद से रिकॉर्डतोड़ 15,000 हजार अखरोट बरसाए गए।

मंदिर में शाम 5:00 बजे से ही श्रद्धालुओं का भारी तांता लगा शुरू हो गया था। मंदिर ट्रस्टी मुकेश शर्मा ने बताया कि इस बार प्रशासन की ओर से अखरोट बारिश के इस पर्व के लिए उचित व्यवस्था की गई थी, ताकि अखरोट बारिश में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। संध्याकालीन आरती के बाद मंदिर के पुजारी धर्मेंद्र शर्मा ने जैसे ही अखरोटों की बारिश शुरू की, तो सभी श्रद्धालु भोले बाबा के इस अमूल्य प्रसाद को ग्रहण करने के लिए उमड़ पड़े। मान्यता है कि इस प्रसाद को ग्रहण करने से कई प्रकार के रोगों से निजात मिलती है। वहीं, इन्हें घर में रखने से धन धान्य की वृद्धि होती है। अखरोट बारिश के इस पर पर स्थानीय विधायक किशोरी लाल, मंदिर ट्रस्टी मिलाप राणा, मुकेश शर्मा, इंद्र नंदा और सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। यह आयोजन सदियों पुरानी परंपरा का हिस्सा है, जिसमें भगवान शिव और भगवान विष्णु की संयुक्त आराधना की जाती है। मान्यता है कि इस दिन अखरोटों की वर्षा शंखासुर वध की स्मृति में की जाती है, जो वेदों की रक्षा का प्रतीक मानी जाती है।

## 18 साल के युवा मतदाता सूची में दर्ज करवाएं नाम

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से 3 नवंबर को आयोजित बैठक में प्राप्त निर्देशों के अनुसार, 1 अक्तूबर को 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले नए मतदाताओं से अनुरोध है कि वे आगामी नगर परिषद चुनावों के लिए मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराएं। नागरिक अपना दावा फॉर्म-4 के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, जो नगर परिषद बैजनाथ पपरोला के कार्यालय में उपलब्ध है। नागरिकों को फार्म-4 के साथ अपना वोटर कार्ड/आधार कार्ड, एक पासपोर्ट साइज फोटो, आयु जांच के लिए मैट्रिक प्रमाणपत्र आदि लगाना अनिवार्य होगा। यदि किसी स्थिति में अवेदनकर्ता स्वयं उपलब्ध नहीं है, तो उसका प्रतिनिधित्व उसके परिवार के किसी सदस्य द्वारा किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में परिवार नकल और प्राधिकार पत्र (Authority Letter) प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। शहर से बाहर रहने वाले अवेदनकर्ता रजिस्टर पोस्ट के माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं। सभी आवेदन अपीलीय प्राधिकारी (उप-मंडलाधिकारी (ना), बैजनाथ) के कार्यालय में 10/11/2025 तक जमा किए जाएंगे।

## स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जारी की टेट परीक्षाओं की समयसारिणी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि बोर्ड ने टेट नवंबर-2025 की विभिन्न विषयों की परीक्षाओं की समयसारिणी जारी कर दी है। बोर्ड की ओर से ये परीक्षाएं जेबीटी, टीजीटी (संस्कृत), टीजीटी (नॉन-मेडिकल), टीजीटी (हिंदी), स्पेशल एजुकेटर टेट (प्राथमिक स्तर) तथा स्पेशल एजुकेटर टेट (माध्यमिक स्तर) विषयों के लिए आयोजित की जाएंगी। डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि जेबीटी टेट की परीक्षा 8 नवंबर, को प्रात: 10 बजे से 12:30 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें कुल 8346 अभ्यर्थी 60 परीक्षा केंद्रों में शामिल होंगे। टीजीटी (संस्कृत) टेट की परीक्षा उसी दिन दोपहर 2 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसके लिए 1662 अभ्यर्थी 48 केंद्रों पर परीक्षा देंगे। टीजीटी (नॉन-मेडिकल) टेट की परीक्षा 9 नवंबर, को प्रात: 10 बजे से 12:30 बजे तक होगी, जिसमें 6346 उम्मीदवार 54 परीक्षा केंद्रों में शामिल होंगे। टीजीटी (हिंदी) टेट की परीक्षा 9 नवंबर को दोपहर 2 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें 2422 अभ्यर्थी 43 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा देंगे। इसके अलावा, स्पेशल एजुकेटर टेट (प्राथमिक-कक्षा पांचवीं तक) की परीक्षा 16 नवंबर को प्रात: 10 बजे से 12:30 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें 739 अभ्यर्थी 4 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा देंगे। स्पेशल एजुकेटर टेट (कक्षा छठी से बारहवीं तक) की परीक्षा 16 नवंबर को ही दोपहर 2 बजे से 4:30 बजे तक होगी, जिसके लिए 184 अभ्यर्थी 3 परीक्षा केंद्रों में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इन सभी परीक्षाओं के एडमिट कार्ड बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षा से संबंधित अन्य जानकारी के लिए अभ्यर्थी बोर्ड कार्यालय के दूरभाष नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

### हैप्पी बर्थडे



नालागढ़ की इशिका मेहता को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### नई जोड़ी



लंबागांव के सुरेश कुमार और नौरा की राधा को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# लाइसेंस फीस की 1 करोड़ 83 लाख की पेंडेंसी पर 5 ठेके सील

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**आबकारी** एवं कराधान विभाग जिला कांगड़ा द्वारा मंगलवार को आलमपुर व मैंझा में 5 शराब के ठेकों को सील कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि इन ठेकों की लाइसेंस फीस के तौर पर विभाग द्वारा संबंधित ठेकेदार से 1.83 करोड़ रुपए की देनदारी पेंडिंग थी।

आबकारी एवं कराधान विभाग जिला कांगड़ा के डीसी प्रेम सिंह कैथ ने बताया कि विभाग द्वारा संबंधित ठेकेदार को इस राशि का भुगतान करने के लिए अगस्त माह में नोटिस जारी किया गया था। जिस पर ठेकेदार ने नोटिस के विरुद्ध कोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट की ओर से ठेकेदार को यह सारी राशि 31 अक्तूबर तक नोटिस में तय राशि व आगे की राशि का भुगतान करने के आदेश जारी किए। इस तरह ही विभाग द्वारा संबंधित ठेकेदार को 23 अक्तूबर को एक नोटिस जारी किया गया, जिसमें उसे 31 अक्तूबर तक उपरोक्त राशि का भुगतान करने के समय के बारे में कहा गया। साथ ही चेताया था कि यदि ठेकेदार द्वारा यह भुगतान तय समय पर नहीं होगा तो 1 नवंबर को उसके उपरोक्त सभी शराब ठेके सील कर दिए जाएंगे, लेकिन बावजूद भुगतान के संबंधित ठेकेदार फिर कोर्ट में गया। ठेकेदार द्वारा भुगतान के लिए समय मांगने पर कोर्ट ने ठेकेदार को 15 दिसंबर तक का समय दिया। साथ ही यह भी कहा कि कोर्ट द्वारा ठेकेदार को 25 लाख की पैनेल्टी भी लगेगी। इसके बाद ठेकेदार ने कोर्ट में दर्ज अपनी याचिका को वापस ले लिया और कोर्ट ने ठेकेदार की याचिका को खारिज करते हुए ठेकेदार पर 2 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। इसके बाद विभाग द्वारा मंगलवार को ठेकेदार को नोटिस जारी कर ठेकों को शाम तक सील कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा किए गए ठेकों का केस बनाकर पालमपुर स्थित कोलेक्टर एक्साइज कम ज्वॉइंट कमीशनर को भेजा जाएगा। इसके बाद ठेकेदार को यह राशि भरने के लिए एक हफ्ते का समय दिया जाएगा। अगर यह राशि को जमा करते हैं तो इन ठेकों को पुन: चालू कर दिया जाएगा, अन्यथा फिर से ठेकों की दोबारा नीलामी प्रकिया अमल में लाई जाएगी।

**अगस्त में विभाग ने जारी किया था नोटिस**

## चेन स्नेचर कोर्ट में पेश, तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

**अनंत ज्ञान, जवाली।** जवाली के पुरानी आईटीआई के पास रविवार को दो बाइक सवारों ने चलती बाइक पर एक महिला के कानों की बालियां उड़ा लीं। इसके बाद सोमवार को भरमाड़ में सड़क किनारे पैदल चल रही महिला शिला देवी के गले से सोने की चेन भी छीन ली गई। इसी दिन फतेहपुर के बटाहड़ी में एक महिला के कानों से दोनों बालियां उड़ा दी गईं। इन शातिर अपराधियों की पौंग डैम के नजदीक स्थानीय लोगों और फतेहपुर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया। दोनों युवकों को फतेहपुर पुलिस स्टेशन में रखा गया और आगे की कार्रवाई की। मंगलवार को आरोपियों को जवाली न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 3 दिन के रिमांड पर भेजा गया। 6 नवंबर को फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा दोनों युवकों को पुन: न्यायालय में पेश किया जाएगा। इसकी पुष्टि एसपी अशोक रतन ने की। इन घटनाओं के आरोपी पकड़ लिए जाने से इलाके के लोगों ने राहत की सांस ली है।

# डाडासीबा कबतवाड़ में कृषि विभाग का कार्यालय बना 'सफेद हाथी'

### गेहूं सीजन में किसान बीज के लिए भटक रहे दर-दर, विभाग चुप

**पिंकी, अनंत ज्ञान**

**डाडासीबा।** डाडासीबा क्षेत्र के बतवाड़ गांव में बना कृषि विभाग का कार्यालय बदहाली की हालत में पहुंच चुका है। कभी किसानों को बीज, खाद और कृषि उपकरण उपलब्ध करवाने वाला यह केंद्र अब पूरी तरह निष्क्रिय हो गया है। भवन तो खड़ा है, लेकिन भीतर सन्नाटा और अव्यवस्था का आलम है–न कोई अधिकारी, न कर्मचारी, और न ही किसानों के लिए कोई सुविधा। इन दिनों गेहूं की बुआई का सीजन चरम पर है, परंतु किसान बीज के लिए दर-दर भटक रहे हैं। विभाग की निष्क्रियता के कारण अब किसान सोसायटियों और निजी दुकानों पर निर्भर हैं, जहाँ उन्हें महंगे दामों पर बीज खरीदना पड़ रहा है।

किसानों का कहना है कि यदि विभाग समय पर बीज वितरण करता, तो उन्हें यह परेशानी न झेलनी पड़ती। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व उपाध्यक्ष अचल पठानिया ने कहा कि बतवाड़ कृषि केंद्र का निष्क्रिय होना जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने सरकार से मांग की कि केंद्र को तुरंत चालू किया जाए, भवन की मरम्मत कर स्थायी अधिकारी तैनात किए जाएं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि विभाग ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो यह भवन जल्द ही खंडहर में तब्दील हो जाएगा। फिलहाल, कृषि विभाग की खामोशी और किसानों की बेबसी ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर जनता की सुविधा के लिए बनाए गए सरकारी दफ्तर कब तक ऐसे ही 'सफेद हाथी' बने रहेंगे?



डाडासीबा कृषि विभाग के भवन की हालत खस्ता।

## धर्मशाला में चरस व नकदी के साथ युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस की विशेष टीम ने धर्मशाला में एक युवक को चरस और नकदी के साथ गिरफ्तार किया है। धर्मशाला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी 22 वर्षीय लक्ष्य निवासी इंदौरा वार्ड नंबर 7, तहसील इंदौरा, जिला कांगड़ा, को 575.01 ग्राम चरस और 27 हजार की नकदी सहित गिरफ्तार किया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि प्राथमिक जांच में पाया गया कि आरोपी लंबे समय से नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त था और पुलिस की निरंतर निगरानी में था। सोमवार रात को जब जिला कांगड़ा पुलिस की विशेष टीम गश्त पर थी, उसी दौरान टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी हाल ही में चरस की बड़ी खेप लेकर धर्मशाला क्षेत्र में आया है और अपने एक मित्र के रिहायशी क्वार्टर बड़ोल धर्मशाला में ठहरा हुआ है। सूचना के पश्चात पुलिस की विशेष टीम ने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी के ठिकाने पर छापा मारा और उसे रंगेहाथों दबोच लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 575.01 ग्राम चरस तथा 27 हजार नकद बरामद किए गए। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज के आगामी कार्रवाई की है।

## न्यूज ब्रीफ

### गरली स्कूल में मनाया वार्षिक पारितोषिक समारोह

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरली में वार्षिक पारितोषिक समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य अनिरुद्ध शर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि पूर्व कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मनकोटिया थे। विद्यार्थियों ने नृत्य, नाट्य और देशभक्ति प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया और सांस्कृतिक गतिविधियों की सराहना की।

### पठानकोट में भाजपा ने किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट में भाजपा ने कांग्रेस पंजाब प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग द्वारा स्व. सरदार बूटा सिंह पर कथित जाति सूचक टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भगवान वाल्मीकि चौक पर नारेबाजी कर कांग्रेस और राजा वडिंग की कड़ी निंदा की। उन्होंने माफी की मांग की और कांग्रेस से राजा वडिंग को पद से बर्खास्त करने का आग्रह किया। भाजपा ने कहा कि वह सामाजिक न्याय और सभी वर्गों के सम्मान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

### धर्मशाला में राज्यस्तरीय एथलेटिक्स स्पर्धा शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डीसी हेमराज बैरवा ने धर्मशाला के सिंथेटिक एथलैटिक्स ट्रैक में हिमाचल स्कूल खेल संगठन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 40वीं राज्य स्तरीय अंडर-14 वार्षिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के 12 जिलों से लगभग 450 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। चार दिवसीय स्पर्धाओं में शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, 100-400 मीटर दौड़, रिले, हाई जंप, लांग जंप और कुरैश प्रतियोगिताएं शामिल हैं। डीसी ने खेलों के महत्व और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया।

### 14वीं वाहिनी एनडीआरएफ नूरपुर प्रथम

**अनंत ज्ञान नूरपुर।** 14वीं वाहिनी एनडीआरएफ नूरपुर की ओर से आयोजित सीएसएसआर प्रतियोगिता 2025 के समापन समारोह की अध्यक्षता आज कमांडेंट, 14वीं वाहिनी एनडीआरएफ बलजिंदर सिंह ने की। मुख्य अतिथि ने विजेता खिलाड़ियों को पदक, ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए। प्रतियोगिता में 14वीं वाहिनी एनडीआरएफ नूरपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में 7वीं, 13वीं, 14वीं तथा 15वीं वाहिनी एनडीआरएफ की टीमों ने भाग लिया।

### कोटला स्कूल के होनहारों ने जीते दो गोल्ड मेडल

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय हमीरपुर में 1 से 3 नवंबर तक आयोजित राज्यस्तरीय अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता में साहिल (लॉन्ग जंप) और आयुष कुमार (हाई जंप) ने स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्या बबीता सहोत्रा और समस्त स्टाफ ने चयनित छात्रों व कोच संदीप कुमार धीमान और सन्नी कंवर को बधाई दी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता नवम्बर के अंतिम सप्ताह हरियाणा में आयोजित होगी।

### अवैध माइनिंग: दो पोकलेन बरामद, माफिया फरार

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट के बॉर्डर क्षेत्र में अवैध माइनिंग की सूचना पर थाना तारागढ़ की पुलिस और माइनिंग विभाग ने सहारनपुर रावी दरिया के पास कार्रवाई की। रात लगभग एक बजे मौके पर पहुंची टीम ने देखा कि कुछ लोग अवैध खनन कर रहे थे। पुलिस के आते ही माइनिंग माफिया के सभी ड्राइवर और कर्मचारी फरार हो गए। पुलिस ने मौके से दो पोकलेन मशीनें बरामद की। थाना प्रभारी अंग्रेज सिंह ने बताया कि माइनिंग विभाग की सूचना पर तुरंत कार्रवाई की गई। अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच जारी है।

### न्याजपुर प्रभावितों को जमीन उपलब्ध कराने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** नूरपुर उपमंडल के न्याजपुर में 2019 के भूस्खलन में प्रभावित 17 परिवारों में से केवल 7 को जमीन मिल पाई, जबकि शेष 10 परिवार अभी भी ठोकरें खा रहे हैं। वर्ष 2019 में इन परिवारों को सरकारी आवास में ठहराया गया और उन्हें जमीन देने का आश्वासन दिया गया था। उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने 15 जुलाई 2025 को आदेश जारी कर सभी परिवारों को जमीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। हालांकि, उपमंडल नूरपुर प्रशासन की लापरवाही के कारण शेष 10 परिवारों को जमीन का कब्जा नहीं मिल पाया। मंगलवार को प्रभावित परिवार उपायुक्त से मिले, जिन्होंने एसडीएम नूरपुर को तुरंत कब्जा दिलाने और किसी प्रकार की बाधा न डालने के निर्देश दिए। जिलाधीश ने भी सुनिश्चित किया कि गरीब और जरूरतमंद लोगों को हर संभव सहयोग मिले।

# इंटर कॉलेज बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अभियांशु ने जीता कांस्य पदक

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**पंडित** संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ के छात्र अभियांशु राणा ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 85 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां में 29 से 31 अक्तूबर तक आयोजित की गई थी।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने अभियांशु राणा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की ऐसी उपलब्धियां संस्थान की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक ले जाती हैं और अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बनती हैं। शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ. राजेश चौधरी ने अभियांशु राणा एवं टीम के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दीं।

## 74 किलोग्राम भार वर्ग में पवन पहले स्थान पर

**कोहली, अनंत ज्ञान**

शाहपुर। कांगड़ा जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैत में चार दिवसीय राष्ट्रीय फेडरेशन कप क्लासिक एवं इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप के तीसरे दिन मंगलवार को पुरुष 59 किलोग्राम भार वर्ग में उत्तरप्रदेश के यश ने पहला स्थान हासिल किया।

वहीं, हिमाचल का कुणाल सिंह दूसरे स्थान पर रहा। पुरुष 66 किलोग्राम भार वर्ग में तेलगाना का एम वामसी प्रथम, उत्तरप्रदेश का लवकुश चौधरी द्वितीय तथा जम्मू-कश्मीर का चेतन डोगरा तीसरे स्थान पर रहा। पुरुष 74 किलोग्राम भार वर्ग में हरियाणा का पवन राजपूत पहले स्थान पर रहा। चंडीगढ़ का वीरेंद्र कारकी दूसरे तथा तेलगाना का एम श्रेणिक तीसरे स्थान पर रहा।




रैत में राष्ट्रीय फेडरेशन कप क्लासिक एवं इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन।

## राहुल ने राज्यस्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में झटका दूसरा स्थान




राहुल शर्मा ने किया धर्मशाला कॉलेज का नाम रोशन।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**बोह** के घड़घूंन निवासी राहुल शर्मा पुत्र कान्ह शर्मा ने अरणी विश्वविद्यालय इंदौरा में आयोजित राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सीनियर वर्ग के 60 किलोग्राम भार वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला का नाम गौरवान्वित किया है। राहुल वर्तमान में महाविद्यालय से पीजीडीसीए की पढ़ाई कर रहा है। इससे पहले भी वह अपनी स्नातक की शिक्षा इसी कॉलेज से पूरी कर चुका है। अपने परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर राहुल ने यह उपलब्धि हासिल की है, जो महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। राहुल की इस सफलता पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रमुख डॉ. नरेश मनकोटिया ने बधाई दी।

## आरुष ने नेशनल शतरंज स्पर्धा के लिए किया क्वालीफाई



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भारती विद्यापीठ स्कूल बैजनाथ के नवमी कक्षा के छात्र आरुष राणा ने सुंदरनगर में आयोजित राज्यस्तरीय शतरंज प्रतियोगिता अंडर-17 वर्ग में चौथा स्थान प्राप्त कर नेशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। यह प्रतियोगिता त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में आयोजित होगी। आरुष राणा ने लगातार तीसरी बार नेशनल के लिए क्वालीफाई किया है। स्कूल निदेशक नवनीत डोगरा, प्रधानाचार्य संजय शर्मा तथा विद्यालय के अध्यापकों ने आरुष और उसके माता-पिता को बधाई दी है।

## स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग से भारत करेगा अधिक उन्नति : शांता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ नेता शांता कुमार ने कहा कि देश में तैयार वस्तुओं का प्रयोग होगा तो देश में उत्पादन बढ़ेगा। देश अधिक उन्नति की ओर जाएगा तथा अपने देश के लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे देश आत्मनिर्भर होगा किसी दूसरे देश पर निर्भर नही होंगे। ओर यह तथा संभव है जब हम ज्यादा से ज्यादा अपने अपने देश में तैयार वस्तुओं को खरीद कर उनका प्रयोग करें।

शांता मंगलवार को पालमपुर में आत्मनिर्भर भारत हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी युवा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत आत्मनिर्भरता की नई परिभाषा लिख रहा है। उन्होंने हर घर स्वदेशी का मंत्र अपनाने का आह्वान किया। आत्मनिर्भर भारत अभियान अब राष्ट्रीय चरित्र का हिस्सा बन चुका है। स्थानीय उद्योगों व कारीगरों को बढ़ावा देना ही सच्ची आत्मनिर्भरता है। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और युवा उद्यमियों को सशक्त बनाने की बात कही।

# आयुष मंत्री गोमा ने रखी पंचायत सामुदायिक केंद्र की आधारशिला

### बोले- पंचायतीराज संस्थाओं को सुदृढ़ करने पर प्रदेश सरकार वचनबद्ध

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

**आयुष,** युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री यादविंद्र गोमा ने मंगलवार को काथला पंचायत में लगभग 30 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले पंचायत सामुदायिक केंद्र (पंचायत घर) के भवन की आधारशिला रखी।

जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पंचायतीराज संस्थाओं को सशक्त बनाने के लिए वचनबद्ध है, ताकि ग्रामीण स्तर पर शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावशाली बनाया जा सके और आम जनता को अधिकतम लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि पंचायतें न केवल अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने की अहम जिम्मेदारी निभाती हैं, बल्कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहार कि पंचायत घर का निर्माण तय समयसीमा में पूर्ण कर लिया जाएगा। गोमा ने बताया कि काथला में 4.39 करोड़ रुपये की लागत से बस अड्डा और बस डिपो भवन के निर्माण कार्य की शुरुआत इस माह के अंत तक कर दी जाएगी, जो अगले वर्ष दशहरा तक पूर्ण होगा। इसके साथ ही वेटरनरी डिस्पेंसरी को अस्पताल का दर्जा देते हुए 15 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने स्थानीय मांगों को ध्यान में रखते हुए हारसी-नौला सड़क के शेष कार्य के लिए 5 लाख रुपए, प्राचीन शिव मंदिर सड़क के लिए 2.5 लाख रुपए तथा कामाख्या मंदिर सड़क के लिए 3 लाख रुपए की धनराशि देने की घोषणा की। मंत्री ने बताया कि वह इस माह के अंत से वार्ड स्तर पर पंचायतों का दौरा कर लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे।




प्राचीन शिव मंदिर सड़क के लिए 2.5 लाख रुपए देने की घोषणा की।

गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर लख-लख बधाईयां

पृथी पाल सिंह (हि.प्र.से.)
प्रबंधक निदेशक
अन्य पिछड़ा वर्ग, वित्त एवं विकास निगम

गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव की लख-लख बधाईयां

आशीष बुटेल
विधायक विस क्षेत्र पालमपुर

दिलबाग सिंह
पार्षद नगर निगम पालमपुर वार्ड नं.- 3

## न्यूज ब्रीफ

### इंसानियत संस्था ने लगाया 18वां रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** इंसानियत संस्था की ओर से 18वां रक्तदान शिविर डाहड़ में आयोजित किया गया, जिसमें उत्साहपूर्वक लोगों ने भाग लिया। इस शिविर में कुल 27 लोगों ने रक्तदान किया, जबकि लगभग 60 लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। संस्था के प्रधान पवन चंदेल ने स्वयं 12वीं बार रक्तदान कर समाज के प्रति अपने समर्पण का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि रक्तदान एक महान कार्य है और इससे अनेक जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था के पदाधिकारी व सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर के अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### पंकज महाजन बने आईटी सैल के प्रमुख

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा घुमारवीं ने मंडल पदाधिकारियों के नामों का ऐलान कर दिया है। नई कार्यकारिणी में दो महामंत्री, चार सचिव, एक कार्यालय सचिव, एक आईटी सैल प्रमुख, एक मीडिया प्रभारी और एक कोषाध्यक्ष की नियुक्ति की गई है। किसान मोर्चा मंडल के अध्यक्ष विवेक सांख्यान ने बताया कि यह नियुक्तियां पूर्व खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग और मंडल अध्यक्ष सुरेश ठाकुर से चर्चा व सहमति के बाद की गई हैं। सांख्यान ने बताया कि पनसाला से केशवानंद और औहर से पंकज नड्डा को मंडल महामंत्री, करलोटी से कश्मीर सिंह, त्यून खास से बृज लाल पटेल, डाबला से चिंत राम तथा फटोह से कृष्ण लाल को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। टिक्करी घुमारवीं से सोमनाथ को कार्यालय सचिव, समलेहल से पंकज महाजन को आईटी सैल प्रमुख, बाड़ी-कंरगोड़ा से महेश चंद को मीडिया प्रभारी तथा औहर के मदन वर्मा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### सिलाई प्रशिक्षण से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना के अंतर्गत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई बिलासपुर द्वारा ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से तीन माह का सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किया गया है। खंड परियोजना प्रबंधक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि यह प्रशिक्षण 3 नवंबर से शुरू हुआ है, जिसमें मकड़ी, कमलोटा, संगराना और कोठी बलाला-ज्योरा पंचायतों की 15 महिलाओं को चयनित किया गया है। प्रशिक्षण का संचालन एक मास्टर ट्रेनर द्वारा किया जा रहा है, जो प्रतिभागियों को सिलाई की आधुनिक तकनीक और व्यावहारिक कौशल सिखा रहे हैं। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रत्येक महिला को विभाग की ओर से मासिक मानदेय दिया जाएगा, ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त महसूस कर सकें। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर सभी को सिलाई से संबंधित टूलकिट भी प्रदान की जाएगी।

### दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए 7 को बैठेगा मेडिकल बोर्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिलासपुर डॉ. शशि दत्त शर्मा ने बताया कि जिला चिकित्सकीय विकलांगता बोर्ड की बैठक 7 नवंबर को क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर के नए ओपीडी कॉम्प्लेक्स के कक्ष संख्या 203 में प्रातः 10 बजे आयोजित की जाएगी। बोर्ड का कार्य अंतिम लाभार्थी की जांच पूर्ण होने तक जारी रहेगा। इस बैठक में पात्र दिव्यांग व्यक्तियों का चिकित्सकीय परीक्षण कर उन्हें विकलांगता प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे, ताकि वे विभिन्न सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ उठा सकें। बोर्ड की अध्यक्षता डॉ. शशि दत्त शर्मा करेंगे। सीएमओ ने बताया कि प्रमाण पत्र बोर्ड के कम से कम दो नामित सदस्यों द्वारा प्रमाणित किया जाना आवश्यक होगा और पात्र लाभार्थियों से समय पर उपस्थित होने की अपील की।

### एनएसएस शिविर में स्टूडेंट्स को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, कुठेड़ा (बिलासपुर)।** मुख्यमंत्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेड़ा में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन प्रधानाचार्य जगदीप सिंह ठाकुर ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी डॉ. सुनील शर्मा ने बताया कि शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने क्षेत्र के प्राकृतिक जलस्रोतों, ग्राम पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय, पशु चिकित्सालय व अस्पताल परिसर में सफाई अभियान चलाया। कुठेड़ा इकाई ने भेल गांव को गोद लेकर वहां बडू देवता मंदिर व आसपास के क्षेत्र में सफाई व झाड़ियां हटाने का कार्य किया। इस शिविर में विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास हेतु विशेष व्याख्यान आयोजित किए गए तथा उन्हें योग, प्राणायाम, संगीत और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

### भक्तमाल कथा में विधायक रणधीर ने की शिरकत

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** मंदिर समतैहन ठाकुरद्वारा में चल रही श्री भक्तमाल कथा के अंतिम दिवस पर श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा ने भक्ति रस का आनंद लिया। कथा वाचक आचार्य प्रमोद पुंज (भ्यार) ने प्रसिद्ध भक्तों के जीवन, शिक्षाओं और उनकी भक्ति भावना का प्रेरणादायक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भक्ति के माध्यम से भक्त भगवान का हृदय जीत लेते हैं और उनके जीवन से हमें सच्ची भक्ति व संस्कारों का महत्व सीखने को मिलता है। कथा के दौरान विधायक को आचार्य प्रमोद पुंज ने भगवान शालिग्राम का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### जनजातीय गौरव दिवस पर कार्यक्रम 7 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में जनजातीय गौरव दिवस 2025 के उपलक्ष्य में श्री नयना देवी जी विकास खंड की ग्राम पंचायत टोबा संगवाना में जन-जागरूकता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि 7 नवंबर को राजकीय प्राथमिक विद्यालय नीला में आधार सत्यापन, स्वास्थ्य शिविर और पोषण अभियान होंगे। 10 नवंबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टोबा में निबंध, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताओं के साथ स्वास्थ्य शिविर व आधार सत्यापन जैसी गतिविधियां होंगी। 15 नवंबर को ग्राम पंचायत भवन टोबा में क्षय रोग जागरूकता, आयुष्मान भारत कार्ड, जनधन खाता, पोषण अभियान और स्वयं सहायता समूहों के प्रोत्साहन संबंधी शिविर लगाए जाएंगे। उपायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन कार्यक्रमों में स्थानीय जनता की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

### स्वयंसेवियों ने सीखे आग से बचने के गुर

**अनंत ज्ञान, नम्होल, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नम्होल में सात दिवसीय शिविर के छठे दिन का शुभारंभ प्रभात फेरी के साथ हुआ। इसके उपरांत स्थानीय पाठशाला के शारीरिक शिक्षक राजेंद्र सिंह ने सभी स्वयंसेवियों को योग करवाया। एनएसएस प्रभारी कमल शर्मा व एनएसएस प्रभारी निशी राणा के मार्गदर्शन में पाठशाला के विशाल खेल के मैदान की साफ सफाई की। सभी स्वयं सेवियों ने दोपहर तक कार्य किया। तत्पश्चात पाठशाला में स्वयंसेवियों ने सायंकाल के बौद्धिक सत्र में जिला फायर ऑफिसर जितेंद्र कुमार ने प्राकृतिक आपदा, आग लगने के कारणों और अग्निशमन की विस्तृत जानकारी दी।

### भ्रष्टाचार मुक्त समाज निर्माण बनाने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आज राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने सभी शिक्षक और गैर-शिक्षक कर्मियों को भ्रष्टाचार मुक्त और ईमानदारी पर आधारित कार्य करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर उनके जीवन संघर्ष और राष्ट्रप्रेम से प्रेरणा लेकर हमें सजगता, मेहनत और परिपक्वता के साथ कार्य करना चाहिए। कर्मचारियों ने ईमानदारी और पारदर्शिता से कार्य करने एवं भ्रष्टाचार मुक्त समाज निर्माण करने का संकल्प लिया। समारोह में नैतिक मूल्यों का पालन करने और सजगता से काम करने का संकल्प सभी ने दोहराया।

### स्टूडेंट्स को कानूनी अधिकारों के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** सुन्हाणी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन अधिवक्ता पवन ने छात्र-छात्राओं को कानूनी अधिकारों, कर्तव्यों और सामाजिक मुद्दों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने संविधान के मौलिक अधिकार, बाल अधिकार, साइबर सुरक्षा और महिलाओं के कानूनी संरक्षण जैसे विषयों पर प्रकाश डाला। छात्रों ने उनके व्याख्यान को ध्यानपूर्वक सुना और सवाल पूछे। प्रधानाचार्य जगदीश कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। शिविर के शेष दिनों में स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम आयोजित होंगे। इनका उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व और समाज सेवा की भावना विकसित करना है।

### नॉप्स स्कूल में 'नशे पर हुई जागरूकता कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** नॉप्स पब्लिक स्कूल में 'नशा बन चुका चुनौती' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं और स्टाफ ने भाग लिया। मुख्य वक्ता डॉ. राजकुमारी ने नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला और बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं और समाज के लिए गंभीर खतरा बन चुका है और इसे रोकने के लिए समय-समय पर काउंसलिंग आवश्यक है। बच्चों को पोक्सो एक्ट और सुरक्षा उपायों की जानकारी भी दी गई। प्रधानाचार्य नीलम शर्मा, शिक्षक और स्टाफ भी उपस्थित रहे। कार्यशाला ने छात्रों में जागरूकता बढ़ाने का उद्देश्य पूरा किया।

### तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक: प्राचार्य

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता में 'तंबाकू मुक्त भारत' विषय पर एक नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य संजय ठाकुर ने किया। उन्होंने कहा कि तंबाकू का सेवन न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह समाज की प्रगति में भी बाधक है। उन्होंने विद्यार्थियों से तंबाकू व नशे के किसी भी रूप से दूर रहने तथा दूसरों को भी इससे बचने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न वर्गों के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वस्थ जीवन-तंबाकू से दूरी, 'युवा शक्ति की पहचान, तंबाकू मुक्त भारत' जैसे प्रभावशाली नारे प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल ने रचनात्मकता, संदेश की स्पष्टता और भाषा की प्रभावशीलता के आधार पर विजेताओं का चयन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक वर्ग और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मुख्य बाजारों का औचक निरीक्षण कर एसडीएम सदर डॉ. राजदीप बोले-

# दुकानदार 7 दिन में हटाएं अतिक्रमण

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को चेतावनी देते एसडीएम।

**बिलासपुर।** बिलासपुर शहर की मुख्य सड़कों पर फैलते अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। सोमवार को एसडीएम सदर डॉ. राजदीप सिंह के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने शहर के प्रमुख बाजारों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि कई दुकानदारों ने सड़क किनारे कबाड़, रॉड, पेटियां, टायर और निर्माण सामग्री रखकर मुख्य मार्गों को संकरा बना दिया है। इससे न केवल यातायात बाधित हो रहा है बल्कि आम राहगीर व वाहन चालक भी रोज परेशानी झेल रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने मौके पर ही संबंधित दुकानदारों को कड़ी चेतावनी जारी की और कहा कि वे सात दिन के भीतर सभी प्रकार के अतिक्रमण स्वयं हटाएं, अन्यथा प्रशासन जबरन हटाने की कार्रवाई करेगा और साथ ही भारी जुर्माना भी वसूला जाएगा। एसडीएम ने सख्त लहजे में कहा कि 'मुख्य सड़कें जनता की सुविधा के लिए हैं, किसी भी व्यक्ति को इन्हें निजी संपत्ति की तरह इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। तय समय के बाद यदि अतिक्रमण बरकरार रहा तो प्रशासन बुलडोजर चलाने से भी नहीं हिचकेगा।'

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सदर बालकृष्ण, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी और अन्य राजस्व अधिकारी भी मौजूद रहे। टीम ने कबाड़ की दुकानों, ऑटो सर्विस प्वॉइंट्स, तथा सड़क किनारे अस्थायी ठेलों का भी जायजा लिया। डॉ. राजदीप सिंह ने कहा कि अतिक्रमण केवल यातायात में बाधा नहीं डालता बल्कि दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण भी बनता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर को साफ-सुथरा, सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन लगातार अभियान चला रहा है, और इस बार कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि सात दिन बाद पुन: निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि चेतावनी के बाद भी किसी ने नियमों की अनदेखी तो नहीं की।

प्रशासन की इस कार्रवाई से बाजार क्षेत्र में हलचल मच गई है। कई दुकानदारों ने अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जबकि कुछ अभी भी स्थिति भांप रहे हैं। लोगों का मानना है कि यह कदम शहर को भीड़मुक्त और व्यवस्थित बिलासपुर बनाने की दिशा में एक अहम पहल साबित होगा।

## टीईटी एग्जाम के दौरान एसडीएम ने परीक्षा केंद्र के आसपास लगाए प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**कहा-ब्वॉयज स्कूल के आसपास बनाए रखें शांति**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा टीईटी-2025 की परीक्षा का आयोजन पूरे प्रदेश में किया जा रहा है। इसी परीक्षा के अंतर्गत बिलासपुर सदर उपमंडल में 5, 8 और 9 नवंबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) बिलासपुर में आयोजित होंगी। परीक्षा के दौरान शांति और अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से एसडीएम सदर डॉ. राजदीप सिंह ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 के अंतर्गत आदेश जारी किए हैं।

जारी आदेशों के अनुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) बिलासपुर के आसपास परीक्षा दिवसों में प्रात: 8 बजे से सांय 6 बजे तक किसी भी प्रकार के सामाजिक, सांस्कृतिक या राजनैतिक कार्यक्रम, जुलूस, रैली, नारेबाजी या हड़ताल पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। आदेशों में परीक्षा केंद्रों के समीप लाउडस्पीकर के प्रयोग, निर्माण कार्य, टेंट या स्टेज लगाने अथवा हटाने के कार्य तथा किसी भी प्रकार के हथियार, लाठी, गोला-बारूद, तलवार या अन्य घातक वस्तुएं ले जाने पर भी रोक लगाई गई है।

एसडीएम ने जारी आदेशों में कहा कि परीक्षा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है ताकि अभ्यर्थियों को परीक्षा देने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि यह आदेश 5, 8 और 9 नवंबर को निर्धारित समयावधि तक प्रभावी रहेगा।

उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा केंद्रों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि आदेशों की पूर्ण अनुपालना सुनिश्चित हो सके।

## मंत्री राजेश धर्माणी की हिटलरशाही मानसिकता उजागर : राजेंद्र गर्ग

**अनंत ज्ञान घुमारवी**

**बोले- भाजपा समर्थकों और आमजन पर एफआईआर दर्ज करवाना लोकतंत्र का गला घोंटना**

पूर्व खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि भाजपा समर्थित लोगों और आमजन के विरुद्ध पुलिस अधिकारियों से एफआईआर दर्ज करवाना मंत्री राजेश धर्माणी की हिटलरशाही मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पुलिस मंत्री के इशारों पर कठपुतली बनकर कार्य कर रही है और बिना उचित छानबीन के मामले दर्ज किए जा रहे हैं, जो कि असहनीय है। गर्ग ने चेतावनी दी कि यदि बिना जांच के किसी पर भी झूठे मुकदमे दर्ज किए गए, तो भाजपा इस तानाशाही रवैये के खिलाफ स्थानीय थाना स्तर पर घेराव आंदोलन करेगी।

पूर्व मंत्री ने कहा कि बीडीसी सदस्य रामपाल के विरुद्ध पुलिस ने लगातार दो एफआईआर दर्ज की हैं, जबकि उनका दोष केवल इतना था कि उन्होंने दकड़ी पंचायत भवन के चुवाड़ी नाले के ऊपर किए गए शिलान्यास का विरोध किया। गर्ग ने कहा कि स्वयं मंत्री धर्माणी यह उपदेश देते हैं कि नदी-नालों से दूर सरकारी भवन बनाए जाएं, परंतु उन्होंने उसी के विपरीत कार्य किया। उन्होंने कहा कि दूसरों को नसीहत देना और खुद मियां फजीहत करना मंत्री की दोहरी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीडीसी सदस्य रामपाल की आवाज को दबाने के लिए उन पर बार-बार एफआईआर दर्ज करवा कर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जिस हैंडपंप में मोटर लगाने का आरोप लगाया गया है, वह ग्रामीणों की रजामंदी से और उनकी पानी की समस्या दूर करने के उद्देश्य से लगाया गया था। उस मोटर का स्विच बाहर दीवार पर लगा है और बिजली का बिल भी स्वयं रामपाल भरता है।

उन्होंने बताया कि धर्माणी के इशारे पर उनके एक करीबी द्वारा मनगढ़ंत शिकायतें दर्ज करवाई गई हैं और उन पर दो-दो एफआईआर बनवाई गईं। यह सब किसी जनप्रतिनिधि की आवाज को कुचलने का प्रयास है। घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में यह कोई पहला मामला नहीं है। पहले भी मंत्री धर्माणी के इशारों पर कई लोगों पर मामले दर्ज करवाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 'लोकतंत्र में ऐसी तानाशाही स्वीकार्य नहीं है।

## सुक्खू सरकार ने लगातार जनता के साथ किया धोखा: मनोहर शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** आजाद हिंद क्रांतिकारी पाटी यानी एएचपीके संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा राष्ट्रीय समर्थक सदस्य मनोहर शर्मा ने प्रदेश की



वर्तमान सरकार पर तंज करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार आपदा प्रभावित लोगों का ध्यान भटकाकर अपने ही विधायकों व मंत्रियों के हित में लगी हुई है। सरकार की शह में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अत्याचार को लेकर कोई बात नहीं की जा रही है जबकि विधानसभा में जो विधायक जनता द्वारा चुनकर भेजे जाते हैं। उनका दायित्व है जो जनता की समस्याओं को वहां पर सुलझाने का प्रयास करें। उनके लिए सही नीति बनाएं, परंतु हिमाचल का दुर्भाग्य है कि विधानसभा में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार या उचित निर्णय की बातें कोई भी विधायक नहीं करता है। शर्मा ने बताया कि आपदा के समय अब और पहले भी मोदी सरकार ने कई हजार करोड़ रुपए हिमाचल को आपदा राहत के लिए दिए जो कि धरातल पर नहीं पहुंच सके, न ही उक्त पात्र को मिल सके। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने अपने ही सुख के लिए सारे धन को खर्च कर दिया और वहीं मगरमच्छ आंसू रोने वाली सरकार केंद्र सरकार पर अपनी नाकामी का ठीकरा फोड़ती है। उन्होंने केंद्र सरकार से अनुरोध करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में चल रहे भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सभी मंत्रियों की संपत्ति की सीबीआई द्वारा जांच करवाई जाना जनहित में उचित होगा।

## तंबाकू मुक्त युवा अभियान रैली को उपायुक्त ने दिखाई हरी झंडी



जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते उपायुक्त राहुल कुमार।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर में तंबाकू मुक्त युवा अभियान-3.0 के तहत जन जागरूकता रैली को उपायुक्त राहुल कुमार ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उपायुक्त ने कहा कि तंबाकू सेवन स्वास्थ्य व समाज दोनों के लिए घातक है। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पूर्णत: प्रतिबंधित है और 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तंबाकू या सिगरेट बेचना दंडनीय अपराध है। तंबाकू नियंत्रण कानूनों के अनुसार पहली बार उल्लंघन पर 50,000 रुपए तक तथा दोबारा उल्लंघन पर एक लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। उपायुक्त ने जनता से जिले को तंबाकू मुक्त बनाने में सहयोग की अपील की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी गोपी चंद, स्वास्थ्य शिक्षण अधिकारी गोपाल कौशल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

रैली में प्रतिभागियों ने तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया और आमजन को तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया।

## रुक्मिणी-कृष्ण मिलन भक्ति और समर्पण का शाश्वत आदर्श : आचार्य बृजेश गोस्वामी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान-यज्ञ में उपस्थित लोग।

मां नयना देवी मंदिर परिसर, टकरेड़ा में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में मंगलवार को रुक्मिणी विवाह का पावन प्रसंग अत्यंत भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। पूरा पंडाल मंगलगीत, पुष्पवर्षा और हरिनाम संकीर्तन से विवाह मंडप में परिवर्तित हो गया। वृंदावन धाम के सुप्रसिद्ध भागवताचार्य आचार्य बृजेश गोस्वामी महाराज ने रुक्मिणी के प्रेम, श्रद्धा और समर्पण को 'भक्ति का शुद्धतम रूप' बताया। उन्होंने कहा कि रुक्मिणी का प्रेम अधिकार नहीं, समर्पण था। उन्होंने भगवान से मांगा भी तो विनम्रता में, भक्ति के भाव से।

कथा के दौरान रुक्मिणी द्वारा श्रीकृष्ण को भेजे गए प्रार्थना-पत्र का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। मंच पर कृष्ण-रुक्मिणी विवाह झांकी के दौरान शहनाई, घंटा-घड़ियाल और भजन गूंज उठे, 'श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी', 'मंगलम कृष्ण-रुक्मिणी विवाह मंगलम'। आचार्य ने बताया कि जब रुक्मिणी का संदेश श्रीकृष्ण तक पहुंचा, तो वे रथ पर सवार होकर विदर्भ पहुंचे और स्वयंवर के दिन रुक्मिणी का हरण कर द्वारका ले गए। पीछे से रुक्मी और शिशुपाल की सेना को बलराम जी ने पराजित किया। 'रुक्मिणी भक्ति की वह शक्ति हैं जो प्रेम में प्रतीक्षा और समर्पण को चुनती है। जहां 'मैं' मिटता है, वहीं 'कृष्ण' प्रकट होते हैं। कथा के इस प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भक्ति, प्रेम और समर्पण के अद्‌भुत संगम का अनुभव कराया। कई भक्तों की आंखें आंसुओं से भर आईं, वातावरण हरिनाम में गूंजता रहा।

## एआई तकनीक इंसान को सशक्त बनाएगी : प्रजापति

**अनंत ज्ञान, घुमारवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलोल में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन शिक्षाविद् एवं मुख्य वक्ता सुमन प्रजापति ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने वैश्विक विकास का एक नया अध्याय खोल दिया है। दुनिया एक ऐसे ऐतिहासिक परिवर्तनकाल से गुजर रही है, जहां मशीनें केवल आदेश नहीं मानतीं, बल्कि सोचती हैं, सीखती हैं और निर्णय भी लेती हैं। स्वयंसेवियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि यदि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग जिम्मेदारी, पारदर्शिता और नैतिकता के साथ किया जाए, तो यह मानवता की सबसे बड़ी शक्ति बन सकती है।

उन्होंने कहा कि तकनीक को इंसान की जगह नहीं लेनी चाहिए, बल्कि इंसान को और अधिक सशक्त बनाना चाहिए। प्रजापति ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आने वाला दशक कृत्रिम बुद्धिमत्ता का युग होगा, जो मानव सभ्यता की सोच, कामकाज और संवाद की शैली को पूरी तरह परिवर्तित कर देगा। 'एआई अब भविष्य नहीं, वर्तमान की सच्चाई है,' उन्होंने कहा, 'और हमें इसे समझदारी से अपनाना होगा ताकि यह सम्पूर्ण मानवता के हित में कार्य करे।' इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य देश राज ने कहा कि स्वयंसेवियों के लिए एआई पर यह सत्र अत्यंत प्रेरणादायक और उपयोगी रहा। उन्होंने मुख्य वक्ता सुमन प्रजापति को स्मृतिचिह्न भेंटकर आभार प्रकट किया।

## बागा में राजेश जम्वाल ने किया कई परियोजनाओं का लोकार्पण

**सुभाष ठाकुर, अनंत ज्ञान**



मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित करते राजेश जम्वाल।

**नम्होल।** बिलासपुर जिला की बागा पंचायत में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में अल्ट्राटेक कंपनी के फंक्शनल हेड (एचआर) राजेश जम्वाल ने विकास की नई सौगातें दीं। इस अवसर पर उन्होंने पंचायत क्षेत्र में शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में कई परियोजनाओं का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के दौरान जम्वाल ने सरकारी उच्च विद्यालय बागा में नव निर्मित स्टेज का उद्‌घाटन किया। साथ ही विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए। उन्होंने विद्यालय में अन्य आवश्यक सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर को भी सुदृढ़ करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना सबसे बड़ा निवेश है। इसी क्रम में उन्होंने बागा पंचायत में सामुदायिक भवन का भी लोकार्पण किया।

उन्होंने कहा कि यह भवन ग्रामीणों के सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करेगा। महिला सशक्तिकरण के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए जम्वाल ने महिला मंडल को कुर्सियां और दरियां भेंट कीं, ताकि वे अपनी बैठकों और गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित कर सकें। कार्यक्रम में पंचायत प्रधान, उपप्रधान, शिक्षकों, महिला मंडल सदस्यों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने श्री राजेश जमवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से बागा पंचायत में विकास की नई दिशा मिली है और ग्रामवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांगें पूरी हुई हैं।

## प्रशिक्षु अध्यापकों को संचार कौशल के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** आदर्श शिक्षा महाविद्यालय में भूपेंद्र कुमार द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज अध्यक्ष दीनानाथ शर्मा की अनुमति से किया गया। इसमें भूपेंद्र कुमार द्वारा प्रशिक्षु अध्यापकों को विभिन्न प्रकार के संचार कौशलों व व्यक्तित्व विकास के बारे में जानकारी दी गई कि किसी भी व्यक्ति का व्यक्तित्व उसके लिए अहम भूमिका निभाता है। कोई भी व्यक्ति अपना व्यक्तित्व का विकास कर सकता है, व्यक्तित्व में सिर्फ हमारा बाहरी रूप सम्मिलित नहीं होता है, बल्कि इसमें इंसान का आंतरिक व्यवहार, रुझान, सोच आदि सभी सम्मिलित होते हैं। वर्तमान समय में संचार कौशल भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह हमें दूसरों के सामने खुद को अभिव्यक्त करने का तरीका सिखाते हैं और एक अध्यापक के लिए तो बहुत ही ज्यादा जरूरी है कि वह संचार कौशलों और अच्छे व्यक्तित्व का मालिक हो ताकि उस से प्रभावित होकर उसके शिष्य भी उन शिष्टाचारों व कौशलों को सीख सकें व एक उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकें। कार्यक्रम के अंत में सहायक प्रध्यापक डॉ. समीर कुमार द्वारा भूपेंद्र कुमार का आभार व्यक्त किया गया।

**अभियान** 'चलो बिलासपुर, चलो हिमाचल' का किया पोस्टर विमोचन

# एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स से पर्यटन को मिलेगा नया आयाम: उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



'चलो बिलासपुर, चलो हिमाचल' पोस्टर का विमोचन करते उपायुक्त व अन्य।

हिमाचल में आपदा के बाद पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने 'चलो बिलासपुर, चलो हिमाचल' का अभियान शुरू किया। गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष सराज अख्तर एवं कोषाध्यक्ष निर्मला राजपूत की अगुवाई में एसोसिएशन के सदस्यों ने उपायुक्त जिला बिलासपुर आईएएस राहुल कुमार से शिष्टाचार भेंट की।

इस मौके पर पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उपायुक्त राहुल कुमार से 'चलो बिलासपुर ,चलो हिमाचल' पोस्टर का विमोचन करवाया। पदाधिकारियों जितेंद्र चंदेल, हेमराज ठाकुर, सराज अख्तर, निर्मला राजपूत ने उपायुक्त को बताया कि एसोसिएशन वर्ष 2009 से गोबिंदसागर झील को विश्व पर्यटन मानचित्र पर उभरने हेतु सक्रिय कार्य कर रही है। 'चलो बिलासपुर , चलो हिमाचल' के तहत पूरे वर्ष जिला बिलासपुर में एडवेंचर स्पोर्ट्स गतिविधियां करवाई जाएंगी, जिसमें वाटर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप, पैराग्लाइडिंग, कार रेस एवं मोटरसाइकिल रेस चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा बिलासपुर से लेकर भाखड़ा डैम तक लगभग 50 किलोमीटर की अंतरराष्ट्रीय स्तर की ओपन स्विमिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। जिससे बिलासपुर के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा एवं रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। पदाधिकारीयों ने कहा उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को 'चलो बिलासपुर, चलो हिमाचल' का स्मृति चिन्ह जल्द भेंट किया जाएगा।

इस अवसर पर उपायुक्त ने गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु प्रयासों की प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर राफ्टिंग एसोसिएशन बिलासपुर के जिला अध्यक्ष शिष्टा गौतम, रोइंग एसोसिएशन ऑफ जिला बिलासपुर के जिला अध्यक्ष अन्वेष शर्मा, हिमुडा के डायरेक्टर जितेंद्र चंदेल, गोविंद सागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारी तृप्ता ठाकुर, मोनिका शर्मा, पंडित सत्यदेव शर्मा, रेखा बिष्ट, इंजीनियर श्याम लाल पंवार, कृष्ण कुमार इत्यादि पदाधिकारी एवं राष्ट्रीय वाटर स्पोर्ट्स खिलाड़ी मौजूद रहे।

## डे-केयर सेंटर डियारा में जांचा लोगों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर के डियारा सेक्टर में मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित डे-केयर सेंटर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 18 बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई और चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जितेंद्र ने अपनी नि:स्वार्थ सेवा प्रदान की। उन्होंने उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति की न केवल गहन स्वास्थ्य जांच की, बल्कि उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए विस्तृत मार्गदर्शन भी दिया। एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण तभी संभव है जब उसके नागरिक स्वस्थ हों। उन्होंने छोटे-छोटे बदलाव, जैसे कि रोजाना टहलना और योग करना, बड़े रोगों से बचा सकते हैं।

यह शिविर डे-केयर सेंटर प्रबंधक रवि कुमार की देखरेख में किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में डे-केयर सेंटर की समर्पित टीम में स्वयंसेवक अजय कुमार, स्टाफ नर्स माया देवी ने अहम भूमिका निभाई। शिविर का लाभ लेने वाले स्थानीय निवासियों में चिरोंजिया राम, सरला देवी, सुमन, इंदिरा खोसला, लालचंद, पियूष, अंजू और मधुमति आदि शामिल थे।

## न्यूज ब्रीफ

### नरेश व स्नेहा बने उत्कृष्ट एनएसएस स्वयंसेवी

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुआं की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर मंगलवार को सफलतापूर्वक समाप्त हुआ। शिविर में 19 छात्रों ने भाग लिया और समाज सेवा के विविध कार्यों में सक्रिय योगदान दिया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत प्रधान दीपा कुमारी रहीं। विद्यालय प्रभारी सोनी वासुदेवा ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए एनएसएस के उद्देश्यों और समाज सेवा के महत्त्व पर प्रकाश डाला। शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने मां शिव शक्ति मंदिर के आसपास कांटेदार झाड़ियां हटाईं, गांव भटवाड़ा को जोड़ता मार्ग साफ किया और जल स्त्रोतों की सफाई की। स्वयंसेवियों ने प्रभात फेरी, भजन कीर्तन, शारीरिक व्यायाम, स्वच्छता अभियान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्र वर्ग में नरेश और छात्रा वर्ग में स्नेहा को सम्मानित किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अनीश कुमार व दर्शना देवी सहित पाठशाला समिति के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मांधा में एनएसएस का विशेष शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांधा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सात दिवसीय विशेष शिविर मंगलवार को विधिवत रूप से आरंभ किया गया। स्कूल प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष वकील राम ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और स्वयंसेवियों को समाज सेवा व सहयोग की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने 1100 रुपए की धनराशि इनाम स्वरूप प्रदान की। स्कूल प्रभारी सुशील पठानिया ने कहा कि एनएसएस शिविर से छात्रों में आपसी सहयोग और समाज सेवा की भावना बढ़ती है। कार्यक्रम अधिकारी सुभाष शर्मा ने अनुशासन, स्वच्छता, नशा मुक्ति और समाज सेवा के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वयंसेवियों को अनुशासन में रहकर समाज में जागरूकता फैलानी चाहिए। 12वीं कक्षा के 25 छात्र-छात्राएं 4 से 10 नवंबर तक मंदिरों, रास्तों और जल स्रोतों की सफाई कर स्वच्छता संदेश देंगे।

### स्वच्छता और नशामुक्ति के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमौर में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ किया गया। इसमें स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष चमन शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रधानाचार्य अरुणा ने मुख्यातिथि का शाल-टोपी पहनाकर स्वागत किया। इस शिविर में लगभग 50 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। शिविर के दौरान बच्चों को रहन-सहन, स्वच्छता, नशामुक्ति और समाज सेवा के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। एनएसएस प्रभारी विजय शर्मा बच्चों की व्यवस्था और गतिविधियों की निगरानी करेंगे। शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर अध्यापकों नीलम ठाकुर, कृष्ण पखरेटिया, जगपाल चौहान, वंदना चौहान, पूनम रानी, अनामिका ठाकुर, परवीन कुमारी, गोवर्धन चौहान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### विद्वानों ने साझा किए विकास के सूत्र

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'विकसित भारत 2047' का समापन आज हुआ। समापन सत्र के मुख्य अतिथि उपायुक्त मुकेश रेपसवाल रहे। सम्मेलन में देश-विदेश के विद्वानों ने भाग लिया और भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के सुझाव साझा किए। डॉ विजय नाग ने स्वदेशी उत्पादन और वोकेशनल शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया, जबकि प्रोफेसर मनोज कुमार सिन्हा ने हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता बताई। कीनोट स्पीकर डॉ सचिन कुमार ने किसान, महिला और युवाओं को समान रूप से आगे आने का आह्वान किया। उपायुक्त रेपसवाल ने विदेशी उत्पादों पर निर्भरता कम करने और आत्मनिर्भरता बढ़ाने पर जोर दिया। प्राचार्य डॉ मदन गुलेरिया ने बताया कि दस से अधिक राज्यों के विद्वानों ने लगभग 250 शोध पत्र प्रस्तुत किए। सम्मेलन राष्ट्रीय गीत के साथ समाप्त हुआ और सभी ने 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को दोहराया।

### पुलिस ने चालान कर वसूला 3,700 जुर्माना

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पुलिस मंडी द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत 293 चालान, कोटपा के अंतर्गत 38 चालान और जुर्माना 3,700 तथा माइनिंग के अंतर्गत 3 चालान किए गए हैं। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

### ऑनरेरी कैप्टन बने रमेश चंद का स्वागत

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** भारतीय सेना में 28 वर्षों की उत्कृष्ट सेवाएं देने के बाद सयोग पंचायत के सोझा गांव निवासी रमेश चंद ऑनरेरी कैप्टन बनकर मंगलवार को अपने पैतृक गांव पहुंचे। गांव में उनके आगमन पर परिजनों, ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह के दौरान भावनात्मक माहौल देखने को मिला। जब रमेश चंद की माता रुक्मणी देवी ने स्वागत द्वार पर अपने बेटे को गले लगाया, तो उनकी आंखों से ख़ुशी के आंसू छलक पड़े। रमेश चंद भी अपने जज़्बात पर काबू नहीं रख पाए। रमेश चंद ने कहा कि देश की सेवा करना मेरे लिए गर्व की बात है। पिता स्व. घोपलू राम और माता दरशनू देवी आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका आशीर्वाद हमेशा साथ रहेगा। उन्होंने बताया कि उनके परिवार में पत्नी और एक बेटा-बेटी हैं। उनके बड़े भाई खेम चंद दो बार सयोग पंचायत के प्रधान रहे हैं और वर्तमान में बीडीसी सदस्य हैं, जबकि दूसरे भाई भुमादत्त अभी भी भारतीय सेना में सुबेदार मेजर के पद पर सेवारत हैं। पंचायत प्रधान विना महंत ने कहा, 'यह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि हमारे गांव से एक और भारतीय सेना अधिकारी ने देश का नाम रोशन किया है। रमेश चंद की सेवानिवृत्ति हमारे युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी। गांव के लोगों ने उनके सम्मान में जागरण और जोशीले स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया। पंडोह क्षेत्र में यह पहला परिवार है, जिसके दो सदस्य भारतीय सेना में अधिकारी पदों पर सेवाएं दे चुके हैं।

### अस्पताल परिसर में कैंटीन खोलने को मंजूरी

**अनंत ज्ञान, करसोग।** सिविल अस्पताल करसोग की रोगी कल्याण समिति (आरकेएस.) की बैठक उपमंडलाधिकारी (ना.) करसोग गौरव महाजन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अस्पताल में मरीजों एवं तीमारदारों की सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में स्थानीय विधायक दीपराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में अस्पताल में स्थापित नई एक्सरे मशीन के लिए यूपीएस खरीदने, अस्पताल की लैबोरेटरी हेतू विभिन्न मशीनों और उपकरणों की खरीद और अस्पताल परिसर में कैंटीन खोलने को मंजूरी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जनहित के अनेक निर्णय लिए गए। एसडीएम गौरव महाजन ने कहा कि अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं ताकि मरीजों को उच्चस्तरीय उपचार सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। बैठक में बीएमओ करसोग डॉ. गोपाल चौहान ने समिति के सदस्यों को अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध करवाई जाने वाली विभिन्न सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर समिति के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किए गए सुझावों पर भी चर्चा की गई। बैठक में रोगी कल्याण समिति के लगभग दो दर्जन सदस्य उपस्थित थे।

### अंकित के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल ऐमच्योर सेपकटाकरा खेल संघ ने भारतीय सेपकटाकरा महासंघ के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह दहिया और सेपकटाकरा परिवार के सदस्य अंकित के दुखद निधन पर गहरा शोक और संवेदना व्यक्त की है। दोनों का गोवा में एक सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन हो गया। योगेंद्र सिंह दहिया के गतिशील नेतृत्व और दूरदर्शी मार्गदर्शन में भारत में सेपकटाकरा खेल ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रगति की। खेल के प्रति उनका समर्पण, नेतृत्व क्षमता और अथक प्रयास सभी खिलाड़ियों एवं प्रशासकों के लिए प्रेरणास्रोत रहे हैं। अंकित सहित इन दोनों दिग्गजों का निधन न केवल भारतीय सेपकटाकरा परिवार के लिए, बल्कि संपूर्ण सेपकटाकरा समुदाय के लिए एक अपूरणीय क्षति है। हिमाचल ऐमच्योर सेपकटाकरा खेल संघ के अध्यक्ष पी.एन. आजाद, महासचिव हेमराज तथा संघ के सभी पदाधिकारी एवं खिलाड़ी इस दुखद क्षति पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। संघ ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएं प्रकट की हैं और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

### दिव्यांगजनों के लिए हिम बस कार्ड अनिवार्यता तत्काल वापस लेने की मांग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश में दिव्यांगजनों को निःशुल्क यात्रा हेतु हिम बस कार्ड बनवाना अनिवार्य करने के निर्णय का प्रदेशभर में विरोध हो रहा है। हमीरपुर के दिव्यांग प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन भेजकर इसे निरस्त करने की मांग की है। जिला दिव्यांग समीक्षा समिति के सदस्य राजन कुमार ने कहा कि यह निर्णय दिव्यांगजनों पर अनावश्यक आर्थिक और प्रशासनिक बोझ डालता है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा जारी यूडीआईडी कार्ड को पर्याप्त बताते हुए हिम बस कार्ड की अतिरिक्त अनिवार्यता को संवैधानिक समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ बताया। राजन कुमार ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र निरसन नहीं हुआ, तो वैधानिक मार्ग अपनाया जाएगा।

# चक्की–बनीखेत–चंबा–भरमौर एनएच के जीर्णोद्धार के लिए 42.38 करोड़ स्वीकृत

## नितिन गडकरी ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के आग्रह पर लिया फैसला

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** लंबे इंतजार के बाद चंबा जिला वासियों के लिए राहत की बड़ी खबर आई है। चक्की–बनीखेत–चंबा–भरमौर राष्ट्रीय मार्ग के जीर्णोद्धार और रखरखाव के लिए केंद्र सरकार ने 42.38 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। यह फैसला केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के आग्रह पर लिया है।

यह वही मुद्दा है जो 25 अप्रैल 2025 को बचत भवन, चंबा में आयोजित दिशा बैठक के दौरान प्रमुखता से उठाया गया था। बैठक की अध्यक्षता कांगड़ा–चंबा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजीव भारद्वाज ने की थी। इस बैठक में



विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने राष्ट्रीय मार्ग (154) की खराब स्थिति को गंभीर चिंता का विषय बताते हुए कहा था कि धन की कमी के कारण सड़क की मरम्मत और नियमित देखभाल संभव नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया था कि यह सड़क न केवल चंबा और भरमौर बल्कि आसपास के जनजातीय क्षेत्रों के लिए भी जीवनरेखा है, जिस पर हर दिन हजारों लोग निर्भर हैं।

विधानसभा अध्यक्ष की इस पहल के बाद मामला सीधे केंद्र सरकार तक पहुंचा, और अब केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस मार्ग की बहाली के लिए बड़ी धनराशि जारी की है। गडकरी ने जानकारी दी कि मंत्रालय ने हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित सड़कों की मरम्मत के लिए ₹42.38 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं, जिनमें यह प्रमुख मार्ग भी शामिल है। उन्होंने यह भी बताया कि सड़क की मजबूती, चौड़ीकरण और सुरक्षा बढ़ाने के लिए नई परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं।

इस निर्णय से चंबा जिले में हर्ष की लहर है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा 'दिशा बैठक में उठाई गई जनता की आवाज़ को केंद्र ने गंभीरता से सुना है। यह फैसला चंबा और भरमौर की जनता के लिए राहत की सांस है। यह सड़क हमारे विकास, पर्यटन और जनजीवन की धड़कन है और अब यह फिर से नई रफ्तार पकड़ेगी। केंद्र सरकार की यह स्वीकृति चंबा के विकास की नई कहानी लिखेगी अब दुर्गम पहाड़ों तक भी तरक्की की राह पहुंचेगी।

# 'प्रकृति की पाठशाला' गीत का डीसी मुकेश रेपसवाल ने किया विमोचन



**अनंत ज्ञान, चंबा**

**राजकीय** महाविद्यालय चंबा में 'विकसित भारत 2047' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के समापन अवसर पर एक नवाचारी शैक्षिक गीत 'प्रकृति की पाठशाला' का विमोचन उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने किया। यह गीत शिक्षा में प्रकृति आधारित अधिगम और सतत विकास की भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। इस अवसर पर सम्मेलन में शिक्षक युद्धवीर टंडन ने 'प्रकृति की पाठशाला – प्राचीन भारतीय ज्ञान और आधुनिक शिक्षण पद्धति के सेतु द्वारा सतत् एवं समग्र शिक्षा का निर्माण' विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। वहीं किरण कुमार वशिष्ठ ने 'आत्मनिर्भर संस्कृति' विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत करते हुए भाषा, आजीविका और चंबा की जीवंत विरासत को विकसित भारत के सांस्कृतिक विकास मॉडल के रूप में रेखांकित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया ने शिरकत की। इस मौके पर डॉ. अविनाश पॉल, डॉ. संतोष, डॉ. कुलदीप राज, तथा कॉन्फ्रेंस के संयोजक डॉ. विजय राठौड़ सहित अनेक प्राध्यापक उपस्थित रहे। महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र–छात्राओं ने इस नवीन शैक्षिक पहल का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। गीत 'प्रकृति की पाठशाला' को राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक युद्धवीर टंडन ने लिखा है, जबकि इसका संगीत नवाचारी शिक्षक किरण कुमार वशिष्ठ ने तैयार किया है।

# चंबा में राष्ट्रीय जनजाति आयोग की बैठक में उठीं क्षेत्रीय आवाजें

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**सुरजीत भरमौरी ने डॉ. आशा लकड़ा के समक्ष रखी क्षेत्र की सच्चाई**

चंबा के बचत भवन में सोमवार को आयोजित ऐतिहासिक बैठक में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा की अध्यक्षता में जनजातीय क्षेत्रों की आवाज़ पूरे दमखम से उठी। बैठक के दौरान एचआरटीसी निदेशक एवं युवा जननायक सुरजीत भरमौरी ने न केवल क्षेत्र की जमीनी हकीकत आयोग के समक्ष रखी, बल्कि जनजातीय समाज के हक की लड़ाई को नई दिशा दी।



भरमौरी ने कहा कि 'पहले हमारे जनजातीय भाइयों को अपनी बात दिल्ली तक पहुँचाने के लिए लंबी यात्राएं करनी पड़ती थीं या फिर ऑनलाइन माध्यमों का सहारा लेना पड़ता था, लेकिन आज आयोग को चंबा में सुनते देख यह एहसास हो रहा है कि अब हमारी आवाज़ यहीं से उठेगी और यहीं सुनी जाएगी।' उन्होंने आयोग को सौंपे गए ज्ञापन में साफ कहा कि हिमाचल प्रदेश में राज्य स्तरीय अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन अत्यंत आवश्यक है, ताकि जनजातीय समाज की समस्याओं और शिकायतों का समाधान स्थानीय स्तर पर ही किया जा सके। भरमौरी ने यह भी सवाल उठाया कि जब भरमौर–पांगी क्षेत्र राज्य की एकमात्र जनजातीय विधानसभा क्षेत्र है, तो मैहला ब्लॉक की 24 पंचायतों को अब तक जनजातीय दर्जा क्यों नहीं दिया गया? उन्होंने मांग की कि भरमौर ब्लॉक की तीन पंचायतें हडसर, उलांसा और तुंदाह के साथ–साथ मैहला ब्लॉक की सभी 24 पंचायतों को शीघ्र जनजातीय दर्जा प्रदान किया जाए, ताकि इन इलाकों के लोगों को शिक्षा, रोजगार और विकास की योजनाओं में समान अधिकार मिल सकें। सुरजीत भरमौरी ने कहा कि इस क्षेत्र के अधिकांश लोग गद्दी समुदाय से आते हैं, जिनका जीवन भेड़–बकरी पालन पर निर्भर है।

# राजपुरा गांव को बचाने की गुहार, रावी की बाढ़ से अब तक बह चुकी 100 बीघा भूमि

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिला के राजपुरा गांव के ग्रामीणों ने उपायुक्त चंबा को ज्ञापन सौंपकर अपने गांव को रावी नदी की लगातार हो रही बाढ़ से बचाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 1955 से अब तक गाँव रावी नदी की भीषण बाढ़ों का शिकार होता आ रहा है, जिससे अब तक करीब 100 बीघा कृषि योग्य भूमि नदी में समा चुकी है।

ग्रामीणों के अनुसार, हाल ही में अगस्त 2025 में आई बाढ़ ने 9 से 10 परिवारों की भूमि पूरी तरह बहा दी है और इन परिवारों के मकान अब डेंजर जोन में आ चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो अगली बरसात तक कई मकान धराशायी हो जाएंगे और प्रभावित परिवारों को सड़क पर आना पड़ेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि वह शीघ्र ही मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कदम उठाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां सुरक्षित रह सकें। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब प्रशासन ठोस और स्थायी समाधान निकाले, क्योंकि अगर देरी हुई तो गांव का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा। प्रभावित परिवारों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन उनकी न्यायसंगत मांगों पर गंभीरता से विचार कर जल्द राहत और सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करेगा।

# राजेश ठाकुर ने नॉर्थ इंडिया पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में दिखाया दम, दो गोल्ड जीते

**अनंत ज्ञान, चंबा**




चुराह क्षेत्र के जसौरगढ़ गांव के राजेश ठाकुर ने एक बार फिर अपने अदम्य साहस, मेहनत और लगन से प्रदेश का नाम पूरे उत्तर भारत में रोशन किया है। 2 से 3 नवम्बर तक जालंधर (पंजाब) में आयोजित नॉर्थ इंडिया पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में राजेश ने 110 प्लस ओपन वेट कैटेगरी में हिस्सा लेकर दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। राजेश ने बेंच प्रेस और डेडलिफ्ट दोनों प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ दिया। विशेष बात यह रही कि वे पीठ की हल्की चोट से जूझते हुए भी मैदान में उतरे और अपने जज़्बे तथा जुनून से सबका दिल जीत लिया।

राजेश ठाकुर ने बताया कि इस प्रतिष्ठित चैम्पियनशिप में उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों पंजाब, हरियाणा, जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली आदि से करीब 500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में ज़बरदस्त मुकाबला रहा, लेकिन राजेश ने अपने प्रदर्शन से निर्णायकों और दर्शकों को प्रभावित किया। स्थानीय युवाओं में इस जीत को लेकर खुशी की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों और खेल प्रेमियों ने कहा कि राजेश ठाकुर ने एक बार फिर साबित किया है कि यदि संकल्प और मेहनत सच्ची हो तो कोई भी बाधा सफलता के मार्ग में नहीं आ सकती। राजेश की इस उपलब्धि से चुराह घाटी ही नहीं, बल्कि पूरा हिमाचल प्रदेश गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उनकी इस सफलता ने युवाओं के लिए प्रेरणा का नया अध्याय लिख दिया है कि चोट या चुनौतियां चाहे जितनी बड़ी क्यों न हों, हौसला और मेहनत हो तो जीत तय है।

# पहाड़ी दिवस पर गूंजीं लोकभाषा की ध्वनियां

**अनंत ज्ञान, चंबा**



पहाड़ी दिवस पर विद्यार्थियों ने दिखाई मातृभाषा के प्रति गहरी लगन दिखाई।

हिमाचल की सांस्कृतिक राजधानी चंबा में 'पहाड़ी दिवस' के अवसर पर जिला भाषा एवं संस्कृति कार्यालय, चंबा की ओर से जिला स्तरीय विद्यालय प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन ने न केवल विद्यार्थियों में पहाड़ी भाषा के प्रति प्रेम और गौरव का भाव जाग्रत किया, बल्कि उन्हें अपनी मातृभाषा और लोकसंस्कृति से जोड़ने का सशक्त मंच भी प्रदान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ऐतिहासिक अखंड चंडी महल के दरबार हॉल में हुआ, जहां निबंध, लोकोक्ति/मुहावरा लेखन और पहेली लेखन प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। वहीं, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन जिला भाषा अधिकारी कार्यालय (रंगमहल) में किया गया। प्रात: 10 बजे शुरू हुई प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साह और गर्व के साथ अपनी भाषाई प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिले के 14 शिक्षा खंडों के लगभग 22 विद्यालयों से पहुंचे छात्र–छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल में वरिष्ठ साहित्यकार अशोक दर्द, लोकसंस्कृति शोधकर्ता भूपेंद्र सिंह जसरोटिया, सहायक आचार्य सोनू कुमार भारती, संजय कुमार, धर्म चंद और महेंद्र कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

भाषण प्रतियोगिता में अमन ठाकुर (मैहला) ने प्रथम, मोनिका (तीसा) ने द्वितीय और अरुण ठाकुर (ब्रेही) व आकृति जरयाल (चंबा) ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन में श्रद्धा (चंबा) प्रथम, साक्षी (ब्रेही) द्वितीय और पूनम (अनियुंडा) तृतीय रहीं। लोकोक्ति एवं मुहावरा लेखन में नितिन शर्मा (ब्रेही), यशिता ठाकुर (भडियांकोठी) और तनिशा शर्मा (चंबा) क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। वहीं पहेली लेखन में बेबी (सामरा) प्रथम, लता (साहो) द्वितीय तथा आर्यन (ब्रेही) तृतीय स्थान पर रहे। समापन समारोह में जिला भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा ने विजेता विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि भाषा एवं संस्कृति विभाग का प्रयास है कि हर विद्यार्थी अपनी क्षेत्रीय बोली और परंपराओं पर गर्व करे तथा उन्हें अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाए। 'जब तक हम अपनी भाषा और लोकसंस्कृति से जुड़े रहेंगे, तब तक हमारी पहचान सशक्त बनी रहेगी,' उन्होंने जोड़ा। भाषा एवं संस्कृति विभाग ने सभी विद्यालयों से आग्रह किया कि वे विद्यार्थियों को पहाड़ी भाषा और संस्कृति के संरक्षण के लिए प्रेरित करें।

# संधोल में एक बार फिर चोर गिरोह सक्रिय
## पंप हाउस से तांबे की तारें चोरी

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

संधोल क्षेत्र में एक बार फिर चोर गिरोह सक्रिय हो गया है। विद्युत बोर्ड की तारों व ट्रांसफॉर्मर को लगातार निशाना बना रहा है। जिससे आए दिन चोरी की घटनाओं ने स्थानीय लोगों और विभागों की नींद उड़ा दी है। इस बार जल शक्ति विभाग के पंप की लाखों रुपये की तारों को ही चोरों ने निशाना बना लिया और जिससे पानी की आपूर्ति भी ठप हो गई है। ताजा मामला जल शक्ति विभाग के बेरी ऊहलू पंप घर से जुड़ा है, जहां देर रात को अज्ञात चोरों ने तांबे की बिजली की तारों. को काटकर चोरी कर लिया।

हैरानी की बात यह है कि चोरों ने चलती हुई बिजली की तारों को काटा है, जिससे किसी बड़ी दुर्घटना का खतरा भी हो सकता था या फिर गिरोह तकनीकी रूप से जानकर था। जानकारी के अनुसार घटना उस समय हुई जब रात के करीब 12 बजे ड्यूटी पर तैनात तीन कर्मचारी अपनी शिफ्ट पूरी होने के बाद घर चले गए। इसी दौरान चोरों ने मौके का फायदा उठाकर पंप घर में लगी तांबे की तारें काट डालीं और फरार हो गए। सुबह जब अगली शिफ्ट का कर्मचारी ड्यूटी पर पहुंचा तो उसे चोरी का पता चला। चोरी हुई तारों की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। गौरतलब है कि इसी पंप घर से करीब एक साल पहले पूरा पानी का पंप भी चोरी हुआ था, जिसका अब -तक कोई सुराग नहीं मिला। वहीं डेढ़ साल पहले बल्याली गांव के समीप मसोत खड्ड से संधोल विद्युत उपमंडल के दो नए 630 केवी ट्रांसफॉर्मर भी चोरी हो चुके हैं, जिनकी जांच अभी तक अधूरी है। विभाग ने इस संबंध में स्थानीय पुलिस चौकी में प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

इस बाबत पुलिस चौकी प्रभारी धर्मपुर विनोद कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है। ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों से पूछताछ जारी है। साथ ही आस पास के सीसीटीवी की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द आरोपियों को दबोचा जाएगा।

# कोटगढ़ी में नाले में गिरी कार, दो की मौत व एक घायल

**अनंत ज्ञान, मंडी।** करसोग थाना क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक कार दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब सुशीला देवी द्वारा चलाई जा रही कार नंबर एचपी27ए–1214 लूहरी से करसोग की ओर जा रही थी। कार में सुशीला के माता–पिता, कुंजग ज्ञालछन और लोबजंग डोलमा, भी सवार थे।

कोटगढ़ी (कोटलू) के पास चालक का नियंत्रण खो जाने से कार करीब 150 मीटर नीचे नाले में जा गिरी। इस हादसे में कुंजग ज्ञालछन और लोबजंग डोलमा की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि सुशीला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे रोहड़ू में इलाज के लिए ले जाया गया। पुलिस ने दुर्घटना के बाद एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शवों का विच्छेदन रोहड़ू में कराया जा रहा है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# जल शक्ति विभाग को मिले 38 सहायक अभियंता

**आदर्श, अनंत ज्ञान**

**नेरचौक।** प्रदेश सरकार ने जल शक्ति विभाग में कार्यरत 38 कनिष्ठ अभियंताओं को सहायक अभियंता के पद पर पदोन्नति दी है। इसे लेकर जल शक्ति विभाग के सचिव राखिल काहलों ने विधिवत रूप से अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना जारी होने से लंबे समय से इंतजार कर रहे प्रदेश भर के कनिष्ठ अभियंताओं को जहां बड़ी राहत मिली है वहीं विभाग को 38 नए सहायक अभियंता मिल गए हैं।

जल शक्ति विभाग की ओर से जारी इस अधिसूचना के तहत पदोन्नति पाने वाले सभी सहायक अभियंता फिलहाल अपने–अपने वृत्त (सर्कल ) कार्यालय में ज्वाइन करेंगे। इस संदर्भ में जल शक्ति विभाग के अतिरिक्त सचिव महिपाल वर्मा ने बताया कि पदोन्नत होने वाले सभी सहायक अभियंताओं को शीघ्र स्टेशन भी जारी कर दिए जाएंगे। इस अधिसूचना के तहत 30 डिप्लोमा होल्डर कनिष्ठ अभियंता (सिविल), 5 ग्रेजुएट (स्नातक) कनिष्ठ अभियंता (सिविल) जबकि 3 एएमआईई होल्डर कनिष्ठ अभियंता (सिविल) शामिल है।

इनमें जय सिंह, राजेश कुमार,राजेश कुमार चौधरी, अश्वनी कुमार, सोहन सिंह, बलविंदर सिंह, चेतराम चौधरी, परमजीत सिंह बग्गा, यशपाल, अनुज कुमार, सूरजमणि, संजय कुमार, जितेंद्र कुमार, हरविंदर सिंह, रामलाल ठाकुर, हेमराज कोंडल, चंद्रशेखर, पंकज कुमार, रघुवीर सिंह, गोविंद सिंह, संजय कुमार, गोपाल सिंह ठाकुर, गोपाल सिंह सेन पुरुषोत्तम चंद,मुस्ताक अली, सुमन कुमारी, अर्बनेश सिंह, बलजिंदर सिंह, सुनील भाटिया तथा राजेंद्र डिप्लोमा होल्डर कनिष्ठ अभियंता है।

इसके अलावा कमलेश कुमार, हंसू आर्य तथा दीपक एएमआई होल्डर तथा मुकेश कुमार, कुशल शर्मा,राजेश कुमार, नवदीप सिंह तथा रजत कौशल ग्रेजुएट (स्नातक) कनिष्ठ अभियंता है जिन्हें विभाग ने पदोन्नत कर सहायक अभियंता के पद पर नवाजा है।

# 180 छात्राओं को लगी सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए जोगिंद्रनगर में वैक्सिनेशन शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर में इनर व्हील क्लब जोगिंद्रनगर संगनि के सौजन्य से सर्वाइकल कैंसर वैक्सिनेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों — दयानंद भारतीय पब्लिक स्कूल, वैदिक पब्लिक स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल तथा अस्सैट पब्लिक स्कूल — की लगभग 180 छात्राओं ने भाग लिया और सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन लगवाई इनर व्हील क्लब जोगिंद्रनगर संगनि की अध्यक्ष डॉ. हेमाद्रि शर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में सर्वाइकल कैंसर महिलाओं के लिए एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या बनती जा रही है।

महिलाओं और किशोरियों को इस बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से क्लब समय–समय पर निशुल्क वैक्सिनेशन शिविर आयोजित करता है। उन्होंने बताया कि छह महीने पूर्व भी क्लब द्वारा सिविल अस्पताल में पहला वैक्सिनेशन शिविर लगाया गया था, जिसमें छात्राओं को पहली डोज दी गई थी। आज आयोजित शिविर में उन्हें



इनरव्हील क्लब संगनि, सेवा भारती व अस्पताल प्रशासन ने सराहनीय प्रयास किए।

दूसरी डोज निशुल्क लगाई गई। डॉ. शर्मा ने कहा कि यह वैक्सीन सामान्यत: काफी महंगी होती है, लेकिन क्लब समाज सेवा के उद्देश्य से इसे नि:शुल्क उपलब्ध करवा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को इस बीमारी से बचाने के लिए समय पर वैक्सिन लगवाएं। इस अवसर पर अस्पताल प्रशासन भी मौजूद रहा और शिविर के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया। अस्पताल प्रशासन ने इनर व्हील क्लब संगनि के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रहे हैं। वहीं सेवा भारती जिला जोगिंद्रनगर की टीम ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। संस्था के सदस्यों ने अस्पताल में आई छात्राओं को फल और जूस वितरित किए। उन्होंने बताया कि सेवा भारती संस्था पूर्व में भी कई बार अस्पताल में नि:शुल्क शिविरों और सेवाओं का आयोजन कर चुकी है और भविष्य में भी समाजहित के ऐसे कार्य जारी रहेंगे इस तरह इनर व्हील क्लब संगनि, सेवा भारती और अस्पताल प्रशासन के संयुक्त प्रयास से आयोजित यह शिविर जोगिंद्रनगर क्षेत्र में बालिकाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक सराहनीय कदम साबित हुआ।

अनंत Classifieds

NAME CHANGE

**I, Manohar Lal** S/o Kanshi Ram R/o Kehrian, P.O. & Teh. Jawali, Distt. Kangra H.P. Declares that in gram panchayat Kehrain & birth certificate of my grandson, his name wrongly written as Ojas S/o Vishal Bhandari instead of Ojas Sharma S/o Vishal Bhandari.

अनंत Classifieds

नाम दुरूस्ती

**मैं, अंजू चौधरी** पत्नी गोपाल कृष्ण, निवासी वीपीओ महादेव, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश एतद्द्वारा घोषणा करती हूं कि सभी सरकारी दस्तावेजों में मेरा नाम अंजू चौधरी के रूप में दर्ज है, लेकिन पासपोर्ट नंबर W0871037 में मेरा नाम अंजू दर्ज है। अत: पासपोर्ट में भी मेरा सही नाम अंजू चौधरी दर्ज किया जाए।

**लोभ** का त्याग कर अपने हाथों से मेहनत कर न्यायोचित तरीकों से धन का अर्जन करना चाहिए। इस तरह का अर्जित किया गया धन कभी बर्बाद नहीं होता है। **-गुरु नानक देव जी**

## संपादकीय

## भारत में बढ़ता साइबर क्राइम

डिजिटल अरेस्ट की समस्या केवल एक तकनीकी या कानूनी चुनौती नहीं है, बल्कि यह समाज के विश्वास और मानव संबंधों पर भी गंभीर प्रभाव डालती है। भारत में बढ़ते डिजिटल लेनदेन और ऑनलाइन बैंकिंग के कारण लोगों के सामने यह खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। अपराधी न केवल आर्थिक लाभ के लिए यह अपराध करते हैं, बल्कि वे लोगों में डर और असुरक्षा की भावना भी पैदा करते हैं। आम नागरिक, विशेषकर बुजुर्ग और तकनीकी रूप से कम सुसज्जित लोग, इस अपराध के सबसे आसान लक्ष्य बन जाते हैं। उन्हें अपराधियों की चालाकी और धमकी के कारण तुरंत पैसे देने के लिए मजबूर किया जाता है। इस प्रक्रिया में पीड़ित मानसिक तनाव और असुरक्षा की भावना का सामना करता है, जो उनके जीवन की गुणवत्ता और सामाजिक संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव डालता है।

सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट को गंभीरता से देखते हुए इस पर सुनवाई का आदेश दिया और न्यायमित्र की नियुक्ति की घोषणा की। यह कदम न केवल न्यायिक सक्रियता का प्रतीक है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि भारत में साइबर अपराधियों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। न्यायमित्र की भूमिका मामलों की पारदर्शिता सुनिश्चित करना और जांच प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाना है। इससे यह उम्मीद बढ़ी है कि पीड़ितों को जल्द न्याय मिलेगा और अपराधियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई संभव होगी।

समस्या का मूल कारण तकनीकी ज्ञान की कमी और जागरूकता की कमी है। अधिकांश लोग डिजिटल लेनदेन और ऑनलाइन बैंकिंग के बारे में पूरी जानकारी नहीं रखते, जिससे वे अपराधियों के जाल में फंस जाते हैं। अपराधी अक्सर नकली सरकारी अधिकारी, बैंक कर्मचारी या पुलिस अधिकारी बनकर लोगों को डराते हैं और तत्काल पैसे देने के लिए मजबूर करते हैं। दबाव में लोग तुरंत निर्णय लेते हैं और अपराधियों का पैसा प्रदान कर देते हैं। इस प्रक्रिया में न केवल आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि पीड़ित मानसिक रूप से भी परेशान रहते हैं।

इसके अलावा, साइबर अपराधों की जांच में विशेषज्ञता और तकनीकी संसाधनों की कमी भी समस्या को बढ़ाती है। भारत में साइबर अपराध शाखाएं सीमित तकनीकी उपकरणों और प्रशिक्षित कर्मियों के कारण कई मामलों को समय पर सुलझाने में असमर्थ हैं। इसके विपरीत विकसित देशों में डिजिटल अपराध के खिलाफ कड़े उपाय किए गए हैं। कानूनी दृष्टि से, भारत में डिजिटल अरेस्ट से संबंधित कानून मुख्य रूप से आईटी एक्ट 2000 और भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत आते हैं। आईटी एक्ट साइबर अपराधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की अनुमति देता है, लेकिन जांच प्रक्रिया में धीमता और तकनीकी दक्षता की कमी के कारण मामलों का समाधान सुचारु रूप से नहीं हो पाता। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती और न्यायमित्र की नियुक्ति इस कानूनी ढांचे को प्रभावी बनाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा हो और अपराधियों को उचित दंड मिले।

डिजिटल अरेस्ट की समस्या केवल न्यायिक कार्रवाई से नहीं हल हो सकती। इसके लिए सामूहिक और बहुआयामी प्रयासों की आवश्यकता है। सबसे पहले, समाज में जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। बुजुर्गों और ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल धोखाधड़ी के प्रति शिक्षा और जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। लोगों को बताया जाना चाहिए कि कोई भी सरकारी या बैंक अधिकारी अचानक फोन करके पैसे की मांग नहीं कर सकता। उन्हें यह समझाना भी जरूरी है कि किसी भी वित्तीय लेनदेन में सावधानी बरतना आवश्यक है और तुरंत निर्णय नहीं लेना चाहिए। साथ ही, तकनीकी सुरक्षा उपाय भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। बैंक और वित्तीय संस्थाओं को उन्नत तकनीकी उपायों और धोखाधड़ी चेतावनी प्रणाली को लागू करना चाहिए। डिजिटल लेनदेन के दौरान तुरंत चेतावनी और दो-स्तरीय प्रमाणीकरण जैसी सुविधाएं ग्राहकों की सुरक्षा को बढ़ा सकती हैं। इसके साथ ही, साइबर अपराध शाखाओं को आधुनिक उपकरण, प्रशिक्षण और तकनीकी संसाधन प्रदान करना आवश्यक है। इससे अपराधियों की पहचान और उन्हें पकड़ने की प्रक्रिया तेज और प्रभावी बन सकती है। समाज में परिवार और समुदाय की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। बुजुर्गों और तकनीकी रूप से कम जानकार लोगों की डिजिटल गतिविधियों में मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करना उन्हें सुरक्षा प्रदान कर सकता है। इसके अलावा, स्कूलों और कॉलेजों में साइबर सुरक्षा शिक्षा का समावेश करना भी जरूरी है। छात्रों को डिजिटल धोखाधड़ी और साइबर अपराध के प्रति जागरूक करना भविष्य में समाज के लिए एक मजबूत सुरक्षा तंत्र तैयार कर सकता है। यदि सरकार, न्यायपालिका और समाज मिलकर ठोस कदम उठाएं, तो डिजिटल अरेस्ट जैसी समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र | **आज की प्रमुख हस्ती**

## भारत के पहले मतदाता

**श्याम** सरन नेगी का जन्म 1 जुलाई 1917 को हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले के कल्पा कस्बे में हुआ था। वे स्वतंत्र भारत के पहले मतदाता थे और एक सेवानिवृत्त स्कूल शिक्षक के रूप में जाने जाते हैं। भारत का पहला आम चुनाव फरवरी 1952 में हुआ था, लेकिन हिमाचल प्रदेश के बर्फीले इलाकों में सर्दियों के कारण मतदान अक्तूबर 1951 में पहले ही करा लिया गया। उस समय नेगी चुनावी ड्यूटी पर थे और उन्होंने सुबह सात बजे सबसे पहले वोट डालकर इतिहास रच दिया।



श्याम सरन नेगी
जन्म : 1 जुलाई ,1917
मृत्यु : 5 नवंबर, 2022

1951 से लेकर 2022 तक उन्होंने हर आम चुनाव में मतदान किया और कभी भी मताधिकार का उपयोग करने से पीछे नहीं हटे। 106 वर्ष की आयु में 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने 34वीं बार वोट दिया। 2007 में चुनाव आयोग ने आधिकारिक रूप से उन्हें भारत का पहला मतदाता घोषित किया और कई बार सम्मानित भी किया। 2014 में गूगल ने उन पर 'प्लेज टू वोट' नामक लघु फिल्म बनाई और 2015 की बॉलीवुड फिल्म 'सनम रे' में भी वे दिखाई दिए। नेगी लोकतंत्र के प्रति जागरूकता और मताधिकार के प्रतीक बन गए। 5 नवंबर 2022 को 106 वर्ष की आयु में उनका निधन हुआ। उनका जीवन देश के नागरिकों के लिए प्रेरणास्रोत है। ■



कविता | अनंत ज्ञान

## समय

अर्पित गौतम, गांव चाचियां खास (पालमपुर) फोन: 9317927970

**इस** क्षण में जब कह रहा हूं,
दूसरे क्षण तुम जब सुन रहे हो,
वो सब मुझसे आया है।
मैं समय हूं, सब कुछ मुझमें समाया है।
सृजन हुआ है मुझसे ही,
मुझमें ही, विनाश समाया है।
आदि भी मुझसे ही, मुझमें ही अनंत समाया है।
मैं समय हूं, सब कुछ मुझमें समाया है।
मुझसे ही सतयुग, त्रेता, द्वापर,
मुझमें ही कलयुग समाया है।
मैं समय हूं, सब कुछ मुझमें समाया है।
मुझसे ही नव अवतार हुए हैं,
और दशम भी मुझमें समाया है।
मैं समय हूं, सब कुछ मुझमें समाया है।

# भारतीय साहित्य में स्त्री अस्मिता और पुरुष वर्चस्व का द्वंद्व




**डॉ. अंकिता चौधरी**
एसोसिएट प्रोफेसर
अभिलाषी विश्वविद्यालय, मंडी
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

पुरुष-प्रधान समाज में महिलाओं का स्थान आज भी गहन विमर्श का विषय बना हुआ है। साहित्य समाज का दर्पण होने के नाते इसने हमेशा ही स्त्री के अस्तित्व, उसकी भूमिका, उसके संघर्ष और उसकी पहचान के प्रश्नों को केंद्र में रखा है। समाज में स्त्री की स्थिति जिस रूप में दिखाई देती है, वही साहित्य में भी परिलक्षित होती है। समय के साथ-साथ महिलाओं की छवि में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है। प्रारंभिक साहित्य में जहां महिला को त्यागमयी, सहनशील और पुरुष पर निर्भर प्राणी के रूप में चित्रित किया गया, वहीं आधुनिक युग के साहित्य में वह आत्मनिर्भर, विद्रोही और अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष करने वाली नायिका के रूप में उभरती है।

स्वतंत्रता पूर्व काल में साहित्य पुरुष लेखकों के वर्चस्व में था और स्त्रियों के अनुभवों को अधिकतर पुरुष दृष्टि से ही प्रस्तुत किया गया, परंतु स्वतंत्रता के बाद महिला लेखिकाओं की सशक्त पीढ़ी ने न केवल लेखन के क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, बल्कि स्त्री चेतना और अस्मिता के प्रश्नों को समाज के सामने रखकर विमर्श का नया आयाम भी दिया। कृष्णा सोबती, मन्नू भंडारी, नयनतारा सहगल, अनीता देसाई, शशि देशपांडे, मंजू कपूर, अरुंधति राय जैसी लेखिकाओं ने स्त्री की उस छवि को साहित्य में स्थापित किया जो अपनी स्वतंत्र सोच, इच्छाओं और निर्णयों के लिए संघर्ष करती हैं। इन लेखिकाओं की नायिकाएं अब केवल घर-परिवार की सीमाओं तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि वे अपनी पहचान और आत्मसम्मान की लड़ाई लड़ती हैं। इनकी दृष्टि में स्त्री अब केवल किसी की पत्नी, मां या बेटी नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र व्यक्तित्व है जो समाज की रूढ़ धारणाओं को चुनौती देने का साहस रखती है।

पितृसत्तात्मक समाज में महिला का जीवन हमेशा ही संघर्षमय रहा है। धर्मग्रंथों और सामाजिक परंपराओं ने उसे आदर्श पत्नी, त्यागमयी मां और समर्पित गृहिणी की सीमाओं में बांध दिया, परंतु आधुनिक महिला इन सीमाओं को तोड़कर अपने अधिकारों और स्वतंत्रता की मांग करती है। शशि देशपांडे के उपन्यासों में यह विद्रोह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

द लॉन्ग साइलेंस की नायिका जया का जीवन एक ऐसे समाज की सच्चाई को उजागर करता है जहां स्त्री की पहचान उसके पति और परिवार से जुड़ी होती है। अपने परिवार के भीतर ही वह स्वयं को पराया महसूस करती है। यह स्थिति भारतीय समाज में स्त्रियों की दबी हुई आवाज और मौन संघर्ष का प्रतीक है।



द डार्क होल्ड्स नो टेरर की नायिका सरिता की कहानी उस मानसिक और सामाजिक संघर्ष को प्रस्तुत करती है जो एक शिक्षित, आत्मनिर्भर महिला को भी पुरुष के अहं के सामने झुकने को विवश कर देता है।

सरिता का पति जब उसे केवल अपने अहं की तुष्टि के साधन के रूप में देखने लगता है, तो वह इस अन्याय के विरुद्ध खड़ी होती है। उसका 'नहीं' कहना भारतीय समाज में उस नए स्त्री स्वरों का प्रतीक है जो अब चुप नहीं रहना चाहता। सरिता अपने निर्णय स्वयं लेने का साहस करती है और अपने भीतर झाँककर अपनी असली पहचान को खोजती है। अनीता देसाई के उपन्यासों में भी स्त्री का आंतरिक संसार बड़े संवेदनशील ढंग से चित्रित किया गया है। शशि देशपांडे की नायिकाएं जैसे- इंदु, तारा, माया और सुशी, सभी उस 'नई महिला' की प्रतीक हैं जो जीवन के हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति और भूमिका को स्थापित करने का प्रयास करती हैं। यह नई महिला केवल विद्रोह नहीं करती, बल्कि समाज के साथ सामंजस्य बनाते हुए अपनी शर्तों पर जीवन जीना चाहती है।

भारतीय समाज में शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता ने महिलाओं को नया दृष्टिकोण दिया है। अब वे केवल परिवार की सीमाओं में बंधी नहीं हैं, बल्कि सार्वजनिक जीवन में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। फिर भी समाज की गहराइयों में पितृसत्तात्मक सोच अब भी मौजूद है, जो महिला की स्वतंत्रता को सीमित करती है। यही विरोधाभास आधुनिक स्त्री : साहित्य का मूल स्वर बन गया है।

शशि देशपांडे और अनीता देसाई जैसी लेखिकाओं ने अपने उपन्यासों में स्त्री की आत्मचेतना और अस्तित्व की खोज को प्रभावी रूप में प्रस्तुत किया है। 'रूट्स एंड शैडोज' की नायिका अपने भीतर परंपरा और आधुनिकता के द्वंद्व से जूझते हुए सच्ची मुक्ति की तलाश करती है। वह समझती है कि स्वतंत्रता केवल बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक होती है, जब स्त्री अपने निर्णय स्वयं लेती है।

आज की महिला शिक्षित, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी है। वह कार्यक्षेत्र, राजनीति, शिक्षा और साहित्य में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही है। हालांकि असमान वेतन, सामाजिक पूर्वाग्रह और घरेलू हिंसा जैसी समस्याएं अब भी हैं, परंतु वह इनसे जूझते हुए आगे बढ़ रही है। नारीवाद का उद्देश्य पुरुषों से संघर्ष नहीं, बल्कि समानता और न्याय की स्थापना है। आधुनिक स्त्री यह समझ चुकी है कि उसकी अस्मिता उसकी अपनी इच्छाशक्ति और आत्मसम्मान पर निर्भर है। वह संवेदनशील होते हुए भी दृढ़ है, अपने सपनों और जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाकर समाज में नई दिशा प्रदान कर रही है। पुरुष-प्रधान समाज में अब वह पराधीन नहीं, बल्कि परिवर्तन की वाहक बन चुकी है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# सरकारी स्कूलों से छात्रों का पलायन : शिक्षा व्यवस्था के लिए चेतावनी



**साहिल शर्मा**
गांव बहल अर्जुन (चकमोह)
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

ग्रामीण और सरकारी स्कूलों से छात्रों का पलायन केवल संख्या का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह समाज में बढ़ती असमानता और शिक्षा के प्रति बदलती मानसिकता का संकेत है।

जब बच्चे गांवों से शहरों की ओर चले जाते हैं, तो केवल व्यक्तिगत भविष्य की चिंता नहीं होती, बल्कि गांवों की सामूहिक प्रगति भी प्रभावित होती है। स्कूल केवल ज्ञान का केंद्र नहीं हैं; वे सामाजिक विकास, सांस्कृतिक संरक्षण और बच्चों में जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का माध्यम भी हैं। जब सरकारी स्कूल खाली हो जाते हैं, तो गांव के बच्चों को सीखने, सोचने और समुदाय में योगदान देने का अवसर कम होता है।

इसके अलावा, पलायन की प्रवृत्ति शिक्षकों के मनोबल पर भी असर डालती है। जब शिक्षकों को अपने विद्यार्थियों की कमी और अभिभावकों की नकारात्मक धारणा का सामना करना पड़ता है, तो उनका उत्साह घटता है और वे नवाचार या अतिरिक्त प्रयास करने में संकोच करते हैं। इसका दुष्परिणाम बच्चों की पढ़ाई और सीखने की गुणवत्ता पर पड़ता है, जिससे यह एक नकारात्मक च, बन जाता है।

समाधान केवल सरकारी स्कूलों में आधुनिक तकनीक और संसाधन लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए। यह जरूरी है कि स्थानीय समाज, शिक्षक और प्रशासन मिलकर शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यालय की गरिमा को बढ़ाने पर ध्यान दें। बच्चों की रुचि और सहभागिता बढ़ाने के लिए शिक्षण विधियों में नवाचार, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां और परियोजना आधारित शिक्षा को शामिल किया जा सकता है। जब स्कूल में पढ़ाई का अनुभव रोचक और उपयोगी बनता है, तो माता-पिता भी बच्चों को वहां भेजने में संकोच नहीं करते। साथ ही, अभिभावकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। ग्रामीण परिवारों को यह समझना होगा कि शिक्षा केवल शैक्षणिक परिणाम तक सीमित नहीं है।



बच्चों में नैतिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारी और जीवन कौशल का विकास भी शिक्षा का हिस्सा है। यदि अभिभावक सरकारी विद्यालयों के प्रयासों में सहयोग करें और बच्चों के सीखने में सक्रिय भूमिका निभाएं, तो स्कूल और समुदाय दोनों ही मजबूत होंगे। सरकार को चाहिए कि वह शिक्षक प्रशिक्षण, डिजिटल कक्षाएं, पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशालाएं और खेल-कूद सुविधाओं के साथ-साथ स्कूलों के भौतिक ढांचे को भी मजबूत बनाए। पंचायत और स्थानीय निकायों को स्कूलों के संचालन में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा जागरूकता अभियानों और अभिभावक-शिक्षक संवाद सत्रों के माध्यम से भी बच्चों के स्कूल में बने रहने को प्रोत्साहित किया जा सकता है। अंततः, ग्रामीण विद्यालयों से छात्रों का पलायन सिर्फ शिक्षा व्यवस्था की कमजोरी नहीं, बल्कि समाज और संस्कृति की चेतावनी है। अगर गांवों के स्कूल मजबूत और सक्रिय नहीं होंगे, तो वहां की युवा पीढ़ी न केवल ज्ञान से वंचित होगी, बल्कि सामाजिक मूल्यों और सांस्कृतिक चेतना से भी दूर जाएगी। इसलिए आवश्यक है कि सरकारी स्कूल को फिर से शिक्षा का गर्व और समानता का प्रतीक बनाया जाए।

ग्रामीण भारत की आत्मा उनके विद्यालयों में बसती है। जब तक वहां शिक्षा का वातावरण सशक्त, रोचक और उपयोगी नहीं बनेगा, तब तक छात्र पलायन की प्रवृत्ति रोक पाना मुश्किल होगा। सरकारी स्कूलों का पुनरुत्थान केवल शिक्षा का नहीं, बल्कि समाज के भविष्य और सामाजिक समरसता का भी प्रश्न है। आज यही समय है कि हम मिलकर ग्रामीण और सरकारी शिक्षा व्यवस्था को पुनर्जीवित करें, ताकि हर बच्चे को योग्य और संतुलित शिक्षा मिल सके और गाँव फिर से जीवंत और समृद्ध बनें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बुजुर्गों के सूने गांव : क्या विकास की कीमत हमारे रिश्ते चुका रहे?



**सुमन देवल सोनू**
स्वतंत्र लेखिका, बिलासपुर
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हमारे समाज की वास्तविक ताकत केवल उसके युवा नहीं, बल्कि उसकी पीढ़ियों के बीच की कड़ी में है। जब बुजुर्ग समाज से कट जाते हैं, तो उनके अनुभव, उनकी कहानियां, उनके नैतिक मूल्य और जीवन की सीखें भी हमारे साथ नहीं रहतीं। गांवों में उनकी अनुपस्थिति केवल घरों को सूना नहीं करती, बल्कि समाज के सामूहिक स्मरण और सांस्कृतिक जड़ें कमजोर हो जाती हैं। इस बदलाव का असर बच्चों और पोतों पर भी पड़ता है, क्योंकि वे अपनी जड़ों और जीवन के अनुभवों से दूर हो जाते हैं।

आज के समय में बुजुर्ग अकेलेपन की भावना को सहन करते हुए भी अक्सर खुद को जिम्मेदार महसूस करते हैं। वे अपने परिवार और समाज की भलाई के लिए लगातार चिंता में रहते हैं, लेकिन उनके प्रयासों और उनके अनुभवों को न तो सही समय पर पहचाना जाता है और न ही उनका मूल्यांकन। यही कारण है कि कई बुजुर्ग मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की समस्याओं से जूझते हुए भी चुप रह जाते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि वे अब केवल बोझ बन गए हैं।

विकास की इस दौड़ में जहां शहरों और महानगरों में जीवन की गति बहुत तेज हो गई है, वहीं गांवों की प्राकृतिक शांति और सामाजिक जुड़ाव खोते जा रहे हैं। युवा अपने करियर और भौतिक सफलता में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि उनके बुजुर्गों के लिए समय निकाल पाना मुश्किल हो जाता है। परिणामस्वरूप, पुराने घर खाली पड़ते हैं, चहकती आवाजें बंद हो जाती हैं, और अनुभवी हाथों से बुने रिश्तों का धागा धीरे-धीरे टूटने लगता है, लेकिन समाधान भी हमारे हाथ में हैं।

समाज और परिवार मिलकर बुजुर्गों के जीवन को फिर से जीवंत बना सकते हैं। उनके अनुभव और कहानियों को सुनना, उन्हें निर्णयों में शामिल करना, उनकी सलाह का सम्मान करना और छोटी-छोटी खुशियों में उन्हें शामिल करना, उन्हें अकेलेपन से बचाने के साधन हैं। केवल भौतिक सुविधा देने से काम नहीं चलता; जरूरी है कि भावनात्मक जुड़ाव और आत्म-सम्मान की रक्षा की जाए।



युवा पीढ़ी को यह समझना होगा कि बुजुर्ग केवल अतीत के वाहक नहीं हैं, बल्कि भविष्य के मार्गदर्शक भी हैं। उनके जीवन की सीखें और दृष्टिकोण, परिवार और समाज के लिए अमूल्य हैं। यदि हम उन्हें अनदेखा करते हैं, तो न केवल उनके जीवन का आनंद कम होता है, बल्कि समाज भी अपनी आत्मिक शक्ति और सांस्कृतिक चेतना खो देता है। सरकारी और सामाजिक संस्थाओं को भी बुजुर्गों की गरिमा बनाए रखने में भूमिका निभानी चाहिए। केवल वृद्धाश्रम खोलना पर्याप्त नहीं है। सामुदायिक केंद्र, स्वास्थ्य सुविधाएं, और सामाजिक संवाद के मंच उनके लिए बनाए जाने चाहिए, ताकि वे सक्रिय, सम्मानित और आत्मनिर्भर बने रहें। इसके साथ ही, शिक्षा प्रणाली में बुजुर्गों के साथ संवाद, सह-अस्तित्व और परंपराओं की सीख को शामिल करना आवश्यक है। हमारे गांव, हमारी संस्कृति और हमारी आत्मा बुजुर्गों के अनुभव और उनके सम्मान से जुड़ी हुई हैं। यदि हम उन्हें अनदेखा करते हैं, तो यह केवल सामाजिक एकाकीपन नहीं, बल्कि हमारे स्वयं के भविष्य की चेतावनी है।

जब तक हम उनके साथ समय बिताते हैं, उनके अनुभवों से सीखते हैं और उनके सम्मान को बनाए रखते हैं, तब तक समाज का विकास सच्चे अर्थ में पूर्ण नहीं हो सकता। इसलिए यह समय है कि हम अपने जीवन की गति में संतुलन लाएं, बुजुर्गों के प्रति प्रेम और सम्मान जताएं, ताकि उनके अनुभव और जीवन की सीख हमें जीवन भर मार्गदर्शन दे सकें।

समाज की परिपक्वता केवल आर्थिक या तकनीकी प्रगति में नहीं, बल्कि अपने बुजुर्गों की गरिमा और सम्मान में मापी जाती है। हमें यह याद रखना होगा कि एक दिन हमारी बारी भी आएगी, और उस समय हम चाहते हैं कि सुनने वाला, समझने वाला और साथ देने वाला कोई न खोया हो। यही हमारे विकास की सच्ची परीक्षा है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# मानवीय संवेदनाओं के संरक्षक संत शिरोमणि गुरु नानक देव जी



**आचार्य दीप चंद भारद्वाज**
स्वतंत्र लेखक
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भारतवर्ष संतों, महापुरुषों और ऋषि-मुनियों की पावन धरा है। समय-समय पर इस धरा पर मानव जाति के कल्याण के लिए अनेक दिव्य विभूतियों ने जन्म लिया। ऐसे अशांत और नकारात्मक समय में संत मनीषी ही मानव जाति को सही मार्ग दिखाने में समर्थ होते हैं।

इसी कड़ी में महान संत गुरु नानक देव जी का जन्म सन 1469 ईस्वी में जिला शेखुपुरा के तलवंडी नामक ग्राम में हुआ। उनके पिता मेहता कालू और माता तृप्ता थे। उनका जन्म कार्तिक मास की पूर्णिमा को हुआ, जिसे प्रकाश पर्व के रूप में श्रद्धालु आज भी मनाते हैं।

बाल्यकाल से ही गुरु नानक देव जी दयालु, चिंतनशील और वैरागी प्रवृत्ति के थे। वे सांसारिक भोग और व्यापार के प्रति आसक्त नहीं थे। एक बार पिता द्वारा उन्हें व्यापार करने हेतु कुछ रुपए दिए गए, परंतु रास्ते में उन्होंने भूखे साधुओं को भोजन करवाया। गुरु नानक जी साधु-संतों की संगति को उत्तम मानते थे और मानव कल्याण के लिए कार्यरत रहते थे। उन्होंने सिख समाज को तीन स्वर्णिम सिद्धांत प्रदान किए- 'किरत करना, नाम जपना और वंड छकना।' किरत करना का अर्थ है ईमानदारी और परिश्रम के माध्यम से आजीविका कमाना और इसे दीन-दुखियों में बांटना। नाम जपनासे आशय है सतत प्रभु के नाम का उच्चारण और चिंतन, जिससे मानसिक और आत्मिक शक्ति विकसित होती है। वंड छकना का अर्थ है समाज में भोग्य पदार्थों को बिना भेदभाव के बांटना, जिससे प्रेम और सौहार्द की स्थापना होती है। गुरु नानक देव जी ने अपने उपदेशों और रचनाओं में नारी जाति के उत्थान और सामाजिक समानता पर विशेष बल दिया। उनका विचार था कि नारी शक्ति से ही समाज में बड़े विद्वान और राजाओं का जन्म होता है। उन्होंने जात-पात और भेदभाव को अस्वीकार किया और मानवता की समानता का संदेश दिया। गुरु नानक देव जी का प्रसिद्ध ग्रंथ 'जपुजी साहिब' है, जिसमें ईश्वर के सर्वव्यापी स्वरूप का वर्णन मिलता है। उनका मूल मंत्र- 'इक ओंकार सतनाम करता पुरख निरभौर निरवैरज' - ईश्वर की अनंत और अद्वितीय सत्ता को प्रकट करता है। ब्रह्म मुहूर्त में गुरुद्वारों में इस मंत्र का पाठ, श्रवण और चिंतन आत्मिक शांति और आनंद प्रदान करता है। संपूर्ण जीवनकाल में गुरु नानक देव जी मानव कल्याण के लिए समर्पित रहे। उन्होंने गृहस्थ जीवन का पालन करते हुए भी साधु-संतों की संगति और प्रभु भक्ति में समय व्यतीत किया। उन्होंने लगभग 22 वर्ष देश-विदेश की यात्रा करते हुए धर्म के सार का प्रचार किया। उनके उपदेश मानवता, स्नेह, प्रेम, और सामाजिक सौहार्द का संदेश देते हैं। गुरु नानक देव जी का जीवन इस बात का प्रमाण है कि भौतिक सुख और आध्यात्मिक उन्नति में संतुलन संभव है। उन्होंने दिखाया कि जीवन में सच्ची महानता सेवा, प्रेम और ईमानदारी में निहित है। उनकी शिक्षाएं आज भी युवाओं के लिए नैतिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शन का स्रोत हैं। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि जाति, धर्म या सामाजिक स्थिति के आधार पर कोई श्रेष्ठ नहीं है; हर व्यक्ति में ईश्वर का अंश समाहित है और सभी को समान सम्मान का अधिकार है। गुरु नानक देव जी ने शिक्षा दी कि आध्यात्मिक उन्नति केवल संन्यास या तपस्या में नहीं, बल्कि सामान्य जीवन में नैतिकता, ईमानदारी और सेवा के माध्यम से भी संभव है। उनका जीवन संदेश देता है कि प्रत्येक व्यक्ति, चाहे गृहस्थ हो या साधु, ईश्वर भक्ति और मानव कल्याण के लिए कार्य कर सकता है। उनके उपदेश समाज में प्रेम, सहिष्णुता और समानता के मूल्यों को मजबूत करते हैं।




गुरु नानक देव जी की जीवन यात्रा और उनके उपदेश हमें स्मरण कराते हैं कि सच्ची मानवता और आध्यात्मिक विकास दूसरों की भलाई, सेवा और प्रेम में निहित है। उनके सिद्धांत आज भी मार्गदर्शक हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# स्वास्थ्य सेवाओं में 90 फीसदी देने वाले केंद्र का नाम नहीं ले रही सरकार : जयराम

## नेता प्रतिपक्ष ने सुंदरनगर रेस्ट हाउस पर ठेकेदार ताले की घटना को बताया बदनामी

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**मंडी।** मंडी से जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार 1422 करोड़ रुपए के जाइका स्वास्थ्य परियोजना के लिए बड़े प्रचार-प्रसार के बावजूद केंद्र सरकार के योगदान को छिपा रही है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना में 1138 करोड़ रुपए का एक्सटर्नल ऐड है, जिसमें से 1024 करोड़ रुपए केंद्र सरकार द्वारा और केवल 113 करोड़ रुपए राज्य सरकार द्वारा वहन किए जाएंगे। जयराम ठाकुर ने कहा कि एक्सटर्नल ऐडेड प्रोजेक्ट में विदेशी संस्थाओं द्वारा दिए जा रहे कर्ज का 90 फीसदी हिस्सा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार सरकार जमा करती है जबकि सिर्फ 10 प्रतिशत कर्ज की धनराशि राज्य सरकार द्वारा जमा की जाती है। नाम मात्र का सहयोग देकर भी सुख की सरकार इस पूरे प्रोजेक्ट का जोर से प्रचार प्रसार कर रही है लेकिन केंद्र सरकार का जिक्र तक भी उनके इस प्रचार प्रसार में नहीं आ रहा है।

उन्होंने कहा कि सुंदरनगर में एक रेस्ट हाउस पर ठेकेदार द्वारा एक करोड़ रुपए के बकाया भुगतान के कारण ताला लगा दिया गया, जबकि बिल्डिंग उद्घाटन के लिए तैयार थी। जयराम ठाकुर ने इसे प्रदेश की बदनामी बताया और कहा कि यदि उद्घाटन के लिए तैयार भवनों पर ठेकेदार ताले लगाएंगे तो जनता और सिस्टम की विश्वसनीयता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार को परियोजनाओं के प्रचार में खर्च किए जा रहे करोड़ों रुपए में केंद्र के योगदान का उल्लेख करना आवश्यक है।

नेता प्रतिपक्ष जिला मंडी के भाजपा मंडल द्रंग की नवनियुक्त कार्यकारिणी के साथ परिचय बैठक में शामिल हुए। उन्होंने नव नियुक्त कार्यकारिणी के सदस्यों से बात करते हुए कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि संगठन के प्रति समर्पण और जनसेवा की भावना के साथअपनी पूरी क्षमता के साथ सभी कार्यकर्ता पार्टी को नई ऊंत्चाइयों तक पहुंचाएंगे। इस दौरान उनके साथ भाजपा जिला मंडी के प्रभारी बलदेव भंडारी, जिला अध्यक्ष निहाल शर्मा, जिला महामंत्री मांचली ठाकुर तथा मंडल अध्यक्ष राज ठाकुर सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।



### 'अंत्योदय के व्यावहारिक प्रयोग' पुस्तक का विमोचन

**इस** अवसर पर जयराम ठाकुर ने डॉ. चेतन गुलेरिया की पुस्तक 'अंत्योदय के व्यावहारिक प्रयोग' का विमोचन किया। उन्होंने बताया कि यह पुस्तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के दृष्टिकोण और उनके 'एकात्म मानववाद' पर आधारित विचारों को आम जनता तक पहुंचाने में सहायक होगी।

## 300 ग्राम चरस सहित युवक किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने चरस माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई है। ताजा मामले में एएसआई दौलत राम के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल हंसराज तथा कांस्टेबल सतीश कुमार ने एक आरोपी को 300 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना सुंदरनगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किरतपुर-मनाली फोरलेन पर मंगलवार को पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम नाकाबंदी पर मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस ने पुंघ में मंडी की ओर से आ रही बाइक नंबर एचपी-89-8910 की सीट के नीचे तलाशी लेने पर बिलासपुर निवासी 22 वर्षीय युवक से 300 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपी की शिनाख्त हर्ष परमार पुत्र मंगल सिंह निवासी गांव और डाकघर सलवार तहसील कलोल जिला बिलासपुर के तौर पर हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुष्टि करते हुए डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

# दिवगंत कर्नल तेजेंद्र सिंह पंचतत्व में विलीन

## बेटे अरिहंत, बेटी गरिमा ने दी मुखाग्नि व सेना के जवानों ने दी सलामी

रितेश, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** रविवार को दिल्ली में देश सेवा में बलिदान होने वाले कर्नल तेजेंद्र सिंह का तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव त्रैबला लाया गया तो चारों और कर्नल तेजिंद्र सिंह अमर रहे और भारत माता की जय कारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। मंगलवार सुबह कर्नल तेजेंद्र सिंह का उनके पैतृक शमशान घाट शिवद्वाला में सैकड़ों लोगों की भीड़ के बीच उनका राजकीय व सैन्य सम्मान सहित अंतिम संस्कार किया गया, बेटे अरिहंत व बेटी गरिमा ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। इसी दौरान सेना की टुकड़ी ने दिवगंत आत्मा को सलामी दी।

इस मौके पर धर्मपुर प्रशासन की ओर से एसडीएम जोगिंद्र पटियाल, धर्मपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार उपस्थित रहे। अंतिम यात्रा में धर्मपुर विधायक चंद्रशेखर व भाजपा नेता रजत ठाकुर, उत्तर क्षेत्र प्रचारक प्रमुख बनवीर, प्रांत प्रचारक संजय कुमार, प्रांत कार्यवाह डॉ. चंद्र प्रकाश, लेखराज राणा व किस्मत कुमार, नरेंद्र अत्री सहित कई नेता व पार्टी पदाधिकारी भी मौजूद रहे। दिवगंत कर्नल तेजेंद्र सिंह अपने पीछे अपने माता-पिता, भाई-भाभी, पत्नी व बेटा-बेटी छोड़ गए हैं। हालांकि बेटा-बेटी अभी पढ़ाई कर रहे हैं और उनके घर से उनके जाने के बाद कोई भी परिवार का सदस्य रोजगार पर नहीं है। वहीं सेना के कप्तान एचएस चौहान ने बताया कि जल्द ही बेटा-बेटी में से किसी को नौकरी दी जाएगी।



### पिता ने छुपाए रखा दर्द

**कर्नल** तेजेंद्र के पिता कर्नल रूप चंद खुद आर्मी में कर्नल रहे हैं। रविवार को बेटे के बलिदान की सबसे पहले उन्हें ही खबर मिली, परंतु पत्नी जिनका हाल ही में हार्ट का ऑपरेशन हुआ है वह बेटे की शहादत की खबर नहीं सुन सकती थी। उनकी हालत और परिवार के बाकी सदस्यों को देखते हुए उन्होंने किसी को भी खबर नहीं होने दी, यहां तक की बेटे का पार्थिव शरीर दिल्ली से रात 12 बजे गांव पहुंचना था। इसके लिए उन्होंने घर का एक कमरा बिल्कुल खाली करवा दिया, परिवार को यह कहकर कि यहां पेंट करवाना है। रात 10 बजे ही उन्होंने परिवार को बेटे के बलिदान की सूचना दी। इस दौरान कर्नल ने अपने आंसू छुपाए रखे।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रशिक्षुओं को नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) जोगिंद्रनगर में एट्रोसिटी एक्ट व नशा मुक्त भारत अभियान पर जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य नवीन कुमारी ने की, जबकि जिला कल्याण अधिकारी समीर विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिक्षक शेर सिंह वर्मा ने नशे के दुष्प्रभावों और स्वस्थ जीवनशैली पर जानकारी दी तथा प्रशिक्षुओं को नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई। पुलिस विभाग से एसआई लाल चंद ने एट्रोसिटी एक्ट के प्रावधानों व कानूनी अधिकारों पर विस्तृत जानकारी दी। प्रधानाचार्य नवीन कुमारी ने युवाओं से नशे से दूर रहकर समाज के लिए प्रेरणा बनने का आह्वान किया। जिला कल्याण अधिकारी समीर ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं युवाओं में समानता, अनुशासन और सामाजिक चेतना को बढ़ावा देती हैं। कार्यशाला में प्रशिक्षकगण, छात्र-छात्राएं व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### बेटियों को सशक्त बनाने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हराबाग में एक दिवसीय किशोरी मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सूरत राम ने की। मुख्य अतिथि ने किशोरियों को 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और 'पर्यावरण बचाओ' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रेरित किया। लिंगानुपात में गिरावट और बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं पर चिंता व्यक्त की। खंड समन्वयक सुनील कुमार ने विभिन्न योजनाओं जैसे कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, शगुन योजना आदि की जानकारी दी। मेले में स्लोगन, पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में एन.एस.एस. स्वयंसेवक, अध्यापक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। अंत में सभी किशोरियों को रिफ्रेशमेंट भी प्रदान किया गया।

### अतुल को भाजयुमो प्रदेश प्रवक्ता की कमान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चे की प्रदेश कार्यकारिणी में सरकाघाट से संबंध रखने वाले अतुल ठाकुर को प्रदेश प्रवक्ता की अहम जिम्मेवारी सौंपी गई है । अतुल ठाकुर की पृष्ठभूमि एबीवीपी से है और एबीवीपी में इकाई अध्यक्ष से लेकर पूर्णकालिक के रूप में भी पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों में संगठन की मजबूती के लिए काम किया है। अतुल ठाकुर इससे पूर्व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ब्रिक्स सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। अतुल ठाकुर ने जारी बयान में पार्टी शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया है और कहा कि ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ही विजन है कि आज सामान्य और गैर राजनीतिक परिवार से संबंध रखने वालों को भी पार्टी में अहम जिम्मेवारियां दी जा रही हैं।

### पेंशनरों की प्रादेशिक बैठक मंडी में 7 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति की आपातकालीन बैठक 7 नवंबर को मंडी में प्रदेशाध्यक्ष सुरेश ठाकुर की अध्यक्षता में 10.30 बजे विश्वकर्मा सभा हाल, पुराना सुकेती पुल मंडी में होगी। जिसमें सभी 18 विभिन्न संगठनों के लगभग 200 प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी व सदस्य शामिल होंगे। इस बैठक में 17 अक्तूबर को हर जिला में हुए धरना-प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी और दूसरे चरण के आंदोलन के लिए आगामी रणनीति सभी की सहमति से तय की जाएगी। प्रदेश स्तरीय आंदोलन हर हाल में इसी महीने से शुरू किया जाएगा, केवल तारीख की घोषणा और आंदोलन की रूपरेखा बैठक में फैसला होने के बाद प्रेसवार्ता में जारी की जाएगी। संगठन की विज्ञप्ति के अनुसार अभी नहीं तो कभी नहीं को ध्यान में रख कर अगला आंदोलन शुरू किया जायेगा।

### बालीचौकी में सिक्योरिटी गार्ड की भर्ती 7 को

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड हमीरपुर ने सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के 200 पद भरने के लिए अधिसूचित किए हैं। उप रोजगार कार्यालय बालीचौकी से मिली जानकारी के अनुसार इन पदों को भरने के लिए 7 नवंबर को बालीचौकी में एक भर्ती शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती प्रातः 11 से 2 बजे तक चलेगी। कंपनी ने उक्त पदों के लिए 8 से 12 घंटों के लिए न्यूनतम वेतन 18500 से 23000 रुपए मासिक रखा है। इसके अलावा पेंशन ग्रेच्युटी, ईपीएफ वह बीमा आदि लाभ भी दिए जाएंगे। आवेदक की लंबाई 168 सेमी एवं भार 55 किलोग्राम से 95 किलोग्राम तथा आयु 19 से 40 वर्ष के बीच रखी गई है। भर्ती शिविर के लिए अभ्यर्थी को अपने मूल प्रमाणपत्र फोटो सहित उपलब्ध करवाने होंगे। चयनित अभ्यर्थियों को एक मास का प्रशिक्षण हमीरपुर में दिया जाएगा।

# जोगिंद्रनगर में परालिंगिक समुदाय और सामाजिक समानता पर हुई सार्थक चर्चा

अभिषेक, अनंत ज्ञान

**राजीव गांधी महाविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन**

**जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में मंगलवार को समाजशास्त्र विभाग एवं अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ द्वारा पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के तत्वावधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय 'हाशियों से मुख्य धारा की ओर: परालिंगिक समुदाय की सामाजिक धारा' रहा। इस संगोष्ठी में समाजशास्त्र, सामाजिक न्याय और समानता के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मीनाक्षी शर्मा, संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि समाज की सच्ची प्रगति तभी संभव है जब हम सभी वर्गों को समान अवसर और सम्मान प्रदान करें। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे समाज में समानता, एकता और संवेदनशीलता की भावना को अपनाएं और सामाजिक समरसता की दिशा में कार्य करें।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ. विनीत कुमार, अध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ एवं मैक्स वेबर संस्थान, हाइडेलबर्ग यूनिवर्सिटी बोर्ड के सदस्य रहे। उन्होंने कहा कि परालिंगिक समुदाय आज भी समाज की मुख्य धारा से काफी दूर है और इसके प्रति दृष्टिकोण बदलना समय की आवश्यकता है। उन्होंने समाजशास्त्र के दृष्टिकोण से बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को गरिमा और समानता का अधिकार मिलना चाहिए, चाहे उसकी पहचान कुछ भी हो।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. निशा वैद्य ने की। दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्राचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की संगोष्ठियाँ विद्यार्थियों के ज्ञान और दृष्टिकोण को व्यापक बनाती हैं तथा उन्हें सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करती हैं। उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय सदैव शैक्षणिक और सामाजिक उन्नति के लिए प्रयासरत रहेगा।संगोष्ठी की मुख्य संयोजिका प्रो. कौमुदी शर्मा रहीं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में समानता, सहयोग और सहिष्णुता की भावना का प्रसार करना है ताकि कोई भी समुदाय स्वयं को उपेक्षित न महसूस करे।

# प्रदेश में महिलाओं के लिए फ्री में लगेंगे मैमोग्राफी व सर्वाइकल कैंसर जांच शिविर




डिस्ट्रिक्ट चेयर एवं प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर प्रवीन अग्रवाल प्रेसवार्ता करते हुए।

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

**रोटरी जिला 3070 की पहल पांच जिलों में 6 से 18 नवंबर तक होगा आयोजन**

रोटरी जिला 3070 के सौजन्य से हिमाचल प्रदेश के पांच जिलों में महिलाओं के लिए निशुल्क मैमोग्राफी और सर्वाइकल कैंसर जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। यह स्वास्थ्य अभियान 6 से 18 नवंबर तक चलेगा, जिसमें विशेषज्ञ महिला चिकित्सक जांच करेंगी। इस पहल के लिए एक विशेष मोबाइल मैमोग्राफी वैन तैयार की गई है, जिसमें आधुनिक लैब और जांच सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

रोटरी जिला गर्वनर रोहित ओबराय व प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. एसपीएस ग्रोवर के नेतृत्व में यह अभियान महिलाओं में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। प्रेसवार्ता में डिस्ट्रिक्ट चेयर प्रवीन अग्रवाल ने बताया कि शिविरों में जांच पूर्णत: निशुल्क होगी।

शिविर 6 नवंबर को बिलासपुर, 7 नवंबर गागल, 8-9 नवंबर सुंदरनगर, 10 नवंबर मंडी, 11 नवंबर नेरचौक, 12-13 नवंबर कुल्लू, 14-15 नवंबर मनाली, 16 नवंबर हमीरपुर और 17-18 नवंबर ऊना में आयोजित किए जाएंगे। महिलाओं से अपील की गई है कि वे इस स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाएं और कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहयोग करें।

# जियो नेटवर्क की कमजोर पकड़ से चौहार व छोटाभंगाल घाटी के उपभोक्ता परेशान

**अनंत ज्ञान, बरोट।** चौहार घाटी तथा छोटाभंगाल घाटी के दुर्गम गांवों में जियो का नेटवर्क पिछले तीन माह से उपभोक्ताओं के लिए बड़ी परेशानी का सबब बना हुआ है। कभी नेटवर्क पूरी तरह ठप हो जाता है तो कभी आंख मिचौली की तरह चलता है, जिससे घाटियों के सैकड़ों उपभोक्ता खासे नाराज़ हैं। सुरेश कुमार, बुद्धि सिंह, रागी राम, श्याम सिंह, विजय कुमार, त्रिलोक चंद, अंजू, माधवी, दीपा और माया सहित कई उपभोक्ताओं का कहना है कि जब पहली बार यहां जियो कंपनी के टावर लगाए गए थे तो नेटवर्क की सुविधा संतोषजनक थी, मगर धीरे-धीरे इसकी गुणवत्ता गिरती चली गई। अब हालात यह हैं कि खराब मौसम में जहां अन्य कंपनियों का नेटवर्क सामान्य रहता है, वहीं जियो का नेटवर्क या तो गायब हो जाता है या बीच-बीच में कटने लगता है। चौहार घाटी की खलैहल पंचायत के छोटी झरवाड़ गांव के ऊपर ऊंचे स्थान पर जियो का टावर स्थापित किया गया था, लेकिन शुरुआत से ही यह टावर अपेक्षित सेवा नहीं दे पाया। अब लगभग दो माह से दोनों घाटियों के उपभोक्ताओं को पर्याप्त सिग्नल न मिलने के कारण भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है। यह समस्या केवल दुर्गम गांवों तक सीमित नहीं है, बल्कि बरोट बाजार और मुल्थान बाजार में भी उपभोक्ता नेटवर्क की कमी से जूझ रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि कमजोर सिग्नल के चलते कॉल ड्रॉप, इंटरनेट की धीमी गति और ऑनलाइन कार्यों में बाधा आ रही है, जिससे लोग जियो सेवा से नाराज होकर बीएसएनएल और एयरटेल जैसी अन्य कंपनियों की ओर रुख करने को मजबूर हैं। उपभोक्ताओं ने जियो कंपनी के उच्चाधिकारियों से आग्रह किया है कि घाटियों के टावरों की तकनीकी खामियों को तुरंत दूर कर नेटवर्क सेवा को दुरुस्त किया जाए।

# एनडीएमए विशेषज्ञ टीम ने सिराज क्षेत्र के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की क्षेत्रीय विशेषज्ञ टीम आपदा पश्चात आवश्यकता आकलन (पीडीएनए) 2025 के तहत मंडी जिले के दौरे पर है। मंगलवार को टीम ने सिराज विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावित इलाकों डेजी, बुगरालचौंक, कुथाह, पांडवशिला, थुनाग और बगस्याड का दौरा किया। इन क्षेत्रों में 30 जून को आई भयंकर आपदा के दौरान भारी भूस्खलन और वर्षा से जन-धन की व्यापक हानि हुई थी। टीम ने मौके पर क्षति का निरीक्षण किया और प्रभावित परिवारों, पंचायत प्रतिनिधियों तथा विभागीय अधिकारियों से बातचीत कर राहत एवं पुनर्वास कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। विशेषज्ञों ने पुनर्निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, सुरक्षा और दीर्घकालिक स्थायित्व को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया।

निरीक्षण से पूर्व एनडीएमए टीम ने मंडी में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक समन्वय बैठक की। बैठक में राजस्व, लोक निर्माण, जल शक्ति, विद्युत, शिक्षा, कृषि, मृदा संरक्षण, बागवानी और स्वास्थ्य विभागों के अधिकारियों ने आपदा से हुई क्षति और चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। विशेषज्ञों ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए आपदा-जोखिम घटाने, जल निकासी सुधारने, और ढलान स्थिरीकरण जैसे उपायों पर सुझाव दिए।

इसके बाद टीम ने जंजैहली स्थित लोक निर्माण विभाग कार्यालय में स्वयं सहायता समूहों, आशा कार्यकर्ताओं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की। इस संवाद में स्थानीय समुदायों की भूमिका और जनसहभागिता के माध्यम से पुनर्वास कार्यों को और प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई।

टीम में डॉ. एसके नेगी, डॉ अशोक पीपल, डॉ. महेश, एनी जॉर्ज और कृष्ण ठाकुर शामिल हैं। यह विशेषज्ञ समूह आपदा से प्रभावित क्षेत्रों के लिए विस्तृत मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार करेगा, जो आगामी पुनर्निर्माण योजनाओं का आधार बनेगी। दौरे के दौरान टीम के साथ एसडीएम थुनाग रमेश कुमार, नायब तहसीलदार थुनाग अर्जुन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल रहे।



आपदा प्रभावित इलाकों का निरीक्षण करने के उपरांत टीम बैठक करती हुई।

## लुनाधा की शिवानी नर्सिंग ऑफिसर हुई सिलेक्ट

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत फतेहपुर के गांव लुनाधा की बेटी शिवानी, पुत्री स्वर्गीय मोहन लाल और श्रीमती वीना देवी, ने अपनी मेहनत और लगन से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शिवानी का चयन प्रतिष्ठित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर हुआ है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। परिवार, ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने शिवानी की इस सफलता पर गर्व व्यक्त किया है। शिवानी ने बताया कि यह सफलता माता-पिता के आशीर्वाद और कठिन परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि लक्ष्य स्पष्ट हो तो कठिन परिश्रम से कोई भी मंज़िल हासिल की जा सकती है। स्थानीय लोगों ने कहा कि शिवानी ने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे सरकाघाट क्षेत्र का नाम गर्व से ऊंचा किया है।



# रिवालसर में पिछले 15 दिनों से वार्ड नंबर 2 और 3 में पेयजल आपूर्ति ठप

अनंत ज्ञान, रिवालसर

**जल शक्ति विभाग ने समस्या जल्द हल करने का दिया आश्वासन**

नगर क्षेत्र रिवालसर की जनता पिछले कई महीनो से भारी पेयजल संकट से जूझ रही है। वर्तमान हालात यह है की वार्ड नंबर 2 और तीन में पिछले पंद्रह दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप पड़ी हुई है। पानी को लेकर लोगों में हाहाकार मचा हुआ है। आम जनता से लेकर होटल कारोबारी पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं, लेकिन विभाग के कानों में कोई जूं तक नहीं रेंग रही है। कहने को तो रिवालसर नगर क्षेत्र की जनता के लिये तीन- तीन पेयजल योजनाओं से पानी की आपूर्ति की जा रही है। बावजूद आए दिन लोगों को भारी पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। करोड़ो रुपये खर्च कर तैयार की गई पेयजल योजनाएं अब शहरवासियों के लिए सफेद हाथी बन के रह गई है।

नगर पंचायत रिवालसर के उपाध्यक्ष कश्मीर सिंह यादव, मनोनीत पार्षद रोजी सोनी सहित अन्य लोगों की माने तो पेयजल भंडारों में पानी की कोई कमी नहीं है लेकिन जगह-जगह से पाइप लाइनों के टूटने से हाजरों लीटर पानी व्यर्थ में वह रहा है उन्होंनेपानी के वितरण को लेकर भी विभागीय लोगों पर कई प्रश्न चिन्ह खड़े किये है। लोगों ने जल्द समस्या हल न होने पर विभाग के कार्यलय तक की तालाबंदी करने की चेतावनी दी है। वहीं विभाग की माने तो टू लेन सड़क निर्माण में जुटी कंपनी द्वारा रिवालसर बाजार में बिछाई गई पेयजल पाइपों को बार बार क्षति पहुंचाने से पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है। मामले को लेकर संबंधित विभाग व अधिकारियों को अवगत करवाया गया है।

वहीं, सहायक अभियंता जल शक्ति विभाग उपमंडल रिवालसर राज कुमार शर्मा ने जल्द समस्या के हल की बात कही है।

## उधार दिए पैसे लेने गया तो की डंडे से मारपीट

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना बल्ह में प्राप्त शिकायत के आधार पर राहुल कुमार निवासी डाकघर कुम्मी, तहसील बल्ह, जिला मंडी ने बताया कि 3 नवंबर को जब वह गांव टांवा अपने मित्र विक्की कुमार से उधार दिए पैसे लेने गया तो विक्की कुमार ने उससे कहासुनी के बाद डंडे से मारपीट की, जिससे उसे चोटें आई, आरोपी विक्की कुमार निवासी डाकघर कुम्मी, तहसील बल्ह, जिला मंडी के विरुद्ध थाना बल्ह में अभियोग पंजीकृत किया गया है और आगामी अन्वेषण जारी है।

# उहलधार गांव में पंप हाउस क्षतिग्रस्त, 9 महीने से पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

**जल शक्ति विभाग पर लापरवाही के आरोप, जल्द पुनर्निर्माण की मांग**

**बरोट।** जल शक्ति विभाग के मंडल बैजनाथ तथा अनुभाग बीड़ के अंतर्गत आने वाली छोटाभंगाल घाटी की मुल्थान पंचायत के उहलधार गांव के लोगों को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विभाग द्वारा उठाऊ पेयजल योजना के तहत पंप हाउस स्थापित किया गया था, जिससे ग्रामीणों को लंबे समय तक भरपूर पानी मिलता रहा। लेकिन इस वर्ष 28 फरवरी को हुई भारी बारिश के कारण उहलधार नाले में आई अचानक बाढ़ ने इस पंप हाउस को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया, साथ ही जल भंडारण टैंक भी नष्ट हो गया।

इसके परिणामस्वरूप गांववासियों को पीने के पानी की भारी किल्लत झेलनी पड़ रही है। ग्रामवासी व पूर्व बीडीसी सदस्य हीरालाल, निगरू राम, हल्कू राम आदि ने बताया कि विभाग ने अस्थायी रूप से दूसरे स्रोत से पानी की सप्लाई शुरू की थी, परंतु वह भी अपर्याप्त है और पंप हाउस की मशीनरी के खराब होने से स्थिति और बिगड़ गई है। नौ माह बीत जाने के बावजूद विभाग ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जिससे ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। उहलधार गांव के लोगों ने जलशक्ति विभाग तथा बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल से मांग की है कि क्षतिग्रस्त पंप हाउस का पुनर्निर्माण शीघ्र कराया जाए, ताकि पेयजल संकट से राहत मिल सके।

इस संबंध में जल शक्ति विभाग बैजनाथ के सहायक अभियंता सरती शर्मा ने बताया कि वे समस्या से भलीभांति अवगत हैं व इसकी डीपीआर तैयार कर डीसी कांगड़ा स्थित धर्मशाला कार्यालय को भेज दी गई है। धनराशि स्वीकृत होते ही पंप हाउस का पुनर्निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

## आस्था

### करसोग-पांगणा-सुकेत में धूमधाम से मनाया वैकुंठ चतुर्दशी का त्योहार

# महिलाओं ने जल में प्रवाहित किए 'दीपक'

पीयूष शर्मा, अनंत ज्ञान


**व्रत से मिलता है सौभाग्य आरोग्य, धन-धान्य, पुत्र व पौत्र और मोक्ष**

**करसोग।** कार्तिक शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को वैकुंठ चतुर्दशी का पर्व करसोग-पांगणा-सुकेत में धूमधाम से मनाया गया। सनातन संस्कृति, संस्कार व संस्कृत के विद्वान रमेश शास्त्री जी का कहना है कि वैकुंठ चौदश) वास्तव में हरि-हर (भगवान विष्णु और शिव मिलन का पावन पर्व है। यह दिन भगवान श्री विष्णु और भगवान शिव—दोनों की संयुक्त उपासना के लिए समर्पित होता है। जो व्यक्ति प्रात: काल शिव और विष्णु का पूजन करता है वह भगवान की कृपा और अनंत सिद्धिको प्राप्त करता है। यह एकमात्र ऐसा दिन है जब भगवान विष्णु और भगवान शिव की पूजा एक साथ करने का विधान है।

कहा जाता है कि इस दिन उपवास और पूजन करने से व्यक्ति को सभी पापों से मुक्ति मिलती है और वैकुण्ठ धाम की प्राप्ति होती है। पौराणिक कथा है कि एक बार भगवान विष्णु ने भगवान शिव की आराधना करने का संकल्प लिया। उन्होंने एक हजार कमल-पुष्प अर्पित करने का व्रत लिया, परंतु जब उन्होंने गिनती की, तो एक कमल कम निकला। विष्णु जी के नेत्रों को भी 'कमल' कहा गया है, इसलिए उन्होंने अपना एक नेत्र निकालकर भगवान शिव को अर्पित कर दिया। शिवजी विष्णु की इस भक्ति से प्रसन्न हुए और उन्हें सुदर्शन चक्र प्रदान किया। उसी दिन को वैकुंठ चतुर्दशी कहा गया। इस दिन प्रात: गंगाजल वाले पानी या तीर्थ स्नान कर व्रत का संकल्प लिया। भगवान विष्णु को बिल्वपत्र और भगवान शिव को तुलसी-दल अर्पित किया। अधिकतर महिलाओं ने इस व्रत को किया। संध्या के समय विशेष पूजन कर पूजा में 365 बातियां तैयार कर इन्हे 14 दीपों में विभाजित किया। ये दीपक घी में भिगोकर एक विशेष लकड़ी के पात्र /गत्ते के डिब्बे में रखकर हरिहर भगवान की मूदिरों मे पूजा-अर्चना करके नदी,बावड़ी या सिचाई कुल्ह के जल की पूजा-अर्चना कर 'ॐ हरिहर विष्णु शिवाय नम: 'के मंत्र के उच्चारण के साथ पानी मे प्रवाहित किए। इस विधान को करने से सौभाग्य, आरोग्य और अनंत पुण्य की प्राप्ति होती है। इस व्रत से धन, धान्य, पुत्र-पौत्र, सौभाग्य और मोक्ष की प्राप्ति होती है। हरिहर उपासना से भक्त के जीवन में संतुलन, सद्भाव और शांति आती है।



जल में प्रवाहित करने के लिये बेड़े (दीपक) बनाती हुई महिलाएं।



## न्यूज ब्रीफ

### अनुसूचित जाति मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भारतीय जनता पार्टी ने ऊना व बसदेहड़ा मंडलों के अनुसूचित जाति मोर्चा की नई कार्यकारिणी घोषित कर दी है। ऊना मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कौशल और बसदेहड़ा मंडल अध्यक्ष राहुल देव शर्मा ने विधायक सतपाल सत्ती के साथ चर्चा के बाद दोनों मंडलों की सूची साझा की। ऊना मंडल से बलविंद्र कुमार को अध्यक्ष और बुध राम को बसदेहड़ा मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष और सचिव सहित अन्य सदस्यों की जिम्मेदारी भी तय की गई। अध्यक्ष बलविंद्र कुमार और बुध राम ने प्रदेश नेतृत्व, जिला अध्यक्ष व मंडल अध्यक्षों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा को मजबूत करने के लिए घर-घर जाकर मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाया जाएगा।

### श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया गुरु पर्व

**अनंत ज्ञान, जोल।** धुसाड़ा स्थित कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल में गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश उत्सव का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और अध्यापकों ने प्रभात फेरी निकाली, भजन गाए और गुरु नानक देव जी के जीवन व शिक्षाओं पर प्रार्थना सभा आयोजित की। क्विज़ प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रधानाचार्य एस.पी. सिंह ने भाईचारे, समानता और मानवता के संदेश पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के बाद सभी ने गुरुद्वारा साहिब में शीश नवाया और लंगर में भाग लिया। विद्यालय प्रशासन ने गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे आने से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** औद्योगिक क्षेत्र टाहलीवाल में आयोजित एक धार्मिक समागम के दौरान सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। समागम में ट्रैक्टर-ट्रॉलियां, वाहन और श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या शामिल थी। जब धार्मिक यात्रा टाहलीवाल से संतोषगढ़ की ओर जा रही थी, तब ड्रम लैंड पैलेस के नजदीक परविंदर सिंह (16), पुत्र अवतार सिंह, निवासी गांव मजारा, ट्रैक्टर से उतरते समय असंतुलित होकर ट्रॉली के टायर के नीचे आ गए। हादसे में परविंदर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर टाहलीवाल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी। हादसे से इलाके में शोक की लहर फैल गई।

### पंचायत सदस्य जोगेंद्र का सक्रिय योगदान

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि यदि जिम्मेदारी और समर्पण से अपने कार्य करें, तो लोकतंत्र मजबूत होता है। ऐसा ही उदाहरण पंचायत समिति के सदस्य जोगेंद्र देव आर्य ने प्रस्तुत किया। 1 फरवरी 2021 से अब तक आयोजित 24 पंचायत समिति बैठकों में उन्होंने निरंतर उपस्थिति दर्ज करवाई। गोबिंद सागर झील नीलामी समिति की बैठकों में भी सक्रिय भागीदारी की। विकास कार्यों और स्थानीय समस्याओं पर उन्होंने रचनात्मक सुझाव दिए। तनोह और लठियाणी क्षेत्र की 96 बैठकों में उनकी उपस्थिति ने जनता का विश्वास और पारदर्शिता सुनिश्चित की। उन्होंने जनता की सेवा में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### अक्षय ने राज्यस्तरीय एथलेटिक्स में चमकाया नाम

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में 31 अक्तूबर से 3 नवंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-19 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बंगाणा के सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अक्षय धीमान ने हाई जंप में कांस्य पदक हासिल किया। इससे पहले उन्होंने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीता था। अक्षय धीमान का चयन राज्य स्तरीय अंडर-19 वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए भी हुआ था। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के भूपेंद्र सिंह और भाग सिंह अकादमी के मुख्य कोच भाग सिंह को दिया, जिन्होंने केवल 10 दिन की प्रैक्टिस में उनकी प्रतिभा निखारी और स्कूल का नाम प्रदेश स्तर पर ऊंचा किया।

### भगवान विष्णु और तुलसी माता का विवाह

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** विकास खंड गगरेट के अंबोटा गांव में भगवान विष्णु (शालीग्राम) और तुलसी माता का भव्य विवाह संपन्न हुआ। वधु पक्ष की ओर दर्शना देवी व केवल सिंह ने माता-पिता का दायित्व निभाया, जबकि वर पक्ष की बारात पंडित चमन शर्मा के घर से निकली। बारात में बैंड-बाजा और बाराती मौजूद थे। मंडप में अग्नि के समक्ष सात फेरे लिए गए और खानपान का पूरा इंतजाम किया गया। आसपास के गांवों से भी लोग इस पवित्र विवाह में शामिल हुए। दर्शना देवी की इच्छा पूरी करते हुए उनके पुत्र, भारतीय सेना के सूबेदार संजीव कुमार ने इसे शान-ओ-शौकत के साथ संपन्न कराया। हर किसी की आंखें नम हो गईं, जैसे बेटी की विदाई पर होती हैं।

# गुरु पर्व के अवसर पर समागम पुरातन युद्ध कला का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



जगत गुरु श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश दिवस हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी तथा गुरु नानक मिशन संस्था तथा इलाका निवासी साधं संगत द्वारा श्रधा एवं उत्साहं पूर्वक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मंगलवार को गुरुद्वारा बाबा बंदा सिंह बहादुर हीरा थडा से भव्य नगर कीर्तन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जो की छत्रछाया व पांच प्यारों की अगुवाई में आयोजित किया गया।

नगर कीर्तन सुबह गुरुद्वारा बाबा बंदा सिंह जी बहादुर गावं हीरा थडा से प्रारंभ होकर गावं धुगा, कुंगडत, ललड़ी, नंगल खुर्द, टालीवाल, सतोषगढ़, सनोली, बीनेवाल, पूना, मेहतपुर, देहला, बडाला, रक्कड़, होता हुआ ऊना साहिब पहुंचा यहां किला बाबा साहिब सिंह जी बेदी में नगर कीर्तन का बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जैकारों के बीच पूष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। नगर कीर्तन के स्वागत में विभिन्न स्थानों पर स्वागती द्वार बनाए गए थे और श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न परकार लंगर लगाए गए और प्रशाद बांटे गए। सुंदर पालकी में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को सुशोभित किया गया था और सैकड़ों को तादात में मंगत मतनाम श्री वाहेगुरु, धन गुरु नानक तूही निरंकार शब्द का जाप करती हुई माथ चल रही थी। इस अवसर पर गतका पार्टियां द्वारा पुरातन युद्ध कला का सुंदर प्रदर्शन किया गया। किला बावा माद्दिव जी बेदी ऊना पहुंचने पर गुरु नानक देव के वंशज बाब सरवजोत सिंह जी बेदी, बाबा अमरजोत सिंह जी बेदी व साध संगत द्वारा नगर कीर्तन का स्वागत किया गया और पांच प्यारों व संत महां पुरुषों को सिरोपा देकर किया सम्मानित किया गया। किला बाबा साहिब सिंह बेदी जी में बुधवार को गुरु पर्व के उपलक्ष्य में धार्मिक समागम होगा। इस अवसर पर बाबा अजीत सिंह, बाबा सुरिंदर सिंह, बाबा प्रेम सिंह, बाबा प्रेम सिंह, ह्पाल सिंह कोटला, बलविंदर सिंह, जोग्पान सिंह, परमजीत सिंह, गुरुद्वारा कमेटी के प्रभान केहर सिंह सचिव करनैल सिंह, गावं के प्रधान गुरमुख सिंह राणा, गोपाल सिंह वालीवाल सुखवंत सिंह, दलविंदर सिंह, प्रभजोत सिंह, हरजिंदर सिंह, कश्मीर सिंह, सुरजीत सिंह, भजन सिंह, हिमाचल मित्र फेडरेशन के अध्यक्षम गुरमेज सिंह, कश्मीर सिंहूं बलवीर सिंह, अजैब सिंह, गुरचरन सिंह, जगतार सिंह, हरदीप सिंह, तलविंदर सिंह, कर्म सिंह, मंजीत सिंह, सतपाल सिंह सहत अन्य उपस्थित थे।

## एनएसएस शिविर सेवा समर्पण और संस्कार का संगम

**अनंत ज्ञान, लठियानी।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लठियानी में 25 से 31 अक्टूबर तक सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ बंगाणा के तहसीलदार अमित शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया और स्वयंसेवियों को सेवा की भावना को राष्ट्रनिर्माण से जोड़ने का संदेश दिया। पहले दिन, आपदा प्रबंधन पर कोट स्कूल के प्रधानाध्यापक सुरेश भारती ने सतर्कता और संयम के महत्व को उजागर किया। 26 अक्तूबर को मानसिक स्वास्थ्य पर शिक्षक राममूर्ति ने योग, ध्यान और सकारात्मक सोच के माध्यम से मानसिक शांति प्राप्त करने के उपाय बताए। 27 अक्तूबर को योग प्रशिक्षिका आरूषी शर्मा ने सूर्य नमस्कार, प्राणायाम और ध्यान कराकर तन-मन के संतुलन का महत्व समझाया। अग्निशमन और जीवन सुरक्षा की ट्रेनिंग 28 अक्टूबर को अग्निशमन विभाग के मदन राणा ने दी, साथ ही साइबर क्राइम और सड़क सुरक्षा पर बौद्धिक सत्र आयोजित हुआ। 29 अक्तूबर को योग शिक्षक रमेश ठाकुर ने स्वस्थ जीवन के लिए योग की अनिवार्यता पर जोर दिया, जबकि सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रछपाल शर्मा ने मोबाइल और नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया।

## बिना लाइसेंस तंबाकू, बीड़ी-सिगरेट बेचने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के खंड विकास अधिकारी के एल. वर्मा ने कहा कि अब क्षेत्र की किसी भी पंचायत में बिना लाइसेंस के बीड़ी, सिगरेट और तंबाकू उत्पाद बेचने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर पर इस संबंध में सख्त नियम लागू किए जा रहे हैं ताकि सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा की जा सके और अवैध रूप से तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक लगाई जा सके।

केएल वर्मा ने जानकारी दी कि प्रत्येक दुकानदार को पंचायत सचिव के माध्यम से वैध लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य होगा। यह लाइसेंस तीन वर्षों तक मान्य रहेगा और निर्धारित समयावधि के बाद इसका नवीनीकरण करवाना होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि बिना लाइसेंस तंबाकू उत्पाद बेचने वालों पर जुर्माना और सजा दोनों का प्रावधान रहेगा। इसके लिए पंचायत सचिव को पूरी शक्तियां प्रदान की जा रही हैं ताकि वह अपने क्षेत्र में कानून का पालन सुनिश्चित कर सकें। बीडीओ वर्मा ने कहा कि अब पंचायत सचिवों के साथ-साथ पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, फूड एंड सप्लाई विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों को भी लाइसेंस की जांच करने की पावर दी जाएगी। किसी भी स्तर पर नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को बीडीओ कॉन्फ्रेंस के दौरान हुई बैठक में स्वास्थ्य विभाग ने पंचायती राज विभाग को इस जिम्मेदारी के लिए अधिकृत किया है। अब हर पंचायत अपने क्षेत्र में बीड़ी-सिगरेट व तंबाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों का रिकॉर्ड रखेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी बिना अनुमति के कारोबार न करे। केएल वर्मा ने कहा कि यह कदम सरकार की उस नीति का हिस्सा है जिसके तहत जनस्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय जनता से अपील की है कि वे इस अभियान में प्रशासन का सहयोग करें और तंबाकू-मुक्त समाज के निर्माण में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस तंबाकू उत्पाद बेचने पर होगी सजा और जुर्माना होगा। पंचायत सचिव जारी करेंगे तीन वर्ष के लिए लाइसेंस मान्य रहेगा। पुलिस, स्वास्थ्य व फूड सप्लाई विभाग को भी जांच के अधिकार दिए गए हैं।

## भाजपा मंडल चिंतपूर्णी लोअर ओबीसी मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित

**अनंत ज्ञान, अंब।** भारतीय जनता पार्टी मंडल चिंतपूर्णी लोअर अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व प्रदेश, जिला व मंडल से चर्चा करने के बाद कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। खरयालता (तलमेहड़ा) के रौणखर से गिरधारी लाल, स्तोथर से जमुना दास, नंदपुर से प्रेमदास पटियाल, त्याई से दयाल सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है। चुरडू से जसविंदर सिंह, बडूही से विपिन कुमार, रपोह मिसरां से दलेल सिंह बैंस सचिव का दायित्व निभाएंगे। बडूही से संजीव कुमार को कोषाध्यक्ष का जिम्मा सौंपा गया है। जुबेहड़ से रवि कुमार, जोल से रविंद्र चौधरी, हम्वोली से मोहन सिंह, बलबीर सिंह, कुडू से दिलबर सिंह, कुठियाडी से कुलविंदर सिंह, धुसाड्ा से विपिन कुमार, दियाड़ा से राकेश चांदला, नंदपुर से राकेश कुमार को सदस्य चुना गया है। चिंतपूर्णी लोअर मोर्चा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने कहा कि उपरोक्त नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू की जाएगी।

## स्वयंसेवियों को सड़क सुरक्षा नियमों, साइबर अपराध व नशे के खिलाफ किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

स्वामी विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल चौकीमन्यार में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का तीसरा दिन प्रभात फेरी के साथ शुरू हुआ। प्रभात फेरी के बाद स्वयं सेवियों ने व्यायाम, योगाभ्यास किया और स्वयंसेवियों ने लक्ष्मी नारायण मंदिर की सफाई की।

इस अवसर पर शिविर के तीसरे दिन दोपहर के सत्र में व्याख्यान में पुलिस चौकी जोल थाना प्रभारी अशोक कुमार ने वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेवियों को सड़क सुरक्षा नियमों,साइबर अपराध,साइबर धोखाधड़ी तथा नशे से मुक्त रहने की जानकारी दी।उन्होंने स्वयंसेवियों से आग्रह किया कि तेज रफ्तार से और शराब पीकर कभी गाड़ी नहीं चलानी चाहिए, क्योंकि ऐसा करने से हम खुद दुर्घटनाओं को निमंत्रण देते हैं। उन्होंने स्वयंसेवियों को बताया कि हमें कभी भी दो पहिया वाहन चलाते समय एक बिना हेलमेट सफर नहीं करना चाहिए तथा साथ ही ट्रिपल राइडिंग नहीं करनी चाहिए। चौपहिया वाहन चलाते समय फोन का बिल्कुल भी उपयोग नहीं करना चाहिए, सीट बेल्ट पहनकर गाड़ी चलानी चाहिए।उन्होंने स्वयंसेवियों को साइबर अपराधों जैसे कि ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, फेक कॉल्स,सोशल मीडिया धोखाधड़ी, बैंक फ्रॉड आदि से कैसे बच सकते हैं के बारे में बताया। उन्होंने स्वयंसेवियों को बताया कि यदि कोई साइबर अपराध घटित हो जाए तब पीड़ित व्यक्ति तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कर सकता है।

## बंगाणा की पंचायतों में विकास को मिलेगी नई रफ्तार

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**



**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के नए खंड विकास अधिकारी एल वर्मा ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि अब उपमंडल की पंचायतों में विकास कार्यों की गति सौ प्रतिशत बढ़ेगी और सरकार की हर योजना का लाभ सीधे जनता तक पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विकास की गति के साथ-साथ कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि कोई भी योजना सिर्फ कागज़ों में सीमित न रह जाए, बल्कि धरातल पर उसका असर दिखे। के एल. वर्मा ने कहा कि उपमंडल बंगाणा की पंचायतें अब भ्रष्टाचार से मुक्त होंगी। हर विकास कार्य में पारदर्शिता लाई जाएगी और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर योजनाओं को तेज़ी से लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर पर जो भी समस्याएं लम्बे समय से लंबित हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना हो, मनरेगा के तहत रोजगार सृजन, जल जीवन मिशन, सड़क निर्माण, या सामाजिक कल्याण की योजनाएं सभी का लाभ हर पात्र परिवार तक पहुंचाना प्रशासन का मुख्य लक्ष्य होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि विकास के हर क्षेत्र में जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी ताकि जनता खुद अपने गांवों के उत्थान में भाग ले सके।बीडीओ वर्मा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ जनता की सेवा करें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विकास कार्यों की नियमित निरीक्षण और समीक्षा बैठकें की जाएंगी ताकि हर योजना निर्धारित समय पर पूरी हो सके।उन्होंने बताया कि पंचायतों में स्वच्छता, पेयजल, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने और उन्हें प्रशिक्षण उपलब्ध करवाने की दिशा में भी कदम उठाए जाएंगे। के एल. वर्मा ने कहा कि उनका उद्देश्य सिर्फ योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं, बल्कि उपमंडल बंगाणा को एक आदर्श विकास मॉडल के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे अपनी पंचायतों के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएं और किसी भी अनियमितता की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें।

## सरकारी कर्मचारी से मारपीट की घटना का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, ऊना।** बंगाणा के पीडब्ल्यूडी कार्यालय में वरिष्ठ सहायक के साथ मारपीट की घटना पर जिला ऊना के विभिन्न कर्मचारी संगठनों के नेताओं ने कड़ा विरोध जताया है। हिमाचल अराजपत्रित कर्मचारी संघ, जिला ऊना के प्रधान रजनीश शर्मा, महासचिव राजेश कुमार, वरिष्ठ उपप्रधान तारा सिंह, पूर्व प्रधान रमेश ठाकुर, शहरी इकाई के जिला प्रतिनिधि मुकेश व सुरेंद्र, विकास खंड हरोली, गगरेट, बंगाणा, अंब के कर्मचारी नेताओं ने भी इस घटना की कड़ी निंदा की है और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सरकारी कर्मचारी पर डयूटी के समय हमला लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमला है। उन्होंने प्रशासन से भी मांग की है कि कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

## वशिष्ट पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में लहराया परचम

**अनंत ज्ञान, ऊना**



हिमाचल स्कूल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में 66वीं अंडर-19 लड़कों और लड़कियों की राज्य स्तरीय एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन एक से 3 नवंबर तक गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 12 जिलों से लगभग 650 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस भव्य आयोजन में वशिष्ट पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा ग्यारहवीं के उज्ज्वल शर्मा ने डिस्कस थ्रो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इस उपलब्धि के आधार पर उज्ज्वल शर्मा का चयन अंडर-19 लड़कों की नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है, जिसका आयोजन आगामी दिनों में हरियाणा राज्य में होगा। उज्ज्वल शर्मा डिस्कस थ्रो में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेंगे। कक्षा ग्यारहवीं के जयअदित्य ने शॉट पुट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता गवर्नमेंट बॉयज़ सीनियर सेकेंडरी स्कूल जिला चंबा में 30 अक्टूबर, 2025 से 1 नवंबर, 2025 तक संपन्न हुई। राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में भी विद्यालय के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। कक्षा आठवीं के बिभास कुमार तथा कक्षा छठी के अथर्व शर्मा ने धैर्य, समर्पण और खेल भावना का परिचय देते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीतकर विद्यालय का मान बढ़ाया। प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि यह हमारे विद्यार्थियों की मेहनत और लगन का परिणाम है। एथलेटिक्स और बैडमिंटन दोनों प्रतियोगिताओं में हमारे खिलाड़ियों ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वह विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। विद्यालय के निदेशक अनुज वशिष्ट ने कहा कि स्कूल सदैव समग्र विकास, शिक्षा, खेल एवं नैतिक मूल्यों के लिए प्रयत्नशील रहा है। हमारे विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा से सिद्ध किया है कि सही मार्गदर्शन, संसाधन और दृढ़ निश्चय से सफलता सुनिश्चित होती है।

## माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव के लिए दूसरे दिन भी जारी रहे ऑडिशन

**अनंत ज्ञान, ऊना**



माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव-2025 की सांस्कृतिक संध्याओं के लिए आयोजित ऑडिशन का क्रम अंब कॉलेज के सभागार में दूसरे दिन भी उत्साहपूर्वक जारी रहा।

स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ अन्य जिलों से आए प्रतिभागियों ने निर्णायक मंडल के समक्ष अपनी प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया। यह उल्लेखनीय है कि ऑडिशन प्रक्रिया 3 नवंबर से आरंभ हुई थी। 5 नवंबर के अवकाश के पश्चात इसका अंतिम चरण 6 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है। कलाकार ऑडिशन में भाग लेने के लिए अपना आवेदन एसडीएम कार्यालय अंब में जमा कर सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागी अपना आवेदन ईमेल पते matashrichintpurnimahotsav@gmail.com पर भी भेज सकते हैं। इसके अतिरिक्त, मौके पर भी आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि इस बार महोत्सव की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में माता श्री चिंतपूर्णी के भाव, परंपरा और सामाजिक संदेशों को प्रमुखता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मंच पर गुणवत्तापरक एवं स्तरीय प्रस्तुतियां सुनिश्चित करने के लिए सभी तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। कार्यक्रम की सुचारू व्यवस्था हेतु विभिन्न समितियां गठित की गई हैं, जो अपने-अपने दायित्वों का सक्रियता से निर्वहन कर रही हैं। धार्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला यह महोत्सव 14 से 16 नवंबर तक श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 26 से 28 सितंबर तक अंब मैदान में आयोजित महोत्सव का प्रथम संस्करण अत्यंत सफल रहा था। इस आयोजन ने न केवल श्रद्धालुओं और पर्यटकों का मन जीता, बल्कि प्रदेश के धार्मिक-सांस्कृतिक कैलेंडर में अपनी विशिष्ट पहचान भी बनाई।















**कार्यक्रम** नगर पंचायत अंब में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का विशेष कार्यक्रम आयोजित

# भूकंपरोधी व हरित निर्माण विधियों की दी जानकारी

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**



नगर पंचायत, अंब में विशेष कार्यक्रम के आयोजन पर मौजूद लोग।

**अंब।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत नगर पंचायत, अंब में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत, अंब की अध्यक्षा इंदु धीमान ने की। उपाध्यक्ष विशेष तौर पर कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर अध्यक्षा इंदु धीमान ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत नगर पंचायत, अम्ब के 36 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र जारी किए गए हैं। इन लाभार्थियों के लिए लगभग 90 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक लाभार्थी को 2.5 लाख की आर्थिक सहायता चार किस्तों में दी जाएगी। पहली किस्त 70,000, नींव तक का कार्य पूर्ण करने पर, दूसरी किस्त 60,000, छत तक कार्य पूर्ण करने पर व् तीसरी और चौथी किस्त क्रमश 60,000-60,000, छत डालने और निर्माण पूर्ण होने पर जारी की जाएगी। आवास योजना के पहले चरण में 209 घरों का निर्माण हुआ है, जिसपर लगभग 4 करोड़ रुपए लाभार्थियों को जारी किए गए हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत सचिव हर्ष गुप्ता ने लाभार्थियों से अपील की कि वे योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार शीघ्रता से अपने घरों का निर्माण कार्य प्रारंभ करें और एक वर्ष के भीतर कार्य पूर्ण करें व् अन्य विभागों के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ भी लें। उन्होंने यह भी कहा कि पात्र परिवार यूनिफाइड वेब पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस अवसर पर सामाजिक विकास विशेषज्ञ मनोज कुमार ने बताया कि ऊना जिले के विभिन्न शहरी निकायों में कुल 256 घरों को स्वीकृति दी गई है। इनमें नगर निगम ऊना में 117, नगर परिषद संतोखगढ़ में 30, नगर परिषद मैहतपुर-बसदेहड़ा में 13, नगर पंचायत अंब में 36, नगर पंचायत बंगाणा में 40, नगर पंचायत दौलतपुर चौक में 9, नगर पंचायत गगरेट में 4 तथा नगर पंचायत टाहलीवाल में 7 घर शामिल हैं। इन सभी लाभार्थियों को कुल ₹6.40 करोड़ की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान अर्बन प्लानर अंजू सोनी ने लाभार्थियों को घर के निर्माण से संबंधित तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने फ्रेम्ड स्ट्रक्चर, भूकंप-रोधी निर्माण तकनीक, हरित एवं पर्यावरण अनुकूल निर्माण विधियों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घर की छत पर सोलर सिस्टम लगाकर बिजली बिल शून्य करने हेतु लाभार्थियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर नगर पंचायत, अम्ब की अध्यक्षा इंदु धीमान, उपाध्यक्ष उपदेश ठाकुर एवं पार्षदों नरेश कुमारी, अनसूया रानी, अंजली सूद, अर्चना कुमारी, अशोक कुमार, कुलदीप सिंह, मेला राम, नामित पार्षद सतीश गोस्वामी, रितेश शर्मा, राजेश शर्मा की उपस्थिति में 36 लाभार्थियों को आवास योजना के स्वीकृति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में कनिष्ठ अभियंता प्रमोद कुमार, अर्बन प्लानर अंजू सोनी, कृपाल कुमार, सुनीता देवी, आकाश कुमार, सुनीता कुमारी, विजय कुमार, वीर सिंह नगर पंचायत के कर्मचारी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के लाभार्थी उपस्थित रहे।

# सर्दियों के लिए सभी विभाग करें उचित इंतजाम

## जिला कुल्लू में सर्दियों की तैयारियों को लेकर डीसी कुल्लू ने सभी विभागों को दिए उचित व्यवस्था के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू में सर्दियों की तैयारियों को लेकर उपायुक्त तोरूल रवीश ने आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा इस संबंध में की गई तैयारियों की जानकारी एवं भविष्य में किए जाने वाले कार्यों पर चर्चा की। इस संबंध में बिंदुवार एजेंडे पर चर्चा करते हुए उन्होंने विभिन्न संबंधित विभागों से जानकारी प्राप्त की तथा उचित दिशा निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि मनाली-सरचू सड़क पर बीआरओ जहां मार्ग में अधिक अवरोध रहता हो उस हर स्थान पर आवश्यक मशीनरी तैनात करें। सर्दियों के मौसम में जहां विभिन्न क्षेत्रों में बर्फबारी के कारण सड़कें अवरुद्ध हो जाती हैं वहां, लोक निर्माण विभाग समय रहते जेसीबी और अन्य मशीनों को तैयार रखें। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि विभिन्न क्षेत्रों में जहां सड़कों के अवरुद्ध होने की संभावना रहती है वहां मशीनरी का इंतजाम कर दिया गया है और निजी ठेकेदारों से भी मशीनरी हायर की जाती है। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए आवश्यक दवाओं का भंडारण कर लें और आवश्यकता पड़ने पर और भी आपूर्ति की व्यवस्था रखें। उन्होंने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को निर्देश दिए कि आवश्यकता के मुताबिक राशन एवं केरोसिन का भंडारण समय पर कर लें। उन्होंने लोक निर्माण को विभागीय वाहनों को बर्फ हटाने के कार्य के लिए तैनात करने के भी निर्देश दिए और सभी विभागों के विभागीय भी वाहनों को दुरुस्त रखने और ईंधन इत्यादि की पर्याप्त स्टोरेज करने के भी निर्देश दिए।

उपमंडल अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जोखिम वाले पेड़ों की काट छांट के लिए वन विभाग को निर्देश दिए गए है। उपायुक्त ने जिला ग्रामीण विकास अभिकरण को निर्देश दिए कि सभी पंचायतों को आवश्यक दवाओं, वाहन, राशन की व्यवस्था एवं टास्क फोर्स बनाकर तैयारियां करने के बारे में जागरूक करना सुनिश्चित करें। बैठक की कार्यवाही का संचालन अतिरिक्त जिला। दंडाधिकारी अश्वनी कुमार ने किया। इस अवसर पर विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे तथा अन्य वर्चुअल माध्यम से जुड़े।



बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करती हुई डीसी कुल्लू तोरूल रवीश।

### आवश्यक व्यवस्थाएं कर दी गई हैं

**शिक्षा** विभाग की तरफ से जानकारी दी गई कि स्कूलों में सर्दियों के मौसम से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कर दी गई हैं, जिनमें कि स्कूलों में तंदूर इत्यादि की व्यवस्था भी रहती है।

### टोल फ्री नंबर 1077 पर करें सूचित

आपदा की स्थिति में जिला आपात ऑपरेशन केंद्र के टोल फ्री संख्या 1077 पर सूचित करें और निर्देश दिए कि जिला आपदा प्रबंधन अभिकरण कुल्लू को सभी नोडल अधिकारियों के संपर्क नंबर भी जिला आपदा प्रबंधन को उपलब्ध करवाए जाएं।

### गोवंश को सर्दियों के खतरे से बचाने के लिए जरूरी इंतजाम

**पशुपालन** विभाग की ओर से यह जानकारी दी गई कि बेसहारा गोवंश को सर्दियों के खतरे से बचाने के लिए जरूरी इंतजाम कर दिए गए हैं, घास एवं आश्रय प्रदान करने के लिए गौ -सदनों में आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। वर्तमान में विभिन्न गौशालाओं में लगभग 900 गौवंश को आश्रय प्रदान किया जा रहा है तथा एक अक्टूबर से प्रति गौवंश 12 सौ रूपये की अनुदान सहायता सरकार द्वारा जारी की जायेगी। उपायुक्त ने इस पर सभी उपमंडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्वयं जाकर सभी गौ सदनों की व्यवस्थाओं का एक बार जायजा लें और सभी गौ सदन संचालकों के साथ एक बैठक का आयोजन कर इसमें संबंधित पंचायतों के प्रतिनिधियों की भागीदारी भी सुनिश्चित करें और उनकी समस्याओं का निराकरण करने का भी प्रयास करें।

# नदियों में रोहू और मृगल प्रजाति मछली के बीज का संग्रहण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश मत्स्य विभाग ने नदीय मत्स्य बीज संग्रहण कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 190000 नंबर इंडियन मेजर कार्पस रोहू और मृगल प्रजाति मछली के बीज का जिला कुल्लू की ब्यास नदी में लारजी बजौरा और कुल्लू पीरडी के पास क्षेत्रों में बीज का संग्रहण विभागीय वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी डीसी आर्य द्वारा विभागीय स्टाफ सहित करवाया गया। यह संग्रहण स्थानीय निवासियों, मछुआरों और जिला कुल्लू के एंगलिंग एसोसिएशन के सदस्यों की उपस्थिति में हुआ। उक्त मत्स्य संग्रहण का उद्देश्य देश में स्थानीय प्रजाति की मछलियों के सरंक्षण और उत्पादन को बढ़ावा देना है, ताकि प्रदेश में कार्यशील मछुआरों की आजीविका और सुदृढ़ हो सके। उक्त कार्यक्रम के दौरान विभाग ने सभी स्थानीय लोगों से आग्रह किया कि स्थानीय नदी नालों में मत्स्य सरंक्षण को प्राथमिकता के आधार पर करने में विभाग का सहयोग करें। विभाग के निदेशक एवं प्रारक्षी विवेक ने कहा कि नदिया मत्स्य संग्रहण कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय प्रजाति कि मछलियों का संरक्षण है, ताकि मत्स्य उत्पादन में बढ़ोतरी हो।

# कुल्लू व मनाली एनएच पर वाहन चालकों को झेलनी पड़ रही दिक्कतें

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**मनाली।** 26 अगस्त को आई त्रासदी से कुल्लू -मनाली का नेशनल हाईवे कई जगह बाढ़ आने के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। एनएचआई ने कुल्लू से मनाली नेशनल हाईवे को बहाल तो कर दिया है, लेकिन दो तीन से अधिक समय बीत चुका है इस पर अभी तक मेटलिंग और ब्लैक टॉप नहीं किया गया है।

इस कारण कुल्लू से मनाली के बीच कच्चे रास्तों पर धूल का गुब्बार बना हुआ है। ब्लैक टॉप न होने से कई छोटी गाड़ियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जहां पर नेशनल हाईवे द्वारा रोड की फिलिंग की जा रही है वहां से आम आदमी और गाड़ियों का गुजरना दुश्वार हो गया है। डोहलूनाला, 17 मील और आलू ग्राउंड में नेशनल हाईवे द्वारा सड़क को समतल करने का कार्य के चलते जाम की स्थिति बन जाती है जिस कारण पर्यटकों व स्थानीय लोगों को जाम से झूझना पड़ रहा है। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे डोहलूनाला में दोनों ओर 2 किलोमीटर तक सैकड़ों वाहन घंटों जाम में फंसे रहे। जिस कारण लोगों और पर्यटकों को भारी परेशानी से गुजरना पड़ा। उतर प्रदेश से आए एक दंपति ने



बताया कि मंडी से मनाली तक जाम की स्थिति बनी हुई है। नेशनल हाईवे द्वारा इन कच्चे सड़कों पर पानी का छिड़काव न होने से पर्यावरण को भी खतरा मंडरा रहा है। साथ ही कच्चे रास्तों पर धूल का गुब्बार होने के कारण लोगों के घरों और बाग बगीचों के पौधों को भी भारी नुकसान हो रहा है। स्थानीय बागवान सत पॉल ठाकुर, ज्ञान चंद नेगी, चांद नेगी और खुशहाल ठाकुर ने बताया कि हम ने यहां कार्य कर रहे कर्मचारियों से पानी का छिड़काव करने के लिए आग्रह किया, लेकिन नेशनल हाईवे के कर्मचारियों और अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है। मंडी नेशनल हाईवे के परियोजना निदेशक वरुण चारी ने कहा कि मंडी से मनाली क्षतिग्रस्त हाईबे को ठीक किया जा रहा है। कुछ जगह मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर जारी है जल्द ही हाइवे को ब्लैक टॉप किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### 6,13,20 व 26 नवंबर को वाहनों की पासिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** ड्राइविंग टेस्ट की तिथियां निर्धारित क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, कुल्लू द्वारा नवंबर 2025 के लिए वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। आरटीओ कुल्लू राजेश भंडारी ने बताया कि निर्धारित कार्य के अनुसार आरटीओ कुल्लू में 6,13,20 व 26 नवंबर को वाहनों की पासिंग। 21 नवंबर को ड्राइविंग टेस्ट का आयोजन होगा। आरएलए कुल्लू में 14 नवंबर को ड्राइविंग टेस्ट होंगे। उन्होंने बताया कि मनाली में 15 नवंबर को वाहन पासिंग और 22 नवंबर को ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किया जाएगा। बंजार में 24 नवंबर, केलांग में 4 नवंबर और उदयपुर में 27 नवंबर को वाहन पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट एक ही दिन आयोजित किए जाएंगे।

### नदी में बहे दवाड़ा के युवक का नहीं मिला कोई सुराग

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** लगभग दो महीने पहले ग्राम पंचायत दवाड़ा के 37 वर्षीय युवक बंटी जो ब्यास नदी के तेज बहाव में बह कर लापता हो गया है उसका अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। हालांकि, युवक के रिश्तेदार तथा गांववासी मिलकर नदी किनारे खोजबीन कर चुके हैं, लेकिन युवक का शव अभी तक बरामद नहीं हो पाया है। मृतक युवक की पत्नी ज्योति (30 वर्ष) ने जानकारी देते हुए बताया कि दुर्घटना के दिन उसका पति सुबह नदी से लकड़ी लाने के लिए घर से निकला था। उसके साथ गए अन्य युवकों ने बताया कि पैर फिसलने से युवक नदी के तेज बहाव में बह गया। पुलिस थाना पतलीकूहल में भी इस आशय की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। ज्योति ने बताया कि उसका पति मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता था और परिवार का एकमात्र सहारा था। मृतक के परिवार में पत्नी, एक लड़का 5 साल, लड़की 10 साल तथा मां हैं। उधर, पुलिस थाना प्रभारी इंद्र कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### चोरी के इरादे से घुसे युवक को लोगों ने दबोचा

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटन नगरी के भजोगी में रात को एक युवक मकान में घुस गया। चोरी का इरादा पूरा होने से पहले ही उसे दबोच लिया। लोगों ने उसकी धुनाई की और पुलिस के हवाले किया। जानकारी के अनुसार आधी रात को दो युवक भजोगी में एक मकान में घुस गए, लेकिन उसे लोगों ने देख लिया। लोगों ने एक युवक को तो पकड़ लिया, लेकिन एक भागने में कामयाब हो गया। लोगों ने पुलिस को सूचना दी और पुलिस को मौके पर बुलाकर उसे पुलिस के हवाले किया। भजोगी में पहले भी चोरी की वारदात हुई है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है।

### पढ़ाई, परीक्षा परिणाम व अनुशासन पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** राजकीय उच्च विद्यालय अरछंडी और केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला अरछंडी के पूर्व छात्र संगठन की संयुक्त बैठक मंगलवार को विद्यालय हॉल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व छात्र संगठन के अध्यक्ष मनोहर लाल ठाकुर ने की। बैठक में मुख्याध्यापक राजेंद्र ठाकुर, एसएमसी अध्यक्ष लाल चंद सहित लगभग 50 सदस्य एवं अभिभावक मौजूद थे। विद्यार्थियों की पढ़ाई, परीक्षा परिणाम और अनुशासन से संबंधित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विद्यालय का वार्षिक समारोह बाल दिवस के अवसर पर 14 नवंबर को मनाया जाएगा। साथ ही संगठन की कार्यकारिणी में दो नए सदस्य शामिल किए गए।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में भरे जाएंगे सहायिकाओं के पद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** बाल विकास परियोजना अधिकारी, कुल्लू, गजेन्द्र ठाकुर ने बताया कि जिला के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिका के रिक्त पद भरे जाएंगे। पात्र महिला अभ्यर्थी 18-11-2025 तक सादे कागज़ पर आवेदन बाल विकास परियोजना कार्यालय, कुल्लू में जमा कर सकती हैं। आयु 18 से 35 वर्ष, वार्षिक आय 50,000 से अधिक नहीं और न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10+2 होना आवश्यक है। अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनाथ या विधवा अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में अतिरिक्त अंक दिए जाएंगे। साक्षात्कार 19-11-2025 को आयोजित होगा।

# कुल्लू कॉलेज के लिए बनेगी विशाल पार्किंग

## सुंदर ठाकुर ने कहा, एनएसयूआई की विचारधारा सबको साथ लेकर चलने की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू कॉलेज में एनएसयूआई द्वारा कल्चरल फेस्ट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि कुल्लू के विधायक सुंदर ठाकुर रहे।

उनका कॉलेज पहुंचने पर एनएसयूआई ने ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर एनएसयूआई के छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रमों को पेश किया। इसमें कुल्लवी नाटी, हिमाचली फैशन शो, ग्रुप सौंग सहित विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम पेश किए गए। इस अवसर पर कुल्लू के विधायक सुंदर ठाकुर ने कहा कि एनएसयूआई की आयोडोलॉजी सबको साथ लेकर चलने की है। उन्होंने कहा कि ब्यास नदी के तटीकरण के बाद कुल्लू कॉलेज के लिए एक विशाल पार्किंग का निर्माण किया जाएगा और बच्चों को कॉलेज कैंपस तक पहुंचने के लिए लिफ्ट का निर्माण होगा। वे यहां एनएसयूआई के कल्चरल फेस्ट को संबोधित करते हुए बोले कि युवा देश की ताकत है और देश का भविष्य है इसलिए आज के युवाओं को आत्मविश्वास, आत्म सयम व लग्न से कार्य करना चाहिए, ताकि कल का भविष्य आत्म विश्वास से देश को चला सके। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल फैशन शो ने सबका मन मोह लिया है। उन्होंने एनएसयूआई के कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि वे भी इसी कॉलेज से एनएसयूआई राजनीति से निकले हुए हैं। उन्होंने कहा कि युवा हमारी संस्कृति को जिंदा रखने में आगे हैं यह एनएसयूआई के छात्रों के कार्यक्रमों ने साबित कर दिया है। उन्होंने युवाओं को कहा कि उन्हें जो भी काम ही वे उनसे सीधे तौर पर मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुल्लू कालेज के सभी पेंडिंग कार्यों को पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर एनएसयूआई के छात्रों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने युवा एंकर मानवी शर्मा की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें वे अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में होस्ट एंकर घोषित करते हैं।


सुंदर ठाकुर का कॉलेज पहुंचने पर एनएसयूआई ने ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एरियर व वित्तीय लाभ देने की उठी मांग

**अनंत ज्ञान, बंजार**

हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स फेडरेशन खंड बंजार की मासिक बैठक खंड अध्यक्ष किशन चंद डोगरा की अध्यक्षता में अंबिका माता मंदिर दवाला परिसर में संपन्न हुई। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान मेघ सिंह तथा प्रीतमू देवी ने फेडरेशन की सदस्यता ग्रहण की, जिनका उपस्थित सदस्यों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। सदस्यों ने सर्वसम्मति से राज्य सरकार से मांग की कि छठे वेतन आयोग के एरियर का एकमुश्त भुगतान शीघ्र किया जाए, ताकि पेंशनरों को राहत मिल सके। संगठन ने यह भी कहा कि वर्ष 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को कोई वित्तीय लाभ नहीं मिला, जिससे उन्हें भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। फेडरेशन ने सरकार से वेतन व डीए का भुगतान तत्काल करने की मांग उठाई। बैठक में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई। बंजार अस्पताल में नेत्र रोग विशेषज् की नियुक्ति की मांग की गई, ताकि बुजुर्गों को आंखों की जांच के लिए अन्य स्थानों पर न जाना पड़े। साथ ही, बंजार के नए बस अड्डे पर एटीएम की स्थापना की भी मांग की गई, जिसे लेकर पेंशनरों में रोष है कि वर्षों से बैंक इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।इसके अतिरिक्त, फेडरेशन ने मुद्रिका बस सेवा को पुनः शुरू करने की अपील की, ताकि नए बस अड्डे से बंजार बाजार तक लोगों को आसानी से आवाजाही की सुविधा मिल सके, विशेषकर स्कूली व कॉलेज छात्रों को।इस अवसर पर टीकम राम वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जिला कुल्लू, केहर सिंह, गुमत राम, बुधराम, लाल सिंह, दिलीप सिंह, देवी राम, लेद राम, भीमी राम, इंदिरा देवी, बाल दासी, अमलु देवी, देव दासी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# रबी की फसलों पर बीमा की अंतिम तिथि 14 दिसंबर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कृषि उप-निदेशक, कुल्लू रितु गुप्ता ने कहा कि कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा रबी सीजन की फसलों के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके अंतर्गत जिला में गेहूं व जौ की फसलों का बीमा करवाया जा सकता है। दोनों के बीमा के लिए कुल फसल का बीमा प्रति हेक्टेयर क्रमशः 60000, व 50हज़ार है। बीमा करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर है तथा कुल प्रीमियम प्रति बीघा क्रमशः 72 व 60 रुपए है। वहीं, लहसुन के बीमा के लिए 2 लाख तक का बीमा, प्रीमियम 800 रुपए प्रति बीघा है तथा बीमा की अंतिम तिथि 14 दिसम्बर 2025 है। फसल का बीमा उपरोक्त कंपनी से अंतिम तिथि से पहले अपने नजदीक के लोक मित्रकेंद्र में जा कर करवा सकते है। खंड के विषयवाद विशेषज्ञ कृषि विकास अधिकारी, कृषि प्रसार अधिकारी एवं बीमा कंपनी से 70188060168 एवं 8629802474 पर संपर्क करें।

# साहसिक खेल जिप लाइन को पंजीकृत करवाएं पर्यटन कारोबारी: अनुराधा राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

**खेल को ईको टूरिज्म के अंतर्गत शामिल करने के लिए जताया सीएम का आभार**

लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार की पहल से साहसिक गतिविधि ज़िप लाइन को वैध करने की दृष्टि में कदम उठाया गया है।

प्रेस को जारी बयान में उन्होंने कहा कि इससे पूर्व जिप लाइन की गतिविध को वैध करने का कोई विकल्प उपलब्ध नहीं था, जिस कारण पर्यटन से जुड़े लोगों को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता था और किसी हादसे की आशंका में और भी समस्याएं सामने आ सकती थी। विधायक ने कहा कि इस समस्या को सरकार के ध्यान में लाया गया। प्रदेश सरकार ने गंभीरता से विचार करते हुए ज़िप लाइन की गतिविध को वैध करने की दृष्टि से कदम उठाते हुए इसे इको टूरिस्म के अंतर्गत शामिल किया। उन्होंने इस खेल को इको टूरिस्म के अंतर्गत शामिल करने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि लोगों के आवेदन प्रस्तुत होते ही प्रशासन को प्राथमिकता में फास्ट ट्रैक में आवेदनों को निपटाने के लिए कहा है।

विधायक ने कहा कि जिन आवेदनों की सभी औपचारिकताएं पूर्ण थी उन्हें प्रशासन द्वारा हाल ही में निपटा दिया गया है और शेष बचे आवेदनों को भी जल्द से जल्द निपटाया जा रहा है। विधायक ने कहा कि पंजीकरण करवाने के बाद ही सभी सुरक्षा उपकरणों को ध्यान में रखते हुए ही जिप लाइन गतिविधि को शुरू करें। उन्होंने लाहुल स्पीति प्रशासन को स्थानीय युवाओं के साथ हर संभव पूर्ण सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं।

# कुल्लू कॉलेज में एक नए ऑडिटोरियम का किया जाए निर्माण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू इकाई का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर से मिला। इस मौके पर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने विधायक को विभिन्न मांगों संबंधी ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू इकाई के मीडिया प्रभारी आदित्य रॉय ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से सरकार से विभिन्न मांगों को पूरी करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि कुल्लू कॉलेज की नई बिल्डिंग को शीघ्र सुदृढ़ किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। एक नया ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाए, जिससे सांस्कृतिक और अकादमिक गतिविधियों का संचालन सुचारु रूप से हो सके। कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों के लिए उचित पार्किंग सुविधा उपलब्ध करवाई जाए।

# स्पोर्ट क्लाइंबिंग कोचिंग कैंप व चैंपियनशिप शुरू

## पांच दिवसीय कैंप में प्रदेशभर से 50 से अधिक खिलाड़ी ले रहे भाग

**अनंत ज्ञान, मनाली**

अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण खेल संस्थान मनाली में पांच दिवसीय स्पोर्ट क्लाइंबिंग कोचिंग कैंप व चैंपियनशिप शुरू हो गया। यह कैंप सात नंबर तक आयोजित होगा। इस कैंप में प्रदेश भर से 50 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

यह कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश स्पोर्ट्स क्लाइम्बिंग एसोसिएशन सहित अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण खेल संस्थान मनाली तथा स्पोर्ट क्लाइम्बिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।इस प्रतियोगिता में मुख्य रूप से लीड क्लाइम्बिंग, स्पीड क्लाइम्बिंग और बॉल्डरिंग जैसी प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश स्पोर्ट्स क्लाइम्बिंग एसोसिएशन वर्ष 2017 से मनाली एवं धर्मशाला में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन करता आ रहा है। इस संगठन का



उद्देश्य प्रदेश के बच्चों और युवाओं में स्पोर्ट्स क्लाइम्बिंग के प्रति रुचि विकसित करना, अवसर प्रदान करना और उन्हें नियमित प्रशिक्षण देना है। एसोसिएशन का मुख्य लक्ष्य युवाओं की ऊर्जा को रचनात्मक दिशा में प्रेरित करना, उन्हें साहसिक खेलों एवं अन्य गतिविधियों की ओर अग्रसर करना, तथा उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में सहयोग देना है ताकि वे समाज के निर्माण में सकारात्मक योगदान दे सकें। अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण खेल संस्थान के निदेशक अविनाश नेगी और एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव अत्री ने बताया कि इस वर्ष हिमाचल प्रदेश के शिमला, कुल्लू, कांगड़ा, मंडी और लाहुल-स्पीति जिलों से लगभग 50 से अधिक प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ये प्रतिभागी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी भाग ले सकते हैं । यह खेल ओलंपिक खेलों में भी शामिल है और अब इस क्षेत्र में युवाओं के लिए भविष्य की संभावनाएँ निरंतर बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान प्रशिक्षण सत्र स्पोर्ट क्लाइम्बिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय प्रशिक्षकों अमर शर्मा, गौरव गुप्ता और मोनू खन्ना द्वारा प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम के तकनीकी सहयोग में अविमास मनाली और हिमाचल प्रदेश स्पोर्ट्स क्लाइम्बिंग एसोसिएशन की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

# राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड कुल्लू 1 ने किया क्लस्टर सिस्टम का विरोध

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड कुल्लू 1 का जनरल हाउस प्राथमिक शिक्षा खंड कुल्लू के अध्यक्ष रामकृष्ण की अध्यक्षता में शमशी में हुआ।

बैठक में खंड कार्यकारिणी के सभी सदस्य, और अध्यापकों ने भाग लिया। सभी प्रतिनिधियों व सदस्यों ने विभाग द्वारा हाल ही में जारी किए गए कांप्लेक्स और क्लस्टर सिस्टम का पुरजोर विरोध किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि यह नया सिस्टम न तो व्यवहारिक है और न ही प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था के अनुकूल। खंड अध्यक्ष रामकृष्ण ने बताया कि नए परिसरों में अनेक खामियां हैं और प्रशासनिक नियंत्रण की स्थिति बेतरतीब है। अलग-अलग जिलों और खंडों में इस व्यवस्था को अलग-अलग तरीके से लागू किया जा रहा है,जिससे शिक्षकों व विद्यार्थियों दोनों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। क्लस्टर सिस्टम की अनेक खामियां हैं जिसमें जेबीटी शिक्षकों की अर्जित अवकाश प्रधानाचार्य से सैंक्शन होंगे साथ ही आकस्मिक अवकाश केंद्रीय मुख्य शिक्षक से स्वीकृत होंगे सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जेबीटी शिक्षकों की सर्विस बुक उनके खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में रहती है तो इससे प्रधानाचार्य किस प्रकार से हमारी अर्जित अवकाश का हिसाब किताब रखेंगे। साथ ही प्राथमिक शिक्षा के ऊपर सरकार अपनी दोहरी नीतियों को भी वापस ले सरकारी विद्यालयों में उन बच्चों को प्राथमिक कक्षा में दाखिला मिलता है जो 31 मार्च तक 6 वर्ष की आयु पूरा कर चुके हैं पर निजी विद्यालय सभी बच्चों को अपने पाठशाला में नामांकित कर रहे हैं इस प्रकार हमारी विद्यालयों में दिन व दिन बच्चों की संख्या कम होती जा रही है। अतः हम सरकार से अपील करते हैं कि इस प्रकार की दोहरी नीति ना अपना में और सभी के लिए एक ही नीति लागू करें संघ ने निर्णय लिया गया कि जब तक विभाग इन आदेशों को वापस नहीं लेता, तब तक प्राथमिक शिक्षकों का संघर्ष जारी रहेगा। खंड स्तर पर पहले है प्रदर्शन भी किए जा चुके हैं और उपमंडल अधिकारियों के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजे गए हैं। अब यह आंदोलन प्रदेश नेतृत्व के साथ जिला और प्रदेश स्तर तक पहुंचेगा। बैठक में प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों के टूर्नामेंट न करवाए जाने पर संघ ने कड़ा असंतोष व्यक्त किया।

**रोशन** जॉर्डन में 1 से 8 नवंबर तक हो रही एशियन महिला अंडर-16 वॉलीबाल चैंपियनशिप

# भारत की बेटियां विदेशी धरती पर दिखाएंगी अपना दमखम

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**

भारत की प्रतिभाशाली बेटियां एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन करने को तैयार हैं।

भारत की अंडर-16 महिला वॉलीबाल टीम जॉर्डन की राजधानी अम्मान में 1 से 8 नवंबर तक आयोजित हो रही रही दूसरी एशियन महिला अंडर-16 वॉलीबॉल चैंपियनशिप में भाग ले रही है। इस टीम में देशभर से चयनित युवा और प्रतिभाशाली महिला खिलाड़ी शामिल हैं, जो भारत का तिरंगा गर्व से अंतरराष्ट्रीय मंच पर लहराने जा रही हैं। इन खिलाड़ियों के साथ हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले से तीर्थन घाटी गुशेनी की बेटी मोरमा भारती बतौर सहायक कोच टीम का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। मोरमा भारती ने बताया कि उनके लिए यह बहुत गर्व की बात है कि उन्हें अम्मान (जॉर्डन) में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कोच के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि एशियन गेम्स में हिस्सा लेना उनका बचपन का सपना था, जो अब साकार हो गया है।

उन्होंने विशेष रूप से अपने पति अमित शर्मा का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा और सहयोग के बिना यह संभव नहीं हो पाता। साथ ही उन्होंने अपने पिता मेहर चंद, माता विद्यामनी और परिवार के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने हमेशा उनका हौसला बढ़ाया और हर कदम पर साथ दिया। मोरमा भारती ने भारतीय वॉलीबॉल महासंघ के अध्यक्ष वीरेन्द्र कंवर, हिमाचल वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष नवीन शर्मा, महासचिव मदन राणा और कोच अंकुर शर्मा का भी आभार व्यक्त किया है, जिनके सतत मार्गदर्शन और प्रयासों से यह सफलता मिली है।

वहीं, हिमाचल प्रदेश वॉलीबाल संघ की ओर से भी टीम इंडिया को इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी गई हैं। संघ ने टीम के मुख्य कोच राजेश कुमार भारतीय नौसेना और हिमाचल की बेटी सहायक कोच मोरमा भारती को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। यह भारत और हिमाचल प्रदेश दोनों के लिए गर्व का क्षण है, जब इतनी कम उम्र की बेटियां खेल जगत में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। देशभर से खेल प्रेमियों ने इन उभरती हुई प्रतिभाओं को शुभकामनाएं दी हैं कि वे इस एशियाई चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर भारत का मान बढ़ाएं।



दूसरी एशियन महिला अंडर-16 वॉलीबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने वाली टीम कोच के साथ।

# पतलीकूहल बस अड्डा दुकानों की आवंटन प्रक्रिया विवादित: गोविंद

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

पतलीकूहल बस अड्डे की दुकानों के लिए 12 मार्च 2025 को हुई आवंटन प्रक्रिया पर गंभीर आरोप लग रहे हैं। पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि सरकार ने केवल अपने नजदीकी मित्रों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया, जबकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को नियमों की अनदेखी करते हुए प्राथमिकता दी गई। दुकान नंबर 1, 2, 6, 7, 8, 9 और 10 के लिए बोली प्रक्रिया में सभी बोलीदाताओं से 40,000 रुपए सिक्योरिटी राशि जमा कराई गई और कहा गया कि एक महीने के अंदर ही दुकानों का कब्जा दे दिया जाएगा। किंतु, केवल एक व्यक्ति को बस अड्डे की पार्किंग संचालन का जिम्मा सौंपा गया और बाकी लोगों को बिना स्पष्ट वजह के दुकानें अभी तक नहीं दी गई है।



उन्होंने कहा कि सूत्रों की मानें तो उस व्यक्ति ने खुद पार्किंग संचालित करने में असमर्थता जताते हुए लिखित तौर पर निरस्तीकरण की बात कही है। इसके बाद सवाल उठता है कि अन्य बोलीदाताओं को दुकानें अभी तक क्यों अलॉटमेंट नहीं की गई है, जबकि सभी के द्वारा शर्तें पूरी की जा चुकी है और दुकानें संचालित करने के इच्छुक भी हैं। गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि जानकारी मिल रही है कि बोलीदाताओं से सिक्योरटी राशि वापस लेने के लिए दबाव बनाए जा रहे हैं, ताकि दुकानें अपने राजनीतिक समर्थकों को दी जा सके। इस सम्बन्ध में कई बोलीदाताओं ने हिमाचल पथ परिवहन निगम को लिखित आवेदन देकर उचित अलॉटमेंट की मांग की है। उन्होंने कहा कि हिमाचल पथ परिवहन प्रबंधन को राजनीतिक दबाव में आकर ऐसे अनुचित कार्य नहीं करने चाहिए, क्योंकि इससे भविष्य में समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। अंततः, यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि दुकानों के आवंटन में असमानता और दबाव किसके द्वारा बनाए जा रहे हैं, ताकि न्यायसंगत और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### 3.9 ग्राम चिट्टे सहित आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** जिला पुलिस बद्दी की टीम ने नशे पर नकेल कसते हुए मंगलवार सुबह करीब 9.30 बजे सुराजमाजरा में एक युवक के हवाले से चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने चिट्टे को कब्जे में लेकर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह टीम की नजर एक युवक पर पड़ी, तो पुलिस टीम को देखकर युवक पैदल ही भागने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर युवक का पीछा कर जब उसकी तलाशी ली, तो युवक के हवाले से 3.9 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया कि युवक की पहचान अरुण कुमार पुत्र तरसेम लाल निवासी बगगुवाला, डाकघर बरोटीवाला, तहसील बद्दी, जिला सोलन के रूप में हुई है। पुलिस ने चिट्टे की खेप को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एएसपी अशोक वर्मा ने बताया कि पुलिस नशे के नेटवर्क को तोड़ने और नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए दिन रात प्रयासरत है।

### परवाणू में लंगूर के काटने से पांच लोग घायल

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** परवाणू के सेक्टर चार और पांच में इन दिनों लंगूरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को पांच लोग लंगूरों के हमले में घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए ईएसआई अस्पताल परवाणू पहुंचाया गया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि लंगूर अचानक लोगों पर झपट्टा मारकर हमला कर रहा है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लोग खासकर सुबह और शाम के समय घर से निकलने से कतराने लगे हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग की टीम ने मंगलवार को सेक्टर पांच के पास जाल बिछाया, ताकि लंगूर को पकड़ा जा सके। हालांकि, अब तक टीम को सफलता नहीं मिल पाई है। इससे पहले शिमला से आई विशेष वाइल्ड लाइफ टीम ने दो दिन तक सर्च ऑपरेशन चलाया था, लेकिन लंगूर पकड़ में नहीं आया और टीम को खाली हाथ लौटना पड़ा। इस बारे में एसडीएम कसौली महेन्दर प्रताप ने बताया कि लंगूर को पकड़ने के लिए वाइल्ड लाइफ की टीम को फिर से बुलाया गया है जल्द लंगूर को पकड़ लिया जाएगा। वन विभाग के रेंज अधिकारी बनारसी दास ने बताया कि क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है। लोगों से अपील की गई है कि वे लंगूर को उकसाएं नहीं और सतर्कता बरतें।

### लोक परंपरा को जीवंत रखने का अनोखा प्रयास

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** आधुनिक युग में जहां पारंपरिक रीति-रिवाज विलुप्त होते जा रहे हैं, वहीं अर्की क्षेत्र की ग्राम पंचायत दाघटी (शिवनगर) के शावगा गांव में लोक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। रविवार रात्रि को शिमला ग्रामीण की बृजेश्वर महादेव पार्टी के तत्वावधान और ग्रामवासियों के सहयोग से करयाला कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। पार्टी ने अपनी उत्कृष्ट लोक नाट्य कला का प्रदर्शन कर दर्शकों का मनोरंजन किया। मंच पर प्रस्तुत संवादों और हास्य-प्रसंगों ने देर रात तक उपस्थित जनसमूह को बांधे रखा। सुधार सभा के प्रधान कृष्ण चंद, उपप्रधान हंसराज राजपूत, कोषाध्यक्ष पवन कौंडल और सलाहकार रूप चंद ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन और स्वच्छता के संदेश के लिए किया जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि करयाला केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि एकता, श्रद्धा और लोक संस्कृति का प्रतीक है।

### राजकीय उच्च पाठशाला बेरल में शिक्षकों की कमी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** उपमंडल अर्की की दूरदराज पंचायत बेरल स्थित राजकीय उच्च पाठशाला बेरल इस समय शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहा है। विद्यालय में इस समय मात्र एक टीजीटी, एक शास्त्री और एक डीएम कार्यरत हैं, जबकि कुल छह पद रिक्त चल रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति के अनुसार, सरकार द्वारा बीच सत्र में अध्यापकों के स्थानांतरण न करने के दावे पूरी तरह खोखले साबित हो रहे हैं। विद्यालय से टीजीटी (नॉन मेडिकल) का स्थानांतरण 18 सितंबर को और टीजीटी (एम) का स्थानांतरण 28 अक्टूबर को किया गया, जिससे विद्यालय में शिक्षण कार्य पर गहरा प्रभाव पड़ा है। वर्तमान में विद्यालय में मुख्याध्यापक, टीजीटी (नॉन मेडिकल), टीजीटी (एम), टीजीटी (आर्ट्स), एलटी और पीईटी के पद लंबे समय से खाली हैं। गणित और विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों की कक्षाएं भी प्रभावित हो रही हैं, जिससे छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है। अभिभावकों व ग्रामवासियों ने सरकार से मांग की है कि वार्षिक परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए विद्यालय के रिक्त पदों को जल्द भरा जाए, ताकि छात्रों का भविष्य प्रभावित न हो।

### आज वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी: डीसी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने आदेश जारी करते हुए बताया कि 5 नवंबर को गुरु नानक देव जी की जयंती आयोजन के लिए रात्रि 8:30 से 9:30 बजे तक गुरुद्वारा साहिब, नाहन के सामने से वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। आदेशों में बताया गया है कि दिल्ली गेट से पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, नाहन (डीसी ऑफिस रोड) किसी भी आपातकालीन वाहनों को छोड़कर सभी यातायात को दिल्ली गेट से एचआरटीसी वर्कशॉप रोड, पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस होते हुए चलाया जाएगा। जबकि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी व कोर्ट कॉम्पलेक्स, डीसी ऑफिस की ओर से दिल्ली गेट की ओर जाने वाले वाहनों को शमशेर स्कूल के पास से ओल्ड डिग्री कॉलेज नाहन होते हुए चलाया जाएगा। इन आदेशों की अवहेलना करने पर कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### अत्याधुनिक एआई विचारों का किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय के योगानंद स्कूल ऑफ एआई, कंप्यूटर्स एंड डेटा साइंस ने एक सप्ताह तक चलने वाले अंतर-विभागीय हैकथॉन का सफल आयोजन किया। इस ओपन-डोमेन इनोवेशन चैलेंज में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 18 टीमों ने भाग लिया, जिनका उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्रौद्योगिकी के माध्यम से वास्तविक समस्याओं के समाधान प्रस्तुत करना था। तीन प्रतिस्पर्धी दौरों के माध्यम से प्रतिभागियों ने रचनात्मकता, समस्या-समाधान और टीमवर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेता टीमों को अपने एमवीपी (न्यूनतम व्यवहार्य उत्पाद) के विकास और एआई-आधारित नवाचारों को आगे बढ़ाने के लिए 25,000 के नकद पुरस्कार दिए गए। प्रमुख नवोन्मेषी विचारों में बीप, एआई थेरेपिस्ट, शूलिनीबॉट, यूनिकार्ट और टीडी-3डी शामिल थे। विश्वविद्यालय के इनोवेशन और मार्केटिंग अध्यक्ष प्रो. आशीष खोसला ने छात्रों की नवाचार भावना की सराहना की।

### मतदाताओं के लिए ऑनलाइन वोटिंग सुविधा शुरू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के विधानसभा क्षेत्र 27-बडगाम के उपचुनाव के लिए प्रवासी मतदाताओं के लिए एक नई ऑनलाइन सुविधा शुरू की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी (उपायुक्त), सिरमौर कार्यालय ने यह सूचना जारी करते हुए बताया कि यह पहल कश्मीर संभाग के उन नागरिकों को सरल एवं सुरक्षित तरीके से मतदान का अधिकार प्रदान करती है जो काम के सिलसिले में अपने गृह क्षेत्र से बाहर रह रहे हैं। इस सुविधा का लाभ वे मतदाता उठा सकते हैं जिनके पास राहत एवं पुनर्वास आयुक्त, जम्मू और कश्मीर द्वारा जारी प्रवासी प्रमाण पत्र है। इन मतदाताओं को दो विकल्प दिए गए हैं। वे दिल्ली, उधमपुर और जम्मू में स्थापित विशेष मतदान केंद्रों पर जाकर फॉर्म-एम के माध्यम से मतदान कर सकते हैं, या डाक मतपत्र (फॉर्म 12-सी) का विकल्प चुन सकते हैं।

## 47.60 लाख रुपए से निर्मित भवन का विनय कुमार ने किया उद्घाटन

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान



**नाहन।** प्रदेश सरकार दूर दराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा घर द्वार पर प्रदान करने में लगातार कार्य कर रही है, ताकि गांव व दूरदराज क्षेत्र के बच्चों का भी सर्वांगीण विकास हो सके।

यह बात विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने ग्राम पंचायत धारा कसोगा के राजकीय उच्च विद्यालय धायली में 47.60 लाख रुपए से निर्मित तीन कमरों के उद्घाटन के उपरांत जनसभा को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में प्रथम राज्य बनाने के लिए सबको मिलकर कार्य करना होगा और शिक्षा के स्तर में सुधार करना होगा। उपाध्यक्ष ने शिक्षा विभाग को स्कूल की चारदीवारी व मुख्य द्वार का प्राक्कलन बना कर निदेशालय भेजने के निर्देश दिए, ताकि इसके लिए धन का प्रावधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में ही धायली स्कूल का दर्जा उच्च करवाया गया था, ताकि यहां के बच्चों को दूर शिक्षा ग्रहण करने के लिए न जाना पड़े।

उन्होंने कहा कि ददाहू से तिरमली सड़क का टेंडर लगा दिया गया है तथा दो करोड़ रुपए की लागत इस सड़क का सुधारीकरण का कार्य शीघ्र ही आरंभ करवा दिया जाएगा। इस दौरान उपाध्यक्ष ने लोगों की समस्याओं को भी सुना तथा लोक निर्माण, जल शक्ति और बिजली बोर्ड को लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

# सुबाथू अर्बन सहकारी सभा घोटाले के खिलाफ निवेशक और खाताधारक क्रमिक अनशन पर

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** बघाट बैंक के बाद अब दी सुबाथू अर्बन गैर कृषक सहकारी सभा भी सुर्खियों में है। सहकारी सभा में करीब 20 रुपए के घोटाले को लेकर पिछले 50 दिनों से धरने पर बैठे निवेशकों व खाताधारकों ने अब क्रमिक अनशन शुरू कर दिया।

घोटाला करने वालों व डिफाल्टरों पर ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे निवेशकों का यह क्रमिक अनशन आगामी 9 नवंबर तक जारी रहेगा। उनका कहना है कि यदि फिर भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो तय सीमा के बाद सहकारी सभा के वर्तमान उप-प्रधान आमरण अनशन पर बैठने को विवश हो जाएंगे। ऐसे में पुराने निवेशकों पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है। सब्जी मंडी सोलन परिसर स्थित सहायक पंजीयक कार्यालय के बाहर बैठे निवेशकों का कहना है कि सभा के पूर्व अध्यक्ष ने करीब 18 करोड़ रुपए लोन अपने बेटे, रिश्तेदारों व मित्रों में बांट दिए और उनकी रिकवरी नहीं हुई। यह उनका पैसा है और अब उन्हें पिछले एक-डेढ़ वर्ष से अपने ही पैसे के लिए



क्रमिक अनशन पर बैठे निवेशक और खाताधारक।

दर-दर भटकना पड़ रहा है। इसको लेकर करीब डेढ़ माह पूर्व निवेशकों ने सहायक पंजीयक कार्यालय के बाहर डेरा जमा लिया था और तब से लेकर वह वहीं डटे हुए व प्रतिदिन धरना दे रहे हैं। इस बीच सहकारिता विभाग द्वारा दो डिफाल्टरों के खिलाफ वारंट भी जारी किए गए थे और उन्हें पुलिस ने सहायक पंजीयक सोलन की कोर्ट में पेश भी कर दिया था। इसके बाद उन्हें 30 दिन की हिरासत में भेज दिया गया था। वहीं, एक अन्य डिफाल्टर की संपत्तियों को अटैच करने की कार्रवाई की जा रही है ताकि लोन का पैसा रिकवर हो सके। इसके अतिरिक्त सहायक पंजीयक सोलन ने सभा के पूर्व निदेशकों को भी कोर्ट में पेश होने के लिए कहा था और अब उनकी सुनवाई 7 नवंबर को होगी। इस बीच डिफाल्टरों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने और उनके हक का पैसा वापस न मिलने पर निवेशक मायूस हैं। उनका कहना है कि वह इतने दिन से धरने पर बैठे हैं, लेकिन उनका हक का पैसा नहीं मिल पा रहा है। इस बीच मंगलवार को निवेशकों ने क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है। यह क्रमिक अनशन 9 नवंबर तक जारी रहेगा, जिसको लेकर निवेशकों ने उपायुक्त व एसपी सोलन को भी अल्टीमेटम दे दिया है। बता दें कि दी सुबाथू अर्बन सहकारी सभा में करीब डेढ़ वर्ष पूर्व इस कथित घोटाले का पर्दाफाश हुआ था। इसके बाद निवेशकों में हड़कंप मच गया था और वह तब से लेकर आज तक अपने पैसों के लिए दर-दर भटक रहे हैं। निवेशक पिछले काफी समय से इसको लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं, वहीं अब उन्होंने सोलन सब्जी मंडी स्थित सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं के कार्यालय के बाहर ही मंगलवार से क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है। सभा के वर्तमान अध्यक्ष संदीप गुप्ता ने बताया कि यह मामला पिछले अढाई वर्षों से लंबित है। अब तक की जांच में करीब 18 करोड़ रुपए के गबन की पुष्टि हुई है। उन्होंने पूर्व अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने नियमों को ताक पर रखकर अपने पुत्र और सगे संबंधियों को बड़े पैमाने पर लोन बांटे, जो पिछले 10-12 वर्षों में हुआ। विभागीय अधिकारियों की आंख के नीचे इतना बड़ा घोटाला हो गया जबकि समिति का ऑडिट भी निरंतर तौर पर चलता रहा। इससे लगता है कि कहीं न कहीं कुछ विभागीय अधिकारी भी इसमें संलिप्त हो सकते हैं, इसलिए उन पर जांच किया जाना भी आवश्यक है। इस सारे मामले को लेकर एसआईटी का गठन कर जांच की जानी चाहिए।

## रत्ता नदी में अवैध खनन पर पुलिस का शिकंजा, जेसीबी-टिप्पर जब्त

ओम शर्मा, अनंत ज्ञान



**बद्दी।** जिला पुलिस बद्दी की टीम ने बीती रात मोरपेन रोड़ पर ऐलकेम उद्योग के समीप रत्ता नदी में अवैध खनन करते हुए एक बिना नंबर की जेसीबी व टिप्पर जब्त किया है। पुलिस ने अवैध खनन करने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ खनन अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके दोनों वाहनों को जब्त कर आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है।

बीती रात बद्दी पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर मोरपेन रोड़ पर ऐलकेम उद्योग समीप रत्ता नदी में दबिश दी। मौके पर पुलिस ने एक बिना नंबर की जेसीबी और एक टिप्पर को रात के अंधेरे में अवैध खनन करते हुए पाया। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों वाहनों को चालकों समेत धर दबोचा। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया कि अवैध खनन के आरोपियों की पहचान मोहम्मद कामिल पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी जिला बाराबंकी उत्तर प्रदेश व मंजय कुमार पुत्र राज बहादुर निवासी जिला आजमगढ़ उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने जेसीबी और टिप्पर को इंपांऊड कर दोनों चालकों के खिलाफ धारा 21 अधिनियम तथा धारा 305 ई भारतीय न्याय संहित के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्यवाही आरंभ कर दी है। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया कि पुलिस अवैध खनन को रोकने के लिए दिन रात प्रयासरत है और विशेष टीमें रात्रि के समय गश्त करती हैं। सूचना के आधार पर भी तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्यवाही अमल में लाई जाती है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी अनुरोध किया है कि अवैध खनन की सूचना पुलिस को दें और सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखकर मौके पर तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी ताकि अवैध खनन को जनसहयोग से रोका जा सके।

## रेणुका मेले में दिया प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश

अनंत ज्ञान, नाहन

लोगों को प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश देते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तरीय रेणुका जी मेले परिसर में पहाड़ी समाज पर्यावरणीय कवच फाउंडेशन, एकल अभियान गतिविधि विभाग सिरमौर और संगड़ाह कॉलेज की एनएसएस यूनिट ने जागरूकता रैली निकाली गई। पूरे मेला क्षेत्र में रैली निकाल कर मेले में पहुंचे लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक को इस्तेमाल न करने की अपील की। पहाड़ी समाज पर्यावरणीय कवच फाउंडेशन के सदस्य सुरेंद्र सिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय रेणुका जी मेले के दौरान बड़ी संख्या में बाहरी राज्यों से आने वाली व्यापारी प्लास्टिक का इस्तेमाल करते हैं, जिसे देखते हुए फाउंडेशन ने जागरूक करने और मेला क्षेत्र को स्वच्छ बनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष भी फाउंडेशन द्वारा कई टन प्लास्टिक का कचरा मेला क्षेत्र से इकट्ठा किया गया था।

एकल अभियान गतिविधि विभाग सिरमौर प्रमुख रणदीप शर्मा ने बताया कि एकल अभियान से जुड़े लोगों द्वारा एनएसएस के स्वयंसेवियों और पर्यावरणीय कवच फाउंडेशन के साथ मिलकर जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। भगवान परशुराम की इस जन्म स्थल पर किसी भी तरीके से गंदगी न फैले इस मकसद के साथ मेला क्षेत्र में पहुंचे सभी लोगों से प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की अपील की जा रही है साथ ही लोगों द्वारा फेके गए प्लास्टिक को उठाया जा रहा है। उन्होंने मेले में पहुंचे सभी लोगों से मेला क्षेत्र में स्वच्छता बनाने की अपील की।




रैली के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती संस्थाएं।

### राज्यपाल रेणुका जी मेले के समापन अवसर पर होंगे मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेले के समापन अवसर पर 5 नवंबर को राज्यपाल हिमाचल प्रदेश शिव प्रताप शुक्ल मुख्यातिथि होंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान माता रेणुका जी तथा भगवान परशुराम सहित अन्य देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त करने के उपरांत दोपहर 1:45 बजे रेणुका जी प्रदर्शनी स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन करेंगे। राज्यपाल दोपहर 2:35 बजे रेणु मंच से 6 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेले के समापन समारोह पर अपना संबोधन प्रस्तुत करेंगे तथा पुरस्कार वितरण भी करेंगे। राज्यपाल सायं 6 बजे रेणुका जी स्थित देवघाट पर श्री रेणुका माता की आरती में भी भाग लेंगे तथा रात्रि 8:5 बजे रेणु मंच पर मंचन होने वाली भगवान परशुराम कथा में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेले में कवियों का बहुभाषी कवि सम्मेलन

अनंत ज्ञान, नाहन

अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेला में कवियों का बहुभाषी कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इसमें जिला सिरमौर के तीन दर्जन कवियों ने भाग लिया। कवि सम्मेलन का शुभारम्भ जिला भाषा अधिकारी कांता नेगी के द्वारा किया गया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि  दीपचंद कौशल ने की। मंच का संचालन वरिष्ठ कवि ड़ॉ ईश्वर दास राही के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रविता ने गुरु वंदना से की। शबनम शर्मा ने अपनी कविता शब्दों की चोट मन का खोट, विनोद कुमार सैनी जी ने शायरी तुम खुश होते , सरला गौतम जी ने कट गए जंगल सारे, गोविंद गौरव जी ने बीहड़ में कभी खुद को छोड़ना पड़ता है , अर्चना शर्मा जी ने अश्कों के बोझ की ये कहानी हुई ,जिंदगी हर घड़ी पानी पानी हुई , डॉ शबाना सैय्यद ने पांव की पायल , दीपराज विश्वास जी ने देखता हूं मजहबों की बंदिशें जब चार सू ,इश्क है सबसे बड़ा मजहब समझता हुं मैं , प्रताप पराशर ने प्रधानी को आएगो खेल, मुफ्त देएंदी आटो तेल , नरेंद्र छींटा  ने को भी जिऊं मेरा इरू सोचो, सुरेंद्र कुमार सूर्य ने केशे गिए देशों रे नौजवान , नशा कोरी कोरी गंवाई लोई जान, मीनाक्षी वर्मा की नदी ओर नारी,दीपचंद कौशल ने है रेणुका धरती तुझे शत शत प्रणाम, योगेंद्र अग्रवाल ने की कुछ नेकी कमाले, साधना शर्मा ने वाह रेणुका , शाबाश रेणुका, दीपक जोशी ने सरकारी कार्यालय, जावेद उल्फत ने लोग नक्शों को लड़ते रहते हैं , मुल्क सड़कों पे भूखा सोता है , लायक राम भारद्वाज जी ने आधुनिक व्यंग, नासिर यूसुफजई रेशमी रंग रूठ जाते हैं, वक्त जब खुरदुरा सा रहता है, प्रेमपाल आर्य ने आज काले रि बात, जितेंद्र ठाकुर ने चल कहीं दूर निकल जाएं, आत्मा राम शर्मा, रणदीप शर्मा ने अपनी कविताएं पढ़ीं।

## सोलन में लगेगी स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी पर आधारित प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन सोलन और हिमाचल फोटो गैलरी ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी पर आधारित प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। यह प्रदर्शनी नगर निगम सोलन के हॉल में 27 से 29 नवंबर तक लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में विशेष रूप से सोलन जिला और हिमाचल के स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष, योगदान और बलिदान को प्रदर्शित किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि इसका उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रोत्साहित करना है। प्रदर्शनी में पझौता क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानियों और प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री स्वर्गीय डॉ. वाई.एस. परमार की जीवनी को भी शामिल किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों व शिक्षकों को प्रदर्शनी देखने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

## पंजाब के चार युवकों से पुलिस ने बरामद किया 62.13 ग्राम चिट्टा

अनंत ज्ञान, सोलन

सोलन पुलिस द्वारा नशा तस्करों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाते हुए इनके खिलाफ मिशन मोड पर कार्रवाई की जा रही है।

जिला पुलिस द्वारा समाज से नशा उन्मूलन के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य करते हुए विगत 2 वर्षों के दौरान नशा कारोबार के हर पहलु अर्थात मांग व आपुर्ति पर ताबड़तोड़ प्रहार किया है। इसी क्रम में 3 नवंबर को जब एसआईयू सोलन की एक टीम गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए शहर सोलन, कुमारहट्टी, धर्मपुर व कसौली आदि के लिए रवाना थी तो उक्त टीम ने एक गुप्त सूचना के आधार पर गाड़ी स्विफ्ट में सवार 4 युवकों, जिनमें, विरेंद्र सिंह पुत्र सुरजीत सिंह निवासी जालंधर बाई पास लुधियाना पंजाब उम्र 26 वर्ष, लखविंद्र पुत्र जीवन लाल निवासी लुधियाना पंजाब उम्र 21 वर्ष, कुनाल पुत्र राकेश सोन्फर निवासी लुधियाना पंजाब उम्र 25 वर्ष व किथू मट्टू पुत्र रीषू कुमार मट्टू निवासी लुधियाना पंजाब उम्र 20 वर्ष को 62.13 ग्राम चिट्टा/हेराईन सहित छतरी मोड़ कसौली से गिरफ्तार किया। इस पर उपरोक्त अभियोग पुलिस थाना कसौली में पंजीकृत किया गया है। एसपी सोलन गौरव सिंह ने बताया कि मामले की जांच के दौरान पाया गया है कि यह आरोपी उपरोक्त चिट्टा को कसौली, धर्मपुर व इसके आसपास युवाओं/छात्रों को सप्लाई करने की फिराक में थे, जिसके मन्सुबों पर पानी फेरते हुए सोलन पुलिस द्वारा इन्हें पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया। इन आरोपियों को आज अदालत में पेश किया जा रहा है। इन आरोपियों के पूर्व अपराधिक रिकार्ड की पड़ताल के दौरान पाया गया है कि आरोपी विरेंद्र को छोड़कर अन्य तीनों आरोपी लुधियाना पंजाब के विभिन्न थानों में लड़ाई झगड़े के मामलों में संलिप्त रहे है, आरोपी कुनाल लड़ाई झगड़े के 3 मामलों में, जबकि अन्य दो आरोपी 1/1 अटैंप्ट की मर्डर मामले में संलिप्त पाए गए हैं।

## 200 पेटी अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस चौकी सुबाथू की एक टीम जब गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए इलाका में रवाना थी, तो उक्त टम द्वारा एक गुप्त सूचना के आधार पर ऊपरी थड़ी नामक स्थान पर गाड़ी/ट्रक नं. एचपी 30बी-2006 में अवैध रूप से लदी 200 पेटी शराब ओल्ड मोंक बरामद की, जिस पर उपरोक्त अभियोग पुलिस थाना धर्मपुर में पंजीकृत किया गया है। ट्रक को जब्त किया गया है, जबकि आरोपी चालक चेतराम पुत्र विक्रमजीत निवासी गांव घर्टगाड डाकघर चनोन तहसील बंजार जिला कुल्लू व उम्र 45 साल को कानूनी प्रावधानों के तहत पाबंद किया गया है। अभियोग के अन्वेषण के दौरान पाया गया कि आरोपी चेतराम उपरोक्त शराब को सोलन से खरीद कर लाया था, जिस इसने अर्की पंहुचाना था। आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकार्ड की भी पड़ताल की जा रही है। मामले का अन्वेषण जारी है ।

## प्रदेश का समान विकास सरकार की प्राथमिकता : डॉ. शांडिल

प्रेम कश्यप, अनंत ज्ञान

**कंडाघाट।** हिमाचल के हर क्षेत्र का समान रूप से विकास करना सरकार की प्राथमिकता है। विकास के मामले सरकार राजनीति से ऊपर उठकर काम कर रही है।

यह बात प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री  डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने कंडाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत छावशा के दो दिवसीय डूमैहर आंजी मेले के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा  कि मेले और उत्सव हमें तनाव मुक्त जीवन जीने की कला सिखाते हैं और एक होकर विकास प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। डॉ. शांडिल ने मेलों की संस्कृति को संजीव रखते हुए इसकी जानकारी युवा पीढ़ी तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने इस क्षेत्र के विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि सीनियर सेकेंडरी स्कूल डुमैहर  भवन



आंजी मेले के समापन पर खेलकूद प्रतियोगिता के खिलाड़ियों से मिलते स्वास्थ्य मंत्री।

के लिए 90 लाख रुपए स्वीकृत हो चुके है और यहां निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा।

वाकनाघाट-सुबाथू सड़क मार्ग, डुमैहर-ममलीग मार्ग  और शहीद रोशन लाल मार्ग का कार्य आरंभ हो चुका है। उन्होंने कहा कि इन मार्गों के निर्माण के लिए 25 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने मेला मैदान में मंच निर्माण के लिए 1.50 लाख रुपए और मेला मैदान को विकसित करने के लिए 1.50 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने शिमला-गरु बाया डुमैहर बस सेवा को शीघ्र बहाल करवाने का आश्वासन भी दिया। मेले में सीनियर और जूनियर वर्ग की कबड्डी व वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन भी करवाया गया। उन्होंने विजेताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वालों को पुरस्कार प्रदान किए। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को इनके शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। इस मौके पर डुमैहर-आंजी मेला समिति के प्रधान रणजीत सिंह , उप प्रधान राजकुमार और अन्य सदस्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश ठाकुर, पूर्व बीडीसी सदस्य चंदन शर्मा, एसडीएम कंडाघाट गोपाल चंद शर्मा कई विभागों के अधिकारी, कई वर्तमान और पूर्व पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में क्षेत्र की जनता उपस्थित रही।

**आयोजन** नौणी विश्वविद्यालय में द्वितीय कर्मचारी खेलकूद व सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ

# 100 मीटर दौड़ में कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल प्रथम

अनंत ज्ञान, सोलन

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में द्वितीय कर्मचारी खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस बहुप्रतीक्षित तीन दिवसीय कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने पूरे जोश से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया, जो विभिन्न खेलों और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखा रहे थे।

इस वर्ष विश्वविद्यालय के विभिन्न अनुसंधान केंद्रों, कृषि विज्ञान केंद्रों और महाविद्यालयों के कर्मचारियों से मिलकर कुल पांच टीमें बनीं औद्यानिकी महाविद्यालय, वानिकी महाविद्यालय, नेरी, थुनाग महाविद्यालय और प्रशासनिक ब्लॉक की टीम। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने किया। उन्होंने कहा कि



कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता में मेडल जीतने वाले यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. चंदेल।

यह आयोजन कर्मचारियों के स्वास्थ्य, फिटनेस और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने का एक श्रेष्ठ माध्यम है। पिछले वर्ष के सफल आयोजन से प्रेरणा लेते हुए इस वर्ष इसे और बड़े स्तर पर आयोजित किया गया। उन्होंने छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय और विभिन्न कर्मचारी संगठनों के सहयोग की सराहना की, जिन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में खेल भावना और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मार्च पास्ट से हुई, जिसके बाद पिछले वर्ष की विजेता औद्यानिकी महाविद्यालय की टीम ने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना की शपथ दिलाई। इस वर्ष कुल 257 प्रतिभागी विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिताएं दो आयु वर्गों 21 से 40 वर्ष और 41 से 60 वर्ष में विभाजित की गई हैं। ट्रैक एंड फील्ड प्रतियोगिताओं में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, भाला फेंक और रस्साकशी शामिल हैं, जबकि अन्य प्रतियोगिताओं में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, कबड्डी, वॉलीबॉल और क्रिकेट का आयोजन किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एकल गायन, समूह नृत्य और लोकगीत प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। पहले दिन की मुख्य झलकियों में 100 मीटर दौड़ (वैधानिक अधिकारियों) में कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विभागाध्यक्षों की दौड़ में डॉ. राजनीश शर्मा (औद्यानिकी) ने स्वर्ण पदक जीता। महिला वर्ग (40 वर्ष से अधिक) में डॉ. अरुणा (थुनाग) ने स्वर्ण, जबकि पुरुष वर्ग में डॉ. सुमित (औद्यानिकी) विजेता रहे। रस्साकशी में नेरी की टीम विजयी रही, जबकि पुरुष कबड्डी में प्रशासनिक ब्लॉक की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। वॉलीबॉल मुकाबलों में भी प्रशासनिक ब्लॉक और वानिकी महाविद्यालय की टीमों ने अगले दौर में प्रवेश किया। यह आयोजन विश्वविद्यालय परिवार में आपसी एकता, सहयोग और खेल भावना को नई ऊर्जा प्रदान करने वाला साबित हुआ।

## लोकनृत्य प्रतियोगिता में बुडाह लोकनृत्य दल 'हानत घाटों' प्रथम स्थान पर रहा

अनंत ज्ञान, नाहन



अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेले में चौथे दिन बुडाह लोकनृत्य दल की प्रतियोगिता का आयोजन जिला भाषा अधिकारी कांता नेगी द्वारा रेणुका जी विकास बोर्ड एवं भाषा संस्कृति विभाग के सौजन्य से करवाया गया। ऐतिहासिक रेणु मंच पर जिला सिरमौर में प्राचीन पारंपरिक लोक नृत्य बुडाह दल की बेहतरीन प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर तहसीलदार श्रीरेणुका जी जयचंद व तहसीलदार नाहन उपेंद्र सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की व सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया।

प्रतियोगिता में गिरिपार हाटी कला मंच गुंडाह, शिरगुल कला मंच घाटों, गोगा वीर सांस्कृतिक कला मंच पखवान गनोग, पारंपरिक लोक नृत्य बुडाह दल हानत, गुगा महाराज बुढ़ियात सांस्कृतिक क्लब क्यारका, बुडाह नृत्य दल ऊंचा टिक्कर, भद्रास दल गनोग, बुडाह नृत्य दल ऊंचा टिक्कर के कलाकारों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। यह लुप्त होता पारंपरिक नृत्य जिसमें लोक गाथाएं होकू, छीछा, जगदेउ, जाग, भिन्युरी आदि गाथाओं के माध्यम से हुड़क, थाली आदि वाद्ययंत्रों का प्रयोग किया जाता है। इसमें विशेष पारंपरिक परिधान चोलटु पहना जाता है। इस प्रतियोगिता में पारंपरिक बुडाह लोकनृत्य दल हनत घाटों प्रथम स्थान, बुडाह लोकनृत्य दल सैंज द्वितीय स्थान व भद्रास दल गनोग तृतीय स्थान पर रहा। निर्णायक मंडल में लोक संस्कृति के ज्ञाता व संगीत के प्राध्यापक डॉ. देवराज शर्मा, डॉ. किरण बाला व संगीत प्रवक्ता ओम प्रकाश थे। मंच संचालक की भूमिका में दलीप वशिष्ठ थे। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के विजेताओं को आकर्षण ट्रॉफी व 15000, 13000 व 11000 की पुरस्कार राशि रेणुका विकास बोर्ड द्वारा प्रदान की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### पिछले वर्ष के मुकाबले लिंगानुपात 905 से बढ़कर 913

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने 'स्पेशल टास्क फोर्स' के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गर्भपात के मामलों में 'रिवर्स-ट्रैकिंग' को ज्यादा प्रभावी बनाएं, ताकि अवैध गर्भपात करने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। उन्होंने 31 अक्तूबर तक लिंगानुपात 905 से बढ़कर 913 होने पर संतोष जाहिर करते हुए इसमें और अधिक बढ़ोतरी के लिए प्रोत्साहित किया। सुधीर राजपाल यहां अवैध गर्भपात रोकने के लिए गठित 'स्पेशल टास्क फोर्स' की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. वीरेंद्र दहिया समेत 'स्पेशल टास्क फोर्स' के अन्य सदस्य उपस्थित थे। अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने कहा कि 'रिवर्स-ट्रैकिंग' के दौरान अवैध गर्भपात के दोषियों के खिलाफ एफआईआर अवश्य दर्ज करवाई जाए और सबूत एकत्रित करके दोषियों को सजा दिलवाई जाए। उन्होंने कहा कि अगर कोई केस निचली अदालत में डिसमिस हो जाता है, तो सिविल सर्जन द्वारा उस केस के लिए ऊपरी अदालत में अपील की जानी चाहिए, ताकि दोषी व्यक्ति सजा से बच न सके। उन्होंने कहा कि बीएएमएस डॉक्टर को एमटीपी के माध्यम से गर्भपात करने की अनुमति नहीं है, अगर कोई डॉक्टर इसमें शामिल पाया गया, तो उसका रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया जाएगा, अगर रजिस्ट्रेशन रद्द होने के बाद भी वे पुनः उक्त मामले में दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएं। श्री सुधीर राजपाल ने पिछले वर्ष जनवरी से 31 अक्तूबर 2024 तक 905 के मुकाबले इस वर्ष 31 अक्तूबर 2025 तक 913 लिंगानुपात की बढ़ोतरी पर संतोष तो जाहिर किया लेकिन इसमें और अधिक सुधार करने के लिए प्रेरित भी किया।

### एमडीयू में 23 शोधार्थी पीएचडी डिग्री के पात्र घोषित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) रोहतक के कुलपति ने परीक्षकों के बोर्ड और शोध समिति की अनुशंसा पर 23 शोधार्थियों को पीएचडी डिग्री का पात्र घोषित किया है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि पीएचडी डिग्री के पात्र शोधार्थियों में पर्यावरण विज्ञान विभाग से अलका, जूलॉजी से दिव्या वशिष्ठ, फार्मेसी से चरित कुमार, मैकेनिकल इंजीनियरिंग से आशीष छिक्कारा, नवीन खटक, सचिन कुमार, बायोटेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग से रणजीत सिंह तंवर, यूआईईटी केमिस्ट्री से प्रतिभा, सांख्यिकी से बलराम, संगीत से राजीव कुमार, संस्कृत से मनीष कुमार, राजनीति विज्ञान से मनु कुमार और नवीन कुमार, सोशियोलॉजी किरण बेदी, साइकोलॉजी से अजय दांगी, लोक प्रशासन से संदीप कुमार, होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट से आशियाँ, मैनेजमेंट से अन्नू, विशु जैन, प्रिया चुघ और प्रियंका यादव, लॉ से मधुर बजाज और साहिल शामिल हैं।

### आदर्श पब्लिक स्कूल में गुरुपर्व मनाया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** आदर्श पब्लिक स्कूल (एपीएस-20) सेक्टर-20 बी में गुरुपर्व, श्री गुरु नानक देव जी का जन्मदिन, उत्साहपूर्वक मनाया गया। शिक्षकों ने गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं के बारे में बताया और उन्हें अपने जीवन में उनका अनुसरण करने का आह्वान किया। छात्रों ने शबद और मूल मंत्र का पाठ किया। सभी को लंगर प्रसाद भी वितरित किया गया। प्रधानाचार्या सुनीता ठाकुर ने सभी छात्रों को 'गुरुपर्व' की शुभकामनाएं दीं और गुरु जी की शिक्षाओं का पालन करने की प्रेरणा दी।

### आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों के लाभों की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** महर्षि वेद व्यास की कर्म स्थली यमुनानगर के बिलासपुर में कार्तिक पूर्णिमा पर पांच दिन का श्री कपाल मोचन-श्री आदि बद्री मेला आयोजित किया जाता है। यह मेला सभी धर्मों के श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है और आपसी भाईचारा व सद्भावना बढ़ाता है। मेले में श्रद्धालु पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखंड समेत देश के विभिन्न हिस्सों से आते हैं। कपाल मोचन का अर्थ पापों के विमोचन से है। मेले में कपाल मोचन, बद्री नारायण, माता मंत्रा देवी व केदारनाथ मंदिर जैसे धार्मिक स्थल प्रमुख हैं। आयुष विभाग ने स्टॉल लगाकर आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों और उनके स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी दी। सूचना, जन सम्पर्क, भाषा और संस्कृति विभाग के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मनोरंजन किया। मेले में विभिन्न विभागों और संस्थाओं की प्रदर्शनी भी लगी, जिससे सरकार की योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंच रही है।

# बख्शे नहीं जाएंगे प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करने वाले केमिस्ट : आरती

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा है कि अवैध नशीली दवाओं की बिक्री से जुड़े लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे कोई भी केमिस्ट या मेडिकल स्टोर मालिक जो प्रतिबंधित या नशीली दवाओं की बिक्री करते पाए जाएंगे, उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को जांच करने के निर्देश दिए हैं। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत और खाद्य एवं औषधि प्रशासन हरियाणा के आयुक्त मनोज कुमार ने स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशों पर आगे कार्रवाई शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि जिला सिरसा में अवैध नशीली दवाओं की बिक्री रोकने के लिए बड़े पैमाने पर छापेमारी अभियान चलाया गया। इस अभियान में 35 सीनियर ड्रग्स कंट्रोल ऑफिसर्स और विभिन्न जोनों एवं जिलों से आए ड्रग्स कंट्रोल ऑफिसर्स ने भाग लिया। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए 8 विशेष टीमें गठित की गई, जिन्हें उन केमिस्ट दुकानों पर अचानक निरीक्षण करने का कार्य सौंपा गया जहाँ पर साइकोट्रोपिक / दोहरे उपयोग वाली दवाओं के दुरुपयोग की आशंका थी।

इस छापेमारी की प्रत्यक्ष निगरानी राज्य ड्रग्स कंट्रोलर लालित कुमार गोयल ने की। उनके साथ खाद्य एवं औषधि प्रशासन मुख्यालय से तीन असिस्टेंट स्टेट ड्रग्स कंट्रोलर्स परविंदर सिंह, करण सिंह गोदारा और राकेश दहिया भी उपस्थित रहे। छापेमारी अभियान सिरसा ज़िले के कई क्षेत्रों जैसे कालांवाली, बडागुढ़ा, डबवाली, रानियां, ऐलनाबाद और सिरसा शहर में एक साथ चलाया गया। निरीक्षण कल सुबह 11:30 बजे शुरू होकर शाम 6:00 बजे तक जारी रहा। इस अभियान के दौरान 67 मेडिकल दुकानों का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार 16 दुकानें रिकॉर्ड प्रस्तुत न करने और अन्य उल्लंघन पाए जाने पर सील की गई। अभियान के दौरान 15 सैंपल लिए गए। गड़बड़ी पाए जाने वाली सभी दुकानों को शो कॉज नोटिस जारी किए जाएंगे और आगे की कार्रवाई ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 एवं नियम 1945 के तहत की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि नशीली दवाओं का अवैध व्यापार किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### राज्य सरकार नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने आज हरियाणा सिविल सचिवालय, चंडीगढ़ स्थित अपने कार्यालय में राज्यभर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। आरती सिंह राव ने प्रत्येक व्यक्ति से धैर्यपूर्वक उनकी समस्या का विवरण सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों का समय पर समाधान करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समस्याएं सुनते समय मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## अंबाला छावनी व शहर के मध्य परिवहन सेवा का होगा सुदृढ़ीकरण : विज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी व शहर के मध्य लोगों की आवाजाही काफी अधिक है इसलिए उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए लोकल व शहरी बस सेवा का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। विज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। अंबाला छावनी में पांच नई इलेक्ट्रिक एसी बसें लोकल बस सेवा में शामिल होने पर परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी में पिछले कई वर्षों से लोकल बस सेवा बंद थी और उन्होंने परिवहन मंत्री बनते ही यह सेवा बहाल कराई है। उन्होंने कहा कि 25 बसें अंबाला शहर, अम्बाला कैंट व आसपास गांवों में अपनी परिवहन सेवाएं दे रही हैं, जिससे जनता को अच्छी परिवहन सुविधा मिल रही है। इनमें ज्यादातर इलेक्ट्रिक वातानुकूलित बसें हैं, कुछ छोटी बसें हैं जोकि विभिन्न छोटे रूटों पर आवागमन करती हैं। अंबाला छावनी में सदर क्षेत्र के बाद छावनी के अन्य क्षेत्रों में भी स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज सिस्टम लगाने की प्रशासनिक स्वीकृति मिलने पर विज ने कहा कि हमने पूरे सदर क्षेत्र में पहले स्ट्रॉम वॉटर पाइप लाइन डलवा दी थी, जो कि कामयाब रही है।

## लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया पंचकूला ऑफिस में लंगर



**अनंत ज्ञान, पंचकूला**

गुरु नानक देव जयंती (गुरु पर्व) के मौके पर पंचकूला ऑफिस, सेक्टर-2, पंचकूला में लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के स्टाफ द्वारा हलवा, पूरी, कढ़ी, चावल और चना का लंगर लगाया गया और बांटा गया।

इस मौके पर अशोक ठाकुर, सीनियर डिविजनल मैनेजर, एलआईसी ऑफ इंडिया, करनाल डिवीजन, हरियाणा और सीपी नंदवानी, सीनियर ब्रांच मैनेजर, लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया पंचकूला ऑफिस ने कहा कि गुरु पर्व का यह पवित्र दिन गुरु नानक देव जी को समर्पित है। यह दिन गुरु पर्व और गुरु नानक प्रकाश उत्सव पूरी तरह से गुरु नानक देव जी की जयंती को समर्पित है, जो 1469 में सिख धर्म के संस्थापक थे। कॉमरेड अमरजीत कुमार के अनुसार, लंगर सेवा यानी सभी को सामुदायिक भोजन कराना इस उत्सव का एक मुख्य हिस्सा है, जो गुरु नानक के समानता और सेवा के संदेश को दर्शाता है। इस मौके पर सभी अधिकारी, कर्मचारी, डेवलपमेंट ऑफिसर, लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के सलाहकार, एजेंट, पॉलिसी होल्डर भी मौजूद थे।

## प्रदेश में पारदर्शी व पेपरलेस रजिस्ट्रियों की दिशा में बड़ा कदम : विपुल गोयल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने प्रदेश में रजिस्ट्री प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल और भ्रष्टाचार रहित बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए ऑनलाइन रजिस्ट्री प्रणाली का शुभारंभ किया है। इस नई व्यवस्था के अंतर्गत नागरिक अब अपनी संपत्ति संबंधी रजिस्ट्री के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं तथा पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं पेपरलेस रूप में संपन्न होगी।

प्रणाली के पहले ही दिन प्रदेशभर में नागरिकों की उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया देखने को मिली। पहले दिन प्राप्त आवेदनों में से 109 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं, जो इस नई पहल की सफलता का प्रमाण हैं। इस अवसर पर हरियाणा के राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि हरियाणा सरकार का लक्ष्य नागरिकों को पारदर्शी, सुविधाजनक और समयबद्ध सेवाएँ प्रदान करना है। ऑनलाइन रजिस्ट्री प्रणाली से न केवल भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा बल्कि लोगों का कीमती समय और संसाधन भी बचेंगे। अब प्रदेश में सभी रजिस्ट्रियां पूरी तरह पारदर्शी और पेपरलेस होंगी। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा इस प्रणाली के माध्यम से डिजिटल इंडिया के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए सभी रजिस्ट्री प्रक्रियाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ा गया है।

नागरिक अब घर बैठे अपने दस्तावेज़ अपलोड कर सकेंगे, भुगतान ऑनलाइन कर पाएंगे और निर्धारित समय पर रजिस्ट्री की पुष्टि प्राप्त कर सकेंगे। राजस्व मंत्री ने इस परियोजना में जुड़े सभी अधिकारियों और तकनीकी टीम को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले समय में इस प्रणाली को और अधिक उपयोगी एवं नागरिक हितैषी बनाया जाएगा।

## नौ करोड़ से होगा जलघर का निर्माण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर ने मंगलवार को जींद विधानसभा क्षेत्र के खेड़ी, तलोडा, रायचंदवाला, दालमवाला, बोहतवाला, खोखरी, हैबतपुर, श्री राग खेड़ा, कंडेला, जीतगढ़, रूपगढ़, केरखेड़ी, अहिरका तथा अमरहेड़ी समेत लगभग 14 गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया।

ग्रामीणों ने जो भी समस्याएं डिप्टी स्पीकर के समक्ष रखी, उनके निदान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। डिप्टी स्पीकर के कैरखेड़ी गांव में पहुंचने पर गांव द्वारा मांगी गई तमाम मांगों को पूरा करने का आश्वासन देते हुए कहा कि गांव में जमीन उपलब्ध कराने पर नहर से पीने का पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इस परियोजना पर लगभग नौ करोड़ रुपये की धन राशि खर्च की जाएगी। इसी तरह हैबतपुर गांव में पार्क, शमशान घाट से रोड तक पक्का रास्ता, शहरी फीडर से बिजली देने, सोलर लाइट तथा गंदे पानी की निकासी जैसे काम करवाने के लिए मांग करने पर पूरा करवाने को आश्वस्त किया। डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि जींद की जनता उनके परिवार का हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि विकास कार्यों के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नही है। प्रदेश में सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने हर क्षेत्र में खजाना खोलने का कार्य किया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद जींद में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। सरकार का लक्ष्य प्रत्येक गांव और नागरिक तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचा कर हरियाणा को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाना है।

## स्वतंत्रता सेनानी परिवारों के विवाह अनुदान के नए निर्देश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों और भारतीय राष्ट्रीय सेना (आईएनए) के कर्मियों की पुत्रियों, आश्रित बहनों और पौत्रियों के विवाह पर दी जाने वाली 51,000 रुपए की आर्थिक सहायता योजना के सुचारू क्रियान्वयन के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी के अनुसार, यदि स्वतंत्रता सेनानी या आईएनए कर्मी और उनकी विधवा का निधन हो चुका है, तो उनके पुत्र या पुत्रवधू भी अपनी पुत्री (स्वतंत्रता सेनानी की पौत्री) के विवाह पर सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन विवाह की तिथि से छह माह के भीतर और अधिकतम 12 माह तक संबंधित उपायुक्त के माध्यम से किया जाएगा। जांच के बाद उपायुक्त आवेदन को मुख्य सचिव अनुमोदन के लिए भेजेंगे। भुगतान एडमिनिस्ट्रेटर जनरल और ऑफिशियल ट्रस्टी-कम-ट्रेजरर, चैरिटेबल एंडोमेंट्स हरियाणा द्वारा प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से किया जाएगा। नेशनल इन्फॉरमैटिक्स सेंटर को ऑनलाइन आवेदन प्रणाली विकसित करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे लाभार्थी आवेदन की स्थिति ऑनलाइन देख सकेंगे।

## देश-विदेश

## मेक्सिको में ड्रग माफिया पर एयर स्ट्राइक करेगा अमेरिका

**एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ड्रग तस्करी से निपटने के लिए मेक्सिको में अमेरिकी सेना और खुफिया अधिकारियों को भेजने की तैयारी कर रहे हैं। ये दावा अमेरिकी न्यूज चैनल एनबीसी न्यूज की रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट में दो मौजूदा और दो रिटायर्ड अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि इस मिशन में सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) भी शामिल हो सकती है। इन अधिकारियों के मुताबिक ट्रंप प्रशासन ने मेक्सिको में ड्रग कार्टेल्स को निशाना बनाने के लिए इस ऑपरेशन की प्लानिंग पर काम शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि इस संभावित मिशन से जुड़ी शुरुआती ट्रेनिंग शुरू हो चुकी है। प्लान के मुताबिक, मेक्सिको की जमीन पर भी ऑपरेशन हो सकता है, लेकिन अभी सेना भेजने का अंतिम फैसला नहीं लिया गया है।

**खुफिया एजेंसी सीआईए भी शामिल होगी**

रिपोर्ट के मुताबिक, अभी ट्रंप प्रशासन मिशन के दायरे और कार्रवाई करने के अधिकारों पर चर्चा कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस ऑपरेशन में अमेरिका की ज्वाइंट स्पेशल ऑपरेशंस कमांड की टीमें शामिल हो सकती हैं, जो सीआईए के अधिकार क्षेत्र में काम करेंगी। (अनंत ज्ञान)

### केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के खिलाफ एफआईआर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह के खिलाफ मंगलवार को पटना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। ललन पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप है। दरअसल, ललन सिंह ने सोमवार को जदयू प्रत्याशी और बाहुबली नेता अनंत सिंह के लिए प्रचार किया था। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए उनका एक वीडियो वायरल हुआ।

इसमें उन्हें कहते सुना गया- यहां कुछ नेता है, जिनको चुनाव के दिन निकलने मत दीजिएगा। घर में ही बंद कर दीजिएगा। हाथ-पैर जोड़ें तो कहिएगा हमारे साथ चलकर वोट दीजिए और घर में बैठिए। (अनंत ज्ञान)

## ट्रंप ने दी धमकी, भारतवंशी ममदानी को चुना, तो फंडिंग बंद

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**



**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने को चेतावनी दी कि अगर डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जोहरन ममदानी न्यूयॉर्क के मेयर चुनाव में जीत हासिल करते हैं, तो उनका प्रशासन न्यूयॉर्क सिटी की फंडिंग में कटौती कर देगा। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करते हुए यह भी कहा कि वे स्वतंत्र उम्मीदवार और पूर्व गवर्नर एंड्रयू क्युओमो का समर्थन करते हैं और अपने समर्थकों से उन्हें ही वोट देने की अपील की है।

'हमें मोदी को उसी तरह देखना चाहिए जैसे हम इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को देखते हैं। वे गुजरात 2002 के दंगों में मुसलमानों के खिलाफ हुई हिंसा के जिम्मेदार रहे हैं।' 'अरबपति जैसी कोई चीज ही नहीं होनी चाहिए। दुनिया में इतनी असमानता है। यहां किसी के पास भी इतना पैसा नहीं होना चाहिए।' ट्रंप ने लिखा कि अगर ममदानी न्यूयॉर्क सिटी के मेयर चुनाव जीतते हैं, तो यह बहुत ही असंभव है कि मैं संघीय फंडिंग दूं, सिवाय उन न्यूनतम अनुदानों के जो कानूनी रूप से आवश्यक हैं। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा सांसद रवि किशन को धमकी देने का आरोपी लुधियाना से गिरफ्तार

**एजेंसी, गोरखपुर।** गोरखपुर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रवि किशन को फोन पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिनव त्यागी ने मंगलवार को बताया कि सांसद रवि किशन को फोन कर जान से मारने की धमकी देने के आरोपी अजय कुमार यादव को गोरखपुर पुलिस ने पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार किया है। वह लुधियाना के फतेहगढ़ इलाके का रहने वाला है। त्यागी के मुताबिक, यादव ने पूछताछ में पुलिस को बताया है कि उसने शराब के नशे में सांसद रवि किशन को फोन करके उन्हें धमकी दी थी।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कैंची धाम पहुंचकर किए बाबा नीब करौरी के दर्शन



**एजेंसी, नैनीताल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को प्रदेश में स्थित विश्वप्रसिद्ध आध्यात्मिक स्थल कैंची धाम में बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन किए। मुर्मु ने यहां पूजा-अर्चना कर राष्ट्र के लिए सुख, शांति, समृद्धि व जनकल्याण की कामना की। द्रौपदी मुर्मू देश की पहली राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने कैंची धाम पहुंचकर बाबा नींब करौरी के दर्शन किए मंदिर पहुंचने पर मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों ने राष्ट्रपति का पुष्पगुच्छ भेंट का स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) और कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### इंटरनेशनल ड्रग तस्कर के बेटे ऋषभ बसोया के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्कर वीरेंद्र बसोया के बेटे ऋषभ बसोया के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस 13,000 करोड़ के ड्रग मामले में भेजा गया है। दिल्ली पुलिस ने पहले ड्रग्स जब्त की थी और सिंडिकेट के सदस्य जस्सी को पंजाब में गिरफ्तार किया था। इस दौरान ऋषभ की गाड़ी से ड्रग्स बरामद की गई थी। जहां स्पेशल सेल की कार्रवाई के बाद वह विदेश भाग गया है। अब मामले की जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

### जहरीले कोल्ड्रिफ कफ सिरप मामले में आरोपी की पत्नी गिरफ्तार

**एजेंसी, छिंदवाड़ा।** 22 मासूमों की जान लेने वाले जहरीले कफ सिरप कांड में लंबे समय से फरार चल रही सहआरोपी ज्योति सोनी आखिरकार पुलिस के शिकंजे में आ गई। आरोपी डॉ. प्रवीण सोनी की पत्नी ज्योति पर साक्ष्य छिपाने और अपराध में सहयोग करने का आरोप है। वह परासिया में अपना मेडिकल स्टोर संचालित करती थी। सोमवार को एसआईटी टीम ने परासिया से उसे गिरफ्तार किया। डीएसपी जितेंद्र जाट ने बताया कि फरारी के दौरान ज्योति सोनी बेंगुलुरु और बनारस में छिपी रही। इसी दौरान उसने जबलपुर हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत के प्रयास भी किए थे। सूचना मिलने पर एसआईटी ने परासिया में दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया। ड्रग विभाग की जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ था कि ज्योति सोनी ने फॉर्मासिस्ट सौरभ जैन और न्यू अपना फार्मा संचालक राजेश सोनी के साथ मिलकर जहरीले कफ सिरप कोल्ड्रिफ के स्टॉक में हेराफेरी की और जानकारी छिपाई। (अनंत ज्ञान)

## पाकिस्तान से गोली चलेगी तो बिहार में बने गोले से मिलेगा जवाब : शाह

**एजेंसी, पटना**



**चंपारण** के मोतिहारी में मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अब भारत किसी की गोली का जवाब खामोशी से नहीं देगा, अगर पाकिस्तान से गोली चलेगी तो उसका जवाब बिहार में बने गोले से दिया जाएगा।

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग से पहले एनडीए ने आज अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पूर्वी चंपारण के मोतिहारी पहुंचे, जहां विशाल जनसभा को संबोधित किया। शाह ने कहा कि आने वाले दिनों में बिहार न सिर्फ विकास का केंद्र बनेगा, बल्कि देश की रक्षा उद्योग में भी अहम भूमिका निभाएगा। वहीं, चकिया में आयोजित सभा में शाह ने कहा कि अब भारत किसी की गोली का जवाब खामोशी से नहीं देगा. अगर पाकिस्तान से गोली चलेगी, तो उसका जवाब गोले से दिया जाएगा और वह गोला बिहार की धरती पर बनेगा। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक मजबूत राष्ट्र बन चुका है, जो अब आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर जवाब देने की क्षमता रखता है. उन्होंने कहा, 'मोदी ने देश को सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सम्मान की नई ऊंचाई दी है। बिहार का डिफेंस कॉरिडोर इस आत्मनिर्भर भारत का अहम हिस्सा बनेगा। (अनंत ज्ञान)

### सोने के दाम में 861 रुपए गिरावट, चांदी भी हुई सस्ती

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में गिरावट आई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम सोना 861 रुपए गिरकर 1,19,916 रुपए पर आ गया है। इससे पहले सोने की कीमत 1,20,777 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी 3,500 रुपए कम होकर 1,45,800 रुपए प्रति किलोग्राम आ गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,49,300 प्रति किलोग्राम थी। 17 अक्टूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए और चांदी ने 1,78,100 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। सोने की कीमतों में 3% जीएसटी, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इस साल अब तक सोने की कीमत 43,754 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,19,916 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 59,783 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी। (अनंत ज्ञान)

### सोनीपत में कोच रामकरण की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी, सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत में पूर्व नगर पालिका चेयरमैन और क्रिकेट कोच की देर रात हत्या कर दी गई। गन्नौर में चुनावी रंजिश में पूर्व क्रिकेट कोच रामकरण को को गोलियां मारी गईं। चुनावी रंजिश में इस घटना को अंजाम दिया गया है।

आरोपी सुनील उर्फ लंबू ने जैन गली के पास उनकी गाड़ी रोकी और वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गया गया। आरोपी की पत्नी को रामकरण की बहू ने चुनाव में हराया था। आरोपी सुनील उर्फ लंबू पूर्व रूप से नगर पालिका के कार्यवाहक चेयरमैन रह चुका है। (अनंत ज्ञान)

**विकल्प की तलाश** आईएसआई और दाऊद गैंग ने दुनिया से बचने के लिए बुना जाल

## बांग्लादेश बना नया नार्को हब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**नशीले** पदार्थ लंबे समय से आईएसआई के लिए अपने टेरर इंफ्रास्ट्रक्चर को फंड करने का एक बड़ा जरिया रहे हैं। इस बीच भारतीय एजेंसियां आईएसआई समर्थित दाऊद इब्राहिम के पूरी तरह से कंट्रोल वाले नशीले पदार्थों के बिजनेस पर शिकंजा कस रही हैं।

नतीजतन डी कंपनी को अपना नेटवर्क बढ़ाना पड़ रहा है ताकि नुकसान की भरपाई कर सके। डी-सिंडिकेट ने अब बांग्लादेश में अपना अड्डा बना लिया है और नशीले पदार्थों के व्यापार को और बढ़ाने के लिए सऊदी अरब में भी विस्तार की योजना बना रहा है। भारत में सिंडिकेट के लिए काम करना मुश्किल होता जा रहा है, इसलिए बांग्लादेश उसके लिए ड्रग्स के व्यापार को बढ़ाने के लिए एकदम सही जगह है। आईएसआई ने डी-सिंडिकेट को निर्देश दिया है कि वह भारतीय बाजार में ड्रग्स पहुंचाने के लिए बांग्लादेश को मुख्य केंद्र के रूप में इस्तेमाल करे। वहां की वर्तमान अंतरिम सरकार का पाकिस्तान के प्रति रवैया दोस्ताना है, और आईएसआई इसी स्थिति का पूरा फायदा उठा रहा है। आईएसआई ने दाऊद गैंग से यह भी कहा है कि वह बांग्लादेश का इस्तेमाल सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पश्चिमी और मध्य पूर्वी देशों में भी ड्रग्स की तस्करी के लिए करे। डी-सिंडिकेट ने पहले ही अलग-अलग बाजारों में ड्रग्स की तस्करी के लिए मॉड्यूल और कई अन्य चैनल बनाना शुरू कर दिया है। गैंग ने ड्रग्स के व्यापार को अंजाम देने के लिए बड़ी संख्या में युवाओं की भर्ती भी की है। इसने म्यांमार से ऑपरेट होने वाले ड्रग माफिया के साथ भी गठबंधन किया है। इंटेलिजेंस ब्यूरो के एक अधिकारी का कहना है कि बांग्लादेश में ऑपरेशन का पैमाना बहुत बड़ा होगा। आईएसआई नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले में बांग्लादेश को अपना मुख्य ऑपरेटिंग सेंटर बनाने के लिए सभी संभावित संसाधनों का इस्तेमाल करेगा। (अनंत ज्ञान)

## बेगुनाह भारतीय 43 साल अमेरिकी जेल में रहा

### बरी होते ही देश छोड़ने का फरमान था, अब अदालतों ने रोक लगाई

**एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी**



**अमेरिका** में 43 साल तक गलत आरोप में जेल में रहे भारतीय मूल के सुब्रमण्यम वेदम को फिलहाल राहत मिली है। दो अलग-अलग अदालतों ने फिलहाल उनके डिपोर्टेशन यानी भारत भेजने पर रोक लगा दी है।

सबसे पहले एक इमिग्रेशन जज ने सोमवार को उनकी डिपोर्टेशन पर स्टे (स्थगन) दिया है, जब तक कि बोर्ड ऑफ इमिग्रेशन अपील यह तय न कर ले कि क्या उनका मामला दोबारा सुना जाए या नहीं। दूसरी तरफ यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट पेनसिल्वेनिया में ने भी उसी दिन उनके डिपोर्टेशन प्रक्रिया को हटाने का आदेश दिया। एनबीसी न्यूज के मुताबिक अब मामला इमिग्रेशन अपील बोर्ड में जाएगा, जिसका फैसला आने में कुछ महीने लग सकते हैं। 64 साल के वेदम को इसी साल 3 अक्तूबर को रिहा किया गया था। वे अमेरिकी राज्य पेंसिलवेनिया के स्थायी निवासी हैं। 1980 में उनपर अपने क्लासमेट की हत्या का आरोप लगा था। हालांकि, वेदम ने हमेशा अपनी बेगुनाही का दावा किया, फिर भी उन्हें 1983 और 1988 में दो बार दोषी ठहराया गया और बिना पैरोल के आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। रिहाई के बाद जेल से निकलते ही इमिग्रेशन डिपार्टमेंट ने उन्हें फिर हिरासत में ले लिया था। वेदम अभी लुइजियाना के एक डिपोर्टेशन सेंटर में बंद हैं। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### पाकिस्तान ने महिला टीम के मुख्य कोच वसीम को किया बर्खास्त

**एजेंसी, कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हाल में भारत और श्रीलंका में खेले गए महिला एकदिवसीय विश्व कप में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद राष्ट्रीय महिला टीम के मुख्य कोच मुहम्मद वसीम को बर्खास्त कर दिया है। पाकिस्तान की टीम ने लाहौर में अप्रैल में क्वालीफायर में पहले स्थान पर रहकर विश्व कप में जगह बनाई थी, लेकिन वह आईसीसी के टूर्नामेंट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई तथा आठवें और अंतिम स्थान पर रही। पाकिस्तान ने अपने सभी मैच कोलंबो में खेले। फातिमा सना की अगुवाई वाली टीम ने चार मैच गंवाए, जबकि तीन मैच बारिश के कारण रद्द कर दिए गए। पीसीबी ने कहा कि वसीम का अनुबंध विश्व कप के साथ ही समाप्त हो गया था और बोर्ड ने इसे आगे न बढ़ाने तथा उनके स्थान पर नया मुख्य कोच नियुक्त करने का फैसला किया है। वसीम को पिछले साल महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। (अनंत ज्ञान)

### एलएसजी ने टॉम मूडी को वैश्विक क्रिकेट निदेशक नियुक्त किया

**एजेंसी, लखनऊ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर टॉम मूडी को इस टी20 लीग के आगामी सत्र के लिए अपना वैश्विक क्रिकेट निदेशक नियुक्त किया। आईपीएल में व्यापक अनुभव रखने वाले 60 वर्षीय मूडी सनराइजर्स हैदराबाद के दो बार मुख्य कोच रह चुके हैं। उन्होंने 2022 में ब्रायन लारा के मुख्य कोच बनने पर यह फ्रैंचाइजी छोड़ दी थी। एलएसजी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर मूडी की एक तस्वीर पोस्ट की जिसका शीर्षक है 'अनुभव। दृष्टि। नेतृत्व कौशल। सुपर जायंट्स यूनिवर्स में आपका स्वागत है, टॉम मूडी।' मूडी ने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से आठ टेस्ट और 76 एकदिवसीय मैच खेले। उन्होंने दोनों प्रारूपों में कुल मिलाकर 1667 रन बनाए और 54 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया के घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट शेफील्ड शील्ड में उनका प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 21000 से अधिक रन बनाए, जिसमें 64 शतक भी शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### इंग्लैंड की अन्या श्रब्सोल बनीं आरसीबी की नई गेंदबाजी कोच

**एजेंसी, नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग 2026 सीजन से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपने सपोर्ट स्टाफ में बड़ा बदलाव किया है। इंग्लैंड की पूर्व तेज गेंदबाज अन्या श्रब्सोल को टीम का नया बॉलिंग कोच नियुक्त किया गया है उनके साथ तमिलनाडु के पूर्व स्पिनर मालोलन रंगराजन अब टीम के हेड कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। यह बदलाव इसलिए किया गया है, क्योंकि पिछले कोच ल्यूक विलियम्स इस सीजन में उपलब्ध नहीं रहेंगे। वे ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग (बीबीएल) में एडिलेड स्ट्राइकर्स टीम के साथ व्यस्त रहेंगे। डब्ल्यूपीएल का कार्यक्रम भी इस बार थोड़ा बदला गया है। टूर्नामेंट 8 जनवरी 2026 से शुरू होकर फरवरी की शुरुआत तक चलेगा। रंगराजन आरसीबी के साथ पहले से जुड़े हैं रंगराजन आरसीबी के साथ पहले दिन से जुड़े हैं। उन्होंने कोच बेन सॉयर, माइक हेसन और ल्यूक विलियम्स के साथ काम किया है। 2024 में उनकी मौजूदगी में आरसीबी ने अपना पह4म्न डब्ल्यूपीएल खिताब जीता था। (अनंत ज्ञान)

### चार्लोट डी व्रीस का खूबसूरत अंदाज

**अमेरिका ।** चार्लोट डी व्रीस एक अमेरिकी फील्ड हॉकी खिलाड़ी हैं, जो ईगल्स और यूनाइटेड स्टेट्स नेशनल टीम के लिए मिडफील्डर और फॉरवर्ड के रूप में खेलती हैं। उन्होंने अप्रैल 2022 में अर्जेंटीना के खिलाफ प्रो लीग मैच के दौरान राष्ट्रीय टीम के लिए अपना सीनियर डेब्यू किया।



### जैक लीच ने सॉमरसेट के साथ करार बढ़ाया, ईसीबी सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर

**एजेंसी, लंदन।** इंग्लैंड के स्पिनर जैक लीच ने अपने काउंटी क्लब समरसेट के साथ नया करार किया है। उन्होंने यह फैसला तब लिया जब उन्होंने खुलासा किया कि इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से रिलीज कर दिया है। लीच ने अब तक इंग्लैंड के लिए 39 टेस्ट मैच खेले हैं। उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच पिछले साल पाकिस्तान दौरे पर था। इस सीज़न में वे काउंटी चैंपियनशिप में 50 विकेट लेने वाले एकमात्र स्पिनर रहे, लेकिन इसके बावजूद इंग्लैंड टीम में उनकी जगह अब विल जैक्स को बैकअप स्पिनर के तौर पर चुना गया है। लीच 2021-22 सीजन से ईसीबी के साथ सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में थे, लेकिन अब वे अपने होम क्लब समरसेट के साथ ही खेलना जारी रखेंगे। समरसेट ने सोमवार को घोषणा की कि लीच ने अपना करार दो साल बढ़ाकर 2028 तक कर लिया है।

इंग्लैंड ने अभी तक 2025-26 सीजन के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की घोषणा नहीं की है, लेकिन लीच ने बीबीसी से बातचीत में बताया कि उन्हें मैनेजिंग डायरेक्टर रॉब की ने सूचित किया था कि उनका कॉन्ट्रैक्ट नवीनीकृत नहीं किया जाएगा। लीच ने कहा, 'मेरा कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो गया था और रॉब की ने मुझे बताया कि मुझे एशेज स्क्वॉड में भी शामिल नहीं किया जाएगा। यह मेरे लिए बहुत निराशाजनक था क्योंकि यही मेरा लक्ष्य था। अब मैं खुद को बेहतर बनाने और दोबारा टीम में जगह बनाने की कोशिश करूंगा।' वहीं, लीच की जगह इंग्लैंड के मुख्य स्पिनर बने शोएब बशीर के समरसेट छोड़ने की संभावना है, क्योंकि उन्होंने इस सीजन में क्लब के लिए किसी भी प्रारूप में नहीं खेला। (अनंत ज्ञान)

# आईसीसी महिला विश्व कप टूर्नामेंट की टीम में मंधाना, जेमिमा और दीप्ति शामिल

**एजेंसी, दुबई**

**महिला** वनडे विश्व कप में भारत को चैंपियन बनने में अहम भूमिका निभाने वाली स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की मंगलवार को घोषित की गई टूर्नामेंट की टीम में शामिल किया गया है।

भारत ने रविवार को नवी मुंबई में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराया था। दक्षिण अफ्रीका की भी तीन खिलाड़ियों को टूर्नामेंट की टीम में जगह मिली है। इनमें उसकी कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट भी शामिल हैं, जिन्हें टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम का कप्तान चुना गया है। उन्होंने 71.37 की औसत से 571 रन बनाकर किसी एक विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। आईसीसी की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम की तीन खिलाड़ियों एनाबेल सदरलैंड, ऐश गार्डनर और लेग स्पिनर अलाना किंग को भी टीम में शामिल किया गया है।

**द.अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया की 3-3 खिलाड़ी भी शामिल**

पाकिस्तान की विकेटकीपर सिदरा नवाज टीम में शामिल एकमात्र ऐसी खिलाड़ी है जिनकी टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंची। इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन को भी टीम में शामिल किया गया है, जिनके अच्छे प्रदर्शन से उनकी टीम सेमीफाइनल तक पहुंची। उनकी हमवतन नैट स्किवर-ब्रंट को 12वें खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है। सलामी बल्लेबाज मंधाना ने 54.25 की औसत से एक शतक और दो अर्धशतक की मदद से 434 रन बनाए। वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर रही। रोड्रिग्स ने एक शतक और एक अर्धशतक की मदद से 58.40 की औसत से 292 रन बनाए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में नाबाद 127 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

दीप्ति ने अपने ऑलराउंड खेल से प्रभावित किया। उन्होंने 30.71 की औसत से 215 रन बनाने के अलावा 20.40 की औसत से 22 विकेट भी लिए। उन्होंने टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट हासिल किए। दीप्ति ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 58 रन बनाने के अलावा 39 रन देकर पांच विकेट भी लिए। उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। (अनंत ज्ञान)

**यह होगी टीम**

- स्मृति मंधाना (भारत)
- लौरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान) (दक्षिण अफ्रीका)
- जेमिमा रोड्रिग्स (भारत)
- मारिज़ेन काप (दक्षिण अफ्रीका)
- ऐश गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया)
- दीप्ति शर्मा (भारत)
- एनाबेल सदरलैंड (ऑस्ट्रेलिया)
- नादिन डी क्लार्क (दक्षिण अफ्रीका)
- सिदरा नवाज (विकेटकीपर) (पाकिस्तान)
- अलाना किंग (ऑस्ट्रेलिया)
- सोफी एक्लेस्टोन (इंग्लैंड)

**12वीं खिलाड़ी:** नैट स्किवर-ब्रंट (इंग्लैंड)।

## रयबाकिना पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में



**एजेंसी, रियाद**

**एलेना** रयबाकिना ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके इगा स्वियातेक को 3-6, 6-1, 6-0 से हराकर पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। एक अन्य मैच में अमांडा अनिसिमोवा ने भी शुरुआती सेट गंवाने के बाद अच्छी वापसी की और हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी मैडिसन कीज पर 4-6, 6-3, 6-2 से जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। अनिसिमोवा की जीत का मतलब है कि उनके और स्वियातेक के बीच बुधवार को होने वाला ग्रुप चरण का आखिरी मैच क्वार्टर फाइनल जैसा बन गया है। इस मैच में जीत दर्ज करने वाली खिलाड़ी सेमीफाइनल में प्रवेश करेगी। कीज लगातार दूसरी हार से अंतिम चार में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गई है। (अनंत ज्ञान)

## प्रीमियर लीग हॉल ऑफ फेम में शामिल हुए गैरी नेविल और ईडन

**एजेंसी, लंदन**

**प्रीमियर** लीग ने मंगलवार को इंग्लैंड के पूर्व डिफेंडर गैरी नेविल और बेल्जियम के पूर्व स्टार ईडन हजार्ड को प्रीमियर लीग हॉल ऑफ फेम में शामिल किए जाने की घोषणा की। हॉल ऑफ फेम का उद्देश्य 1992 में लीग की स्थापना के बाद से असाधारण सफलता हासिल करने वाले और लीग में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले खिलाड़ियों और प्रबंधकों को सम्मानित करना है। केवल वे खिलाड़ी और मैनेजर चुने जा सकते हैं, जो फुटबाल से संन्यास ले चुके हों।



इस वर्ष नेविल और हजार्ड को 24 मौजूदा हॉल ऑफ फेम सदस्यों के मतदान से चुना गया। अन्य प्रमुख सदस्यों में सर एलेक्स फर्ग्यूसन, आर्सेन वेंगर, पॉल स्कोल्स, डेनिस बर्गकैंप, विन्सेंट कंपनी और डिडिएर ड्रोग्बा जैसे महान खिलाड़ी शामिल हैं। गैरी नेविल ने अपने चयन पर खुशी जाहिर करते हुए एक बयान में कहा कि 'यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। जब आप उन नामों को सुनते हैं जो पहले से इस सूची में शामिल हैं-फुटबाल के दिग्गज-तो उनके साथ होना बहुत खास है। मैंने हमेशा मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की और यह सम्मान मेरे लिए गर्व का पल है।'

वहीं, ईडन हजार्ड ने कहा कि मेरे लिए, जो बेल्जियम के एक छोटे शहर ब्रेन-ले-कॉम्ट से हूं और जिसने सिर्फ मजे के लिए फुटबाल खेलना शुरू किया, यह सम्मान अविश्वसनीय है। प्रीमियर लीग हॉल ऑफ फेम में शामिल होना एक सपना जैसा है। यह उपलब्धि मेरे परिवार, साथियों, प्रशंसकों और दोस्तों सभी की है। गैरी नेविल ने अपना पूरा करियर मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ बिताया। वे क्लब के स्वर्ण युग का अहम हिस्सा रहे और अपनी लीडरशिप, समझदारी और निरंतरता के लिए प्रसिद्ध थे। नेविल ने 1992 से 2011 तक यूनाइटेड के लिए 400 प्रीमियर लीग मैच खेले, 100 से अधिक क्लीन शीट्स दर्ज कीं और 35 असिस्ट दिए। (अनंत ज्ञान)

## अंडर-19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी में खेलेंगे द्रविड़ के छोटे बेटे अन्वय

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ के छोटे बेटे अन्वय को बुधवार से हैदराबाद में शुरू होने वाली पुरुष अंडर-19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी के लिए मंगलवार को चार टीमों में से एक में शामिल किया गया। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज और विकेटकीपर अन्वय को इस टूर्नामेंट के लिए टीम सी में शामिल किया गया है। यह टूर्नामेंट प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है और युवा क्रिकेटरों को अपना कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की विज्ञप्ति के अनुसार, 'जूनियर चयन समिति ने पांच से 11 नवंबर, 2025 तक हैदराबाद में होने वाली आगामी आईडीएफसी फर्स्ट बैंक पुरुष अंडर-19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी के लिए टीमों का चयन किया है।' आरोन जॉर्ज की अगुवाई वाली टीम सी शुक्रवार को वेदांत त्रिवेदी की अगुवाई वाली टीम बी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

**टीम एः** विहान मल्होत्रा (कप्तान), अभिज्ञान कुंडू (उपकप्तान और विकेटकीपर), वंश आचार्य, बालाजी राव (विकेटकीपर), लक्ष्य रायचंदानी, विनीत वीके, मार्कंडेय पांचाल, सात्विक देसवाल, वी यशवीर, हेमचुदेशन जे, आरएस अंबरीश, हनी प्रताप सिंह, वासु देवानी, युधाजीत गुहा, इशान सूद।
**टीम बीः** वेदांत त्रिवेदी (कप्तान), हरवंश सिंह (उपकप्तान और विकेटकीपर), वाफी कच्छी, सागर विर्क, सायन पॉल, वेदांत सिंह चौहान, प्रणव पंत, अहित सलारिया (विकेटकीपर), बी के किशोर, अनमोलजीत सिंह, नमन पुष्पक, डी दीपेश, मोहम्मद मलिक, महामद यासीन सौदागर, वैभव शर्मा।
**टीम सीः** आरोन जॉर्ज (कप्तान), आर्यन यादव (उपकप्तान), अंकित चटर्जी, मणिकांत शिवानंद, राहुल कुमार, यश कासवांकर, अन्वय द्रविड़ (विकेटकीपर), युवराज गोहिल (विकेटकीपर), खिलान, कनिष्क चौहान, आयुष, हेनिल, लक्ष्मण प्रुथी, रोहित दास, मोहित उलवा। (अनंत ज्ञान)

## अंतरक्षेत्रीय टी20 टूर्नामेंट में उत्तर क्षेत्र की कप्तानी करेगी शेफाली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** की महिला वनडे विश्व कप में खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाली शेफाली वर्मा को मंगलवार से नगालैंड में शुरू हो रही सीनियर अंतरक्षेत्रीय टी-20 ट्रॉफी के लिए उत्तर क्षेत्र का कप्तान नियुक्त किया गया है।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को नवी मुंबई में खेले गए महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में 21 वर्षीय शेफाली ने 87 रन बनाने के अलावा 36 रन देकर दो विकेट भी लिए और उन्हें मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। भारत ने यह मैच 52 रन से जीत कर पहली बार विश्व कप अपने नाम किया। शेफाली को चोटिल प्रतिका रावल की जगह सेमीफाइनल से पहले टीम में दिया गया था। नगालैंड में चार से 14 नवंबर तक होने वाली सीनियर महिला अंतरक्षेत्रीय टी-20 ट्रॉफी में छह टीमें हिस्सा लेंगी। बीसीसीआई की क्षेत्रीय चयन समितियों ने अपनी-अपनी टीमों का चयन किया। (अनंत ज्ञान)

**टीमें**

**उत्तर क्षेत्रः** शेफाली वर्मा (कप्तान), श्वेता सहरावत (उप-कप्तान), दीया यादव, आयुषी सोनी, तानिया भाटिया (विकेटकीपर), एसएम सिंह, भारती रावल, बवनदीप कौर, मन्नत कश्यप, अमनदीप कौर, कोमलप्रीत कौर, अनन्या शर्मा, सोनी यादव, नाज़मा, नंदिनी।
**पश्चिम क्षेत्रः** अनुजा पाटिल (कप्तान), सयाली सतघरे (उप-कप्तान), पूनम खेमनार, धरानी थप्पेटला, तेजल हसब्निस, साइमा ठाकोर, हुमैरा काजी, इरा जाधव, किरण नवगिरे, अमृता जोसेफ, केशा पटेल, अर्शिया धारीवाल, उमेश्वरी जेठवा (विकेटकीपर), सिमरन पटेल, इशिता खले।
**दक्षिण क्षेत्रः** निकी प्रसाद (कप्तान), सब्बीनेनी मेघना (उप-कप्तान), कमलिनी जी (विकेटकीपर), वृंदा दिनेश, युवाश्री के, आशा सोभना, चल्लुरु प्रत्युषा, प्रणवी चंद्रा, सहाना पवार, सयाली अनिल लोनकर, मडीवाला ममता (विकेटकीपर), सजना सजीवन, मोनिका पटेल, शबनम शकील, अनुषा सुंदरेसन।
**मध्य क्षेत्रः** नुजहत परवीन (कप्तान और विकेटकीपर), निकिता सिंह (उपकप्तान), सिमरन दिलबहादुर, नेहा बडवाइक, अनुष्का शर्मा, वैष्णवी शर्मा, शुचि उपाध्याय, अनन्या दुबे, मोना मेश्राम, सुमन मीना, दिशा कसाट, संपदा, अंजलि सिंह, अमीषा, नंदनी कश्यप (विकेटकीपर)।

## रणजी ट्रॉफी में जायसवाल का 17वां शतक, टूर्नामेंट में 1000 रन पूरे

### राजस्थान के खिलाफ 120 गेंदों में सेंचुरी की

**एजेंसी, मुंबई।** रणजी ट्रॉफी के तीसरे राउंड के चौथे दिन मंगलवार को राजस्थान के खिलाफ यशस्वी जायसवाल ने मुंबई की ओर से दूसरी पारी में शतक जड़ा। उन्होंने इस पारी के दौरान इस टूर्नामेंट में अपने 1,000 रन भी पूरे कर लिए हैं। इस मुकाबले की पहली पारी में यशस्वी ने फिफ्टी लगाई थी। यशस्वी ने 120 गेंदों में 11 चौकों की मदद से अपना शतक पूरा किया। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में यह उनका 17वां शतक है। वे नाबाद हैं।

रेड बाल क्रिकेट की पिछली चार पारियों में जायसवाल ने तीन फिफ्टी प्लस स्कोर किए हैं, जिनमें दो शतक शामिल हैं। यशस्वी जायसवाल ने रेड बाल क्रिकेट की पिछली चार पारियों में जायसवाल ने तीन फिफ्टी प्लस स्कोर किए हैं, जिनमें दो शतक शामिल हैं। यशस्वी जायसवाल ने रेड बॉल क्रिकेट की पिछली चार पारियों में जायसवाल ने तीन फिफ्टी प्लस स्कोर किए हैं, जिनमें दो शतक शामिल हैं। राजस्थान ने पहली पारी में 617 रन बनाए थे राजस्थान ने पहली पारी में 6 विकेट के नुकसान पर 617 रन बनाए थे। जवाब में मुंबई की पहली पारी 254 रन पर समाप्त हो गई। फॉलोऑन खेलते हुए मुंबई ने चौथे दिन लंच ब्रेक तक 2 विकेट पर 193 रन बना लिए हैं। राजस्थान अभी भी 170 रन से आगे है। पहले विकेट के लिए उन्होंने ने मुशीर खान (63) के साथ मिलकर 209 गेंदों में 149 रन की साझेदारी निभाई। पहली पारी में यशस्वी ने 67 रन बनाए थे मुंबई के लिए पहली पारी में यशस्वी जायसवाल ने 67 और मुशीर खान ने 49 रन बनाए। इसके अलावा शम्स मुलानी ने 32, तुषार देशपांडे ने नाबाद 25, हिमांशु सिंह ने 25 और कप्तान शार्दुल ठाकुर ने 18 रन बनाए। सरफराज खान 15 रन बनाकर आउट हुए। सिद्धेष लाड 8, आकाश आनंद 5 और अजिंक्य रहाणे 3 रन बनाकर आउट हुए। राजस्थान के लिए अजय कूकना ने 4 और अशोक शर्मा ने 3 विकेट लिए। (अनंत ज्ञान)

## सपने देखना बंद न करें, आपको नहीं पता किस्मत आपको कहां ले जाएगी: हरमनप्रीत कौर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बचपन में अपने पिता का बड़ा बल्ला थामकर क्रिकेट का ककहरा सीखने वाली हरमनप्रीत कौर ने सपने देखना कभी नहीं छोड़ा और भारत को पहला महिला विश्व कप खिताब दिलाने के बाद वह खुद को आभारी मानती हैं। नवी मुंबई में रविवार को खेले गए महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में भारत को 52 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने युवाओं को सलाह दी, 'सपने देखना कभी बंद मत करो। आप कभी नहीं जानते कि आपका भाग्य आपको कहां ले जाएगा।'

हरमनप्रीत ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा जारी किए गए वीडियो में कहा, 'जब से मैंने बचपन में अपनी पसंद-नापसंद का अंदाजा लगाना शुरू किया है, तब से मेरे हाथ में हमेशा बल्ला रहता है। मुझे आज भी याद है कि हम अपने पिताजी के किट बैग से एक बल्ला लेकर खेला करते थे। वह बल्ला बहुत बड़ा था।' उन्होंने कहा, 'एक दिन मेरे पिताजी ने मेरे लिए अपना एक पुराना बल्ला काटकर छोटा कर दिया। हम उससे खेला करते थे। जब भी हम टीवी पर मैच देखते थे, भारत को खेलते हुए देखते थे या विश्व कप देखते थे, तो मैं सोचती थी कि मुझे भी ऐसे ही मौके की ज़रूरत है। उस समय मुझे महिला क्रिकेट के बारे में पता भी नहीं था।' (अनंत ज्ञान)

## राइजिंग स्टार एशिया कप के लिए भारतीय टीम घोषित: वैभव सूर्यवंशी को मिला मौका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को राइजिंग स्टार एशिया कप के लिए इंडिया ए टीम की घोषणा कर दी। विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा को टीम की कप्तानी सौंपी गई है, जबकि पंजाब के ऑलराउंडर नमन धीर उपकप्तान होंगे। वहीं, युवा बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी को भी 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।

यह टूर्नामेंट 14 से 23 नवंबर तक कतर में खेला जाएगा। भारत को ग्रुप बी में ओमान, यूएई और पाकिस्तान ए के साथ रखा गया है। टीम 14 नवंबर को यूएई के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। मुकाबले वेस्ट एंड इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, दोहा में खेले जाएंगे। वहीं, ग्रुप ए में बांग्लादेश ए, हांगकांग, अफगानिस्तान ए और श्रीलंका ए की टीमें होंगी।



**भारत ए की टीम**

प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, नहल वडेरा, नमन धीर (उपकप्तान), सुर्यांश शेजगे, जितेश शर्मा (कप्तान/विकेटकीपर), रमनदीप सिंह, हर्ष दुबे, आशुतोष शर्मा, यश ठाकुर, गुरजपनीत सिंह, विजय कुमार वैषक, युधवीर सिंह चरक, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सुयश शर्मा।
**स्टैंडबाय खिलाड़ी:** गुरनूर सिंह बरार, कुमार कुशाग्र, तनुष कोटियन, समीर रिजवी, शेख राशिद। (अनंत ज्ञान)

## टिम सीफर्ट चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर

**एजेंसी, वेलिंगटन**

**न्यूजीलैंड** के विकेटकीपर-बल्लेबाज टिम सीफर्ट आगामी पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी दाहिनी तर्जनी अंगुली में फ्रैक्चर हुआ है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने मंगलवार को प्रेस रिलीज जारी कर इसकी पुष्टि की। सीफर्ट नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स की ओर से फोर्ड ट्रॉफी में वेलिंगटन फायरबर्ड्स के खिलाफ बल्लेबाजी के दौरान चोटिल हो गए थे। बाद में स्कैन में उनकी उंगली में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने सीफर्ट की चोट पर निराशा व्यक्त की।



उन्होंने कहा कि हम सभी टिम के लिए दुखी हैं। वह हमारी टी-20 टीम के अहम सदस्य हैं। शीर्ष क्रम पर उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग दोनों ही टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। उम्मीद है कि वह जल्द स्वस्थ होकर मैदान पर लौटेंगे। सीफर्ट की जगह मिच हाय को टीम में शामिल किया गया है। हाय अब तक न्यूजीलैंड के लिए 11 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं और उनके नाम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक पारी में सबसे ज्यादा 6 डिसमिसल्स का विश्व रिकॉर्ड भी है। कोच वॉल्टर ने कहा, 'मिच ने अब तक अपने सीमित अंतरराष्ट्रीय मौकों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वह एक उच्च स्तर के विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं और टीम में अच्छी गहराई का उदाहरण पेश करते हैं।' वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की यह टी20 सीरीज 5 नवंबर से ऑकलैंड के ईडन पार्क में शुरू होगी। (अनंत ज्ञान)

## अश्विन बोले- श्री चरणी की गेंदबाजी के कारण भारत ने जीता विश्व कप

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने आईसीसी महिला विश्व कप 2025 में भारत की युवा बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी के शानदार प्रदर्शन की जमकर तारीफ की है। 39 वर्षीय इस अनुभवी खिलाड़ी का मानना है कि इस युवा खिलाड़ी में भविष्य की सुपरस्टार बनने के सभी गुण मौजूद हैं। उन्होंने इस साल अप्रैल में भारत के लिए डेब्यू करने के बाद से उनकी सफलता के पीछे की तकनीकी प्रतिभा का विश्लेषण किया। इसके साथ ही विश्व कप में इस 21 वर्षीय युवा स्पिनर को भारत की जीत कारण भी बताया। श्री चरणी ने अपने पहले वनडे विश्व कप अभियान का अंत 9 मैचों में 27.64 की औसत से 14 विकेट लेकर किया है। नॉकआउट चरण में उनके शानदार प्रदर्शन भी शामिल हैं। चरणी ने दबाव में भी अपना धैर्य बनाए रखा और सेमीफाइनल में 49 रन देकर 2 और फाइनल में 48 रन देकर 1 विकेट हासिल किया, जिससे भारत को ऐतिहासिक खिताब जीतने में मदद मिली। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि श्री चरणी ने विश्व कप को बेहद शानदार प्रदर्शन किया। वह भारत के इस विश्व कप जीतने का सबसे बड़ा कारण है। (अनंत ज्ञान)

## वनडे क्रिकेट में यूएसए ने रचा इतिहास, यूएई 243 रनों से हारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**युनाइटेड** अरब अमीरात (यूएई) और युनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका (यूएसए) के बीच सोमवार रात एक वनडे इंटरनेशनल मुकाबला खेला गया। आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग टू 2023-27 के तहत खेले गए इस मैच में मेजबान यूएई के खिलाफ यूएसए रनों के अंतर बड़ी जीत दर्ज करते हुए वनडे क्रिकेट में इतिहास रच दिया है। हालांकि, यूएसए महज 28 के स्कोर पर शुरुआती 3 विकेट गंवा चुकी थी। इसके बाद चौथे विकेट के लिए 264 रनों की साझेदारी हुई और यूएई के सामने 293 रनों का बड़ा लक्ष्य रख दिया। इसके जवाब में मेजबान यूएई की पूरी टीम महज 49 रनों पर ढेर हो गई। यूएई क्रिकेट टीम के कप्तान आलीशान शराफु ने टॉस जीतकर पहले यूएसए को बल्लेबाजी का न्योता दिया। उनका ये फैसला शुरुआत में तब सही साबित होता नजर आया, जब यूएई ने महज 28 रनों के भीतर अपने तीन शीर्ष विकेट गंवा दिए। इसके बाद वह हुआ, जिसके बारे यूएई ने सोचा भी नहीं होगा। यूएसए के मिलिंद कुमार और सैतेजा मुक्कामल्ला के बीच चौथे विकेट के लिए 264 रनों की अटूट साझेदारी हुई। इस तरह यूएसए ने निर्धारित 50 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 292 रन स्कोर बोर्ड पर लगा दिए। मिलिंद ने नाबाद 123 और सैतेजा ने नाबाद 137 रन की दमदार पारी खेली। वहीं, यूएई की ओर से जुनैद सिद्दिकी दो विकेट लिए। 293 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेजबान यूएई से घरेलू दर्शकों टक्कर देने की उम्मीद थी, लेकिन यूएई ने यूएसए के सामने अपनी सरजमीं पर घुटने टेक दिए। यूएई की टीम 22.1 ओवर में सिर्फ 49 रन पर सिमट गई और इस तरह यूएसए ने 243 रनों के बड़े अंतर से ऐतिहासिक जीत दर्ज की। यूएई का सिर्फ एक बल्लेबाज ही दहाई के आंकड़े को छू सका। तीन बल्लेबाज शून्य तो इसके अलावा सभी बल्लेबाज सिंगल डिजिट में ही सिमट गए। (अनंत ज्ञान)